शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 73 | गुवाहाटी | रविवार, 8 अक्तूबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



प्रत्येक जिला में बनेगा अंबेडकर भवन : मंत्री पीयूष पेज 3
गगनयान मिशन : इसरो इस महीने के अंत तक नावरहित उड़ान परीक्षण के लिए तैयार पेज 4
जांच में हुआ खुलासा, स्मार्ट मीटरों में है गड़बड़ी पेज 5
राहुल गांधी की तुलना रावण से किए जाने पर कांग्रेसियों ने फूंका सरकार का पुतला पेज 8


# इजराइल-फिलिस्तीन में छिड़ी जंग

## हमास के रॉकेट हमले में सौ से अधिक इजरायली की मौत

## जवाबी कार्रवाई में 198 फलस्तीनी नागरिक ढेर

**यरुशलम ( हि.स. )।** इजरायल पर हमास के आतंकियों ने भारी मात्रा में रॉकेट दागे। इजरायल पर हुए हमास के रॉकेट हमले में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इजरायल के चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी हमले में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। इसके अलावा 908 घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले को युद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि हमास आतंकियों ने इजरायल पर हमला किया है। हम युद्ध के लिए तैयार हैं और उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। बता दें कि हमास आतंकियों के इस हमले को लेकर भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। उधर हमास आतंकियों के रॉकेट हमले के बाद अब इजरायल की जवाबी कार्रवाई जारी है। फलस्तीन का कहना है कि इजरायल की जवाब में गाजा में कम से कम 198 लोग मारे गए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय इस हमले में 1,610 लोग घायल हुए हैं और 198 लोगों की जान गई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के आतंकियों को इस हिमाकत का बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह गाजा पट्टी से इजरायल पर ताबड़तोड़ रॉकेट वर्षा शुरू हुई। इजराइल के अलग-अलग शहरों में रॉकेट हमलों से जबर्दस्त जन-धन की हानि हुई। कई इमारतों में आग लग गयी है। हमलों के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि इजराइल पर हमास का आतंकी हमला हुआ है। उन्होंने गाजा पट्टी पर मौजूद आतंकी संगठन हमास पर इजराइली वायुसेना की जवाबी कार्रवाई के बाद कहा कि इजराइल हमास को माकूल जवाब देगा। नेतन्याहू ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में देशवासियों से कहा कि हम युद्ध में हैं... किसी ऑपरेशन या राउंड में नहीं, बल्कि युद्ध में। आज सुबह हमास ने इजराइल और उसके नागरिकों के खिलाफ हैरान करने वाला जानलेवा हमला किया है। हम सुबह से ही इसमें लगे हुए हैं। मैंने सुरक्षा प्रतिष्ठानों के प्रमुखों को बुलाया है और सबसे पहले उन इलाकों को खाली करने का आदेश दिया है, जहां आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की गई। मैंने व्यापक रूप से भंडार को जुटाने का आदेश दिया है और कहा है कि हम उस ताकत के साथ जवाब दें जिसका दुश्मन को अंदाजा भी न हो। दुश्मन को इसकी अभूतपूर्व कीमत चुकानी होगी। हमास के वरिष्ठ कमांडर मोहम्मद जैफ ने बयान जारी कर *अल-अक्सा तूफान* ऑपरेशन -शेष पृष्ठ दो पर



## मुश्किल घड़ी में इजरायल के साथ खड़ा है भारत : पीएम

**नई दिल्ली।** इजरायल में हमास आतंकियों द्वारा भारी मात्रा में रॉकेट दागे गए। हमास के रॉकेट हमले में 40 इजरायली नागरिकों की मौत हो गई है। इस बीच पीएम मोदी ने इजरायल पर हुए आतंकी हमले की निंदा दी है। पीएम मोदी ने हमास आंतकियों के हमले के मद्देनजर इजरायल के प्रति एकजुटता व्यक्त की है। पीएम मोदी ने इजरायल पर हुए हमले को आतंकवादी हमला करार दिया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से स्तब्ध हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ित परिवारों के साथ हैं। इस कठिन घड़ी में हम इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े हैं। दरअसल, शनिवार सुबह को गाजा पट्टी से आतंकी संगठन हमास द्वारा इजरायल की ओर भारी तादात में -शेष पृष्ठ दो पर

## जंग के बीच भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी



**नई दिल्ली।** इजराइल के दक्षिण में अभूतपूर्व युद्ध जैसे हालात को देखते हुए शनिवार को भारतीय दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों को *सतर्क रहने* और *सुरक्षा नियमों का पालन* करने की सलाह दी है। इजराइल पर आतंकवादी संगठन हमास के हमले में कम से कम 22 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सैंकड़ों लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने *युद्ध* की घोषणा करते हुए कहा है कि उनका देश दुश्मन से *अभूतपूर्व कीमत* वसूल करेगा। दूतावास ने अपने परामर्श में कहा कि इजराइल में वर्तमान स्थिति को देखते हुए, इजराइल में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा नियमों का पालन करें। कृपया सावधानी बरतें, अनावश्यक आवाजाही से बचें और सुरक्षित स्थलों के करीब रहें। परामर्श अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयाली और कन्नड़ भाषाओं में जारी किया गया है। दूतावास की वेबसाइट पर दिए गए विवरण के अनुसार, इजराइल में लगभग 18,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें मुख्य रूप से इजराइली बुजुर्गों, हीरा व्यापारियों, आईटी पेशेवरों और छात्रों की देखभाल करने के लिए नियुक्त लोग शामिल हैं। इजराइल में भारतीय मूल के लगभग 85,000 यहूदी भी हैं जो पचास और साठ के दशक में भारत से इजराइल गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमास उग्रवादियों के हमले के मद्देनजर शनिवार को इजराइल के प्रति एकजुटता व्यक्त की। मोदी ने इजराइल पर हुए हमास -शेष पृष्ठ दो पर


পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771


## केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने माजुली में आयुर्वेदिक अस्पताल का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने माजुली में आयुष स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को मजबूत करने और लोक कल्याण हासिल करने के लिए आज माजुली के श्रीराम चापरी में 50 बिस्तर वाले आयुर्वेदिक अस्पताल का उद्घाटन किया। इस नए अस्पताल में सर्जरी (सामान्य सर्जरी), प्रस्तुति तंत्र और प्रसूति एवं स्त्री रोग के साथ-साथ पंचकर्म, योग इकाई, इनफर्टिलिटी क्लिनिक, लाइफस्टाइल इंप्रूवमेंट के साथ त्वचा और कॉस्मेटिक क्लिनिक सहित कई प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं हैं। आईपीडी विंग में एक समय में 50 मरीजों के इलाज की सुविधा है। इस अवसर पर सोनोवाल ने कहा -शेष पृष्ठ दो पर



## बाढ़ : मुख्यमंत्री ने शहर के चारों ओर नदी तंत्र को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुवाहाटी और इसके आसपास के इलाकों को प्रभावित करने वाली बाढ़ की हालिया घटनाओं को संबोधित करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक ने बाढ़ से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिसमें वर्षा डेटा, उपग्रह इमेजरी और अन्य योगदान कारक शामिल थे, जिन्हें माननीय मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किया गया था। उभरती स्थिति के जवाब में, मुख्यमंत्री शर्मा ने सरकारी अधिकारियों को क्षेत्र में बाढ़ के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से शमन उपायों की एक -शेष पृष्ठ दो पर



## गुवाहाटी में रेड अलर्ट प्रशासन ने लोगों को किया सतर्क

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के बोरझार स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने खराब मौसम के बीच रेड अलर्ट जारी किया है। ज्ञात हो कि इसी बीच कामरूप (मेट्रो) जिला प्रशासन द्वारा भी लोगों को सतर्क किया गया है। शुक्रवार को ही एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया था। -शेष पृष्ठ दो पर


door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


## असम-नगालैंड सीमा पर सुरक्षा और कड़ी



**गुवाहाटी।** चरमपंथियों, असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर अंकुश लगाने और गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए असम-नगालैंड सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। दोनों सरकारों के अधिकारियों ने आज कहा कि उग्रवादी और असामाजिक तत्व कभी-कभी सीमा के दोनों ओर वन संसाधनों और वन्यजीवों के गैरकानूनी व्यापार सहित विभिन्न अवैध गतिविधियां करते हैं। असम के शिवसागर जिले के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) ने शिवसागर जिले के 5 किलोमीटर के क्षेत्र में रात का कर्फ्यू लागू कर दिया है, जो -शेष पृष्ठ दो पर

## राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य यजमान होंगे प्रधानमंत्री

**अयोध्या ( हि.स. )।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने बताया कि श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य यजमान होंगे। उन्होंने कहा कि भगवान रामलला अपने भव्य दिव्य मन्दिर के गर्भगृह में विराजमान हो जायें यही हम सब का प्रयास है। जगदगुरू शंकराचार्य श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के लिए काशी के विद्वान अयोध्या आऐंगे। रामलला की मूर्ति तैयार की जा रही हैं। समारोह के लिए 22 जनवरी की तिथि पर अमृत सिद्धि योग और सर्वाधिक सिद्धि योग मिल रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ -शेष पृष्ठ दो पर



## असम पुलिस में 5,563 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** आज असम पुलिस में 5,563 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने आज शोसल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि असम सरकार बेरोजगार युवाओं के रोजगार के लिए हमेशा जिम्मेदार है। हम जल्द से जल्द 1 लाख सरकारी नौकरियां देने के अपने वादे को पूरा करने जा रहे हैं। असम पुलिस में भर्ती के लिए 5 हजार 563 पदों के लिए विज्ञापन आज प्रकाशित किए गए हैं और अन्य विभागों में लगभग 15 हजार पदों के लिए अक्तूबर में ही विज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं राज्य के युवाओं से दिये गए लिंक के माध्यम से ही आवेदन करने की अपील करता हूं।

### सुप्रभात

*संयम विवेक देता है, ध्यान एकाग्रता प्रदान करता है। शांति, संतुष्टी और परोपकार मनुष्यता देती है।*

– ईश्वर चंद्र विद्यासागर

### न्यूज गैलरी

## सिक्किम : मेघालय के छात्रों को ले जाया गया शिलांग

**शिलांग।** बाढ़ प्रभावित सिक्किम में फंसे मेघालय के 26 छात्रों को सफलतापूर्वक निकाला गया। सभी छात्रों को शिलांग ले जा रहे हैं। बचाव अभियान में शामिल एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये 26 छात्र पांच वाहनों में सिक्किम के मजीतर से निकले और शुक्रवार आधी रात के आसपास पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी पहुंचे। इसके बाद शुक्रवार रात को ही सिलीगुड़ी से शिलांग तक उनके परिवहन के लिए एक -शेष पृष्ठ दो पर

## महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में अदालतों को होना चाहिए संवेदनशील : एससी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महिला अपराधों से जुड़े मामलों में सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि अदालतों को महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों की सुनवाई के दौरान संवेदनशील होना चाहिए। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को मामले में फैसला सुनाया था। साथ ही अदालत ने एक व्यक्ति और उसकी मां द्वारा अपनी पत्नी के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार करने की सजा के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया। बता दें कि पीड़ित पत्नी की जहर के कारण



मृत्यु हो गई थी। अपील खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अदालतों से यह उम्मीद की जाती है कि अदालतें अपराधियों को प्रक्रियात्मक अपूर्ण जांच या सबूतों में कमियों के कारण सजा से बचने नहीं देंगी। अगर ऐसा होगा तो पीड़ित पूरी तरह हतोत्साहित हो जाएंगे कि अपराधियों को सजा नहीं मिलेगी। बता दें कि शीर्ष कोर्ट ने यह फैसला उत्तराखंड हाई कोर्ट के मार्च 2014 के आदेश को चुनौती देने वाली दो दोषियों की अपील पर दिया है। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने इस मामले में निचली अदालत के फैसले -शेष पृष्ठ दो पर

## कोलोराडो के ग्रीन फ्यूनरल होम में 115 शव मिलने से सनसनी

**कैनन सिटी ( हि.स. )।** अमेरिका के कोलोराडो में एक ग्रीन फ्यूनरल होम में 115 शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि शवों के गलत तरीके से रखने की जांच की जा रही है। फ्रेमोंट काउंटी शेरिफ एलन कूपर ने बताया कि जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या यहां कुछ गलत हुआ है या कोई बड़ी लापरवाही की गई है। कोलोराडो के पेनरोज में रिटर्न टू नेचर फ्यूनरल होम में शवों की *हरित* अंत्येष्टि बिना केमिकल व ताबूत के किया जाता है। यह जांच फ्यूनरल होम वाली एक इमारत पर केंद्रित है, जहां स्थानीय निवासियों ने पुलिस को दुर्गंध आने की सूचना दी। पुलिस अधिकारियों को इमारत में बुलाया गया था। जब फ्रेमोंट काउंटी शेरिफ कार्यालय के अधिकारी तलाशी -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# सिक्किम : सेना के आठ जवानों के शव मिले, लापता सैनिकों की तलाश जारी

**गंगटोक।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सिक्किम में बाढ़ के बाद लापता हुए सैनिकों के एक समूह में शामिल आठ सैन्यकर्मियों के शव शनिवार को मिल गए हैं। सिंह ने *एक्स* पर एक पोस्ट में कहा कि वह सिक्किम में अचानक आई बाढ़ में कई लोगों की मृत्यु से बहुत दुखी हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल में सिक्किम में हिमनद झील के फटने से आई बाढ़ में आठ सैन्यकर्मियों सहित कई लोगों की मृत्यु से बहुत दुखी हूं। रक्षा मंत्री ने कहा कि लापता 23 सैनिकों में से एक को बचा लिया गया, जबकि आठ वीर सैनिकों के शव मिल गए हैं। राष्ट्र की सेवा के लिए अग्रिम क्षेत्रों में तैनात रहते हुए उनके बलिदान को भुलाया नहीं जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि शेष 14 सैनिकों और लापता नागरिकों को बचाने के लिए खोजबीन अभियान जारी है। बुधवार को अचानक आई बाढ़ के बाद सैनिक लापता हो गए थे। सिक्किम में बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गई। इस बीच, लापता 141 लोगों की तलाश का काम जारी है। भू राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव एवं राज्य राहत आयुक्त की ओर से शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार



बुधवार तड़के बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में आठ सैनिकों सहित 27 लोगों की मौत हो चुकी है और 25,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा बाढ़ से 1,200 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 13 पुल बह गए हैं। इस बीच, एक और सैनिक का शव पश्चिम बंगाल से शनिवार को बरामद हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि 27 लोगों में से चार की मंगन जिले में, छह की गंगटोक जिले में और नौ लोगों की मौत पाकयोंग में हुई। त्रासदी में आठ सैनिक भी मारे गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक विभिन्न इलाकों से 2,413 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। वहीं 6,875 लोगों ने राज्य भर में बनाए गए 22 राहत शिविरों में आश्रय ले रखा है। रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ से 26 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसमें कहा गया है कि अचानक आई बाढ़ से चार जिलों – मंगन, गंगटोक, पाकयोंग और नामची में 25,065 लोग प्रभावित हुए हैं। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने राज्य में अचानक आई बाढ़ में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि और राहत शिविरों में शरण लिए प्रत्येक व्यक्ति को दो-दो हजार रुपए की तत्काल राहत देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। हम नुकसान के बारे में सटीक विवरण नहीं दे सकते। इसका पता तब चलेगा, जब एक समिति गठित की जाएगी और वह अपना विश्लेषण पूरा करेगी। हमारी पहली प्राथमिकता फंसे हुए लोगों को बचाना और उन्हें तत्काल राहत प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों के बीच सड़क संपर्क टूट गया है और पुल बह गए हैं। उत्तरी सिक्किम में संचार सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि बरदांग इलाके से लापता हुए सेना के 23 जवानों में से आठ के शव निचले इलाकों के विभिन्न हिस्सों से बरामद किए गए हैं, जबकि एक को बचा लिया गया है और बाकी लापता जवानों की तलाश सिक्किम व उत्तर बंगाल में जारी है। रक्षा विभाग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, बरदांग में घटनास्थल पर सेना के वाहनों को कीचड़ से बाहर निकाल लिया गया है। इसमें बताया गया है कि तलाश अभियान में श्वान दल और विशेष राडार का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## पंजाबी गायिका जैसमीन को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से मिली जान से मारने की धमकी



**चंडीगढ़।** भारतीय मूल की अंतर्राष्ट्रीय पंजाबी गायिका जैसमीन सैंडलस को लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर विदेशी नंबरों से जान से मारने की धमकी मिली है। मिली खबर के अनुसार गायिका जैसमीन को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचते ही विदेशी नंबरों से धमकियां मिलनी शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि गायिका का शनिवार यानी आज दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में लाइव प्रोग्राम है। गायिक को धमकी भरे फोन कॉल में कहा गया है कि वे उन्हें जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मार देंगे। धमकी भरे फोन कॉल के बाद जैसमीन सैंडलस दिल्ली के एक 5 सितारा होटल में ठहरी हैं, जहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। खुफिया विभाग भी इस फोन कॉल पर मिलने वाली धमकियों के बाद अलर्ट हो गया है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने इससे पहले बॉलीवुड एक्टर सलमान खान समेत कई बड़े लोगों को जान से मारने की धमकी दी थी। सलमान खान को मारने में लॉरेंस गैंग तीन बार नाकाम हो चुका है और लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। दिल्ली पुलिस और एनआईए लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ कर रही है।

## लूटे गए पांच लाख रुपए सिटी पुलिस ने किया बरामद

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सिटी पुलिस द्वारा आज लूटे गए 5 लाख रुपए बरामद कर लिए गए। जानकारी के अनुसार गुवाहाटी के फटासील-आमबाड़ी थाना की डब्ल्यूजीपीडी टीम ने डकैती के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी बिजेंद्र ग्वाला नामक व्यक्ति के घर पर छापामारी की। छापेमारी के दौरान डकैती के दौरान लूटे गए 5 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता फैंसी बाजार में एचडीएफसी बैंक की शाखा से 5 लाख रुपए निकाल कर ले जा रहा था। उसका पीछा करके बैग छीन लिया गया था। पुलिस लुटेरे की तलाश कर रही थी। आखिरकार आज लुटा हुआ रुपया बरामद कर लिया गया।

## सेक्स रैकेट का मास्टरमाइंड अजगर अली गिरफ्तार

**बजाली ( हिंस )।** भवानीपुर बजाली में आज सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया गया। बजाली पुलिस ने एक अभियान चलाकर सेक्स रैकेट चलाने के मामले में इसके मुख्य मास्टरमाइंड बरपेटा जिले के बिलासीपथार निवासी अजगर अली को गिरफ्तार किया। कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

## कछार में 8.5 करोड़ की याबा गोलियों के साथ 5 गिरफ्तार

**कछार ( हिंस )।** कछार में ड्रग्स के खिलाफ बीएसएफ, सीआरपीएफ और पुलिस के अभियान दौरान व्यापक सफलता मिली है। छापेमारी दल ने दो अलग-अलग अभियानों में 43 हजार याबा गोलियां जब्त की हैं। इनमें से 30 हजार गोलियां रामनगर बाईपास पर बीएसएफ और तारापुर पुलिस की छापेमारी में जब्त की गईं। पुलिस ने इन गोलियों को उस समय जब्त कर लिया जब उन्हें बिक्री के लिए लाया जा रहा था। घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान मुजीबुर रहमान और शहरुल रहमान के रूप में हुई है। दूसरी ओर, जब्त वाहनों संख्या (एएस-01डी-4788, एएस-11एस-2703 और एएस-11डब्ल्यू-0497) है। एक अन्य अभियान में कलैन पुलिस और सीआरपीएफ ने धुमकर से 13 हजार याबा गोलियां जब्त कीं। गोलियों के साथ तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार लोगों में जाबिर हुसैन, रिजुल अहमद और साहिन अहमद बरभुइयां शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों स्थानों से जब्त की गई गोलियों की कीमत करीब 8.5 करोड़ रुपए है।

## मार्घेरिटा में 20 लाख से ज्यादा की संपत्ति जलकर राख

**तिनसुकिया ( हिंस )।** जिले के मार्घेरीटा क्षेत्र में लगी भीषण आग में 20 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज खाक हो गए। पुलिस ने बताया कि आग मार्घेरिटा उपमंडल



के पेंगेरी पुलिस थाने के अंतर्गत इनथेम मूंगंग गांव में लाचेंग गुडुंग के घर में लगी। माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के साथ-साथ सिलेंडर फटने की वजह से लगी। मार्घेरिटा से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची लेकिन तबतक घर पूरी तरह जल चुका था। स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा देने की गुहार लगाई है।

## कनाडा में प्लेन क्रैश, दो इंडियन पायलटों की मौत

**ओटावा।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के चिलिवैक शहर में हवाई अड्डे के पास एक छोटे विमान के शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त होने जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। कनाडा में प्लेन क्रैश में 2 इंडियन ट्रेनी पायलटों की भी मौत हो गई। दोनों मुंबई के रहने वाले थे। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पाइपर पीए-34 सेनेका, एक दो इंजन वाला हल्का विमान, स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग दो बजे (2100 जीएमटी), पर हवाई अड्डे से लगभग एक किलोमीटर दूर एक मोटल के बगल में गिर गया। दुर्घटना में पायलट सहित विमान पर सवार सभी लोगों की मौत हो गयी। इस बीच, कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांचकर्ताओं को नियुक्त किया है।

## नरेंद्र मोदी स्टेडियम उड़ाने की धमकी के बाद गुजरात पुलिस अलर्ट

**अहमदाबाद ( हि.स. )।** एनआईए और मुंबई पुलिस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने और नरेंद्र मोदी स्टेडियम को उड़ाने की धमकी के बाद गुजरात पुलिस अलर्ट हो गई है। धमकी संबंधी ई-मेल भेजने वाले ने साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को छोड़ने की मांग की है।



इसे देखते हुए गुजरात पुलिस ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की है। अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस हरेक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। धमकी के बाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम की सुरक्षा की समीक्षा की गई है। स्टेडियम सहित तमाम स्थानों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। गुजरात पुलिस और पीएम की सुरक्षा संबंधित सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार वर्ल्डकप मैच से पूर्व भी नरेंद्र मोदी स्टेडियम के संबंध में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने ऑडियो-वीडियो के जरिए धमकी दी थी। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से जारी ऑडियो क्लिप में कहा गया था कि क्रिकेट वर्ल्डकप नहीं, बल्कि 5 अक्तूबर से टेरर वर्ल्ड कप शुरू होगा। यह दावा किया गया है कि यह ऑडियो पन्नू ने खुद जारी किया है। इस मामले में अहमदाबाद साइबर क्राइम के साथ देश की टॉप जांच एजेंसी मिलकर काम कर रही है। अहमदाबाद साइबर क्राइम ने खालिस्तानी समर्थक पन्नू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इस केस को देश की टॉप जांच एजेंसी एनआईए, रॉ, सेंट्रल आईबी जांच कर रही है।

# पृष्ठ एक का शेष

## इजराइल-फिलिस्तीन में ...

की शुरुआत की घोषणा की। जैफ ने दावा किया कि हमास ने 500 से अधिक मिसाइलों के साथ दुश्मन के ठिकानों, हवाई अड्डों और सैन्य किलेबंदी को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया कि आज का दिन दुश्मन को यह बताने का दिन है कि उसका समय समाप्त हो गया है। आज से सारी सुरक्षा व्यवस्था खत्म हो जाएगी। आज बंदूक रखने वाले हर व्यक्ति को बाहर निकलने की जरूरत है। इतिहास अपने सबसे चमकीले और महानतम पन्ने खोलता है। बयान में लेबनान, सीरिया, इराक और ईरान के लोगों से भी सभी मोर्चों व झंडों को एकजुट करने की अपील की गयी है। हमास ने कहा है कि इजरायली जेलों में फ़लिस्तीनी कैदियों के प्रति उठाए गए इजराइली सरकार के कदम के खिलाफ ये हमले शुरू किये गए हैं। गाजा से दागे गए रॉकेट इजराइल के अश्कलोन में गिरे हैं। इजराइल के केफ़र अवीव क्षेत्र में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई है। गाजा और उसके आसपास के साथ-साथ मध्य और दक्षिणी इजराइल- के तेल अवीव और पूर्वी यरुशलम तक अलर्ट सायरन बज रहे हैं। हमास की सशस्त्र शाखा ने कहा है कि ऑपरेशन के पहले 20 मिनट में गाजा पट्टी से इजराइल में 5,000 से ज्यादा रॉकेट दागे गए हैं। हमास ने कहा है कि हमने कब्जे (इजरायल) के सभी अपराधों को खत्म करने का फैसला किया है, जवाबदेह ठहराए बिना उत्पात मचाने का उनका समय खत्म हो गया है। इन हमलों के जवाब में इजराइल ने भी गाजा पट्टी में युद्ध की घोषणा कर दी है। इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने गाजा पट्टी से 80 किमी के दायरे में आपातकालीन स्थिति की घोषणा की है। उनके कार्यालय के अनुसार *विशेष स्थिति* सेना को सभाओं को प्रतिबंधित करने और क्षेत्रों को बंद करने की अनुमति देती है। प्रतिबंधित क्षेत्र में तेल अवीव और बेर्शेबा शामिल हैं। इजरायली सेना ने गाजा के साथ सीमा क्षेत्र के पास के निवासियों से भी घर के अंदर रहने का आग्रह किया है। इजराइल में वाहनों पर सवार सशस्त्र हमास सैनिकों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इजरायली सैन्य रेडियो रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलिस्तीनी हथियारबंद लोगों ने गाजा से इजरायल में *घुसपैठ* की है। इजराइल ने कहा कि उसने अपनी आयरन डोम रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया है। सोशल मीडिया से प्राप्त फुटेज से पता चलता है कि दक्षिणी इजरायली शहर अश्कलोन में कई इमारतों के पास आग लग गई है और घटनास्थल से धुएं का गुबार उठ रहा है। गोलियों की आवाजें सुनी जा सकती हैं। स्थानीय समय के मुताबिक शनिवार सुबह 06:30 बजे गाजा में कई स्थानों से रॉकेट दागे गए। इजराइली सेना ने देश के दक्षिण और मध्य क्षेत्रों में एक घंटे से अधिक समय तक सायरन बजाकर आम जनता को चेतावनी दी। सुरक्षाबलों की तरफ से अपील की गई है कि जनता बम शेल्टर यानी बंकरों में शरण ले। इजराइल के हवाईअड्डा प्राधिकरण के अनुसार निजी और खेल उड़ानों को छोड़ कर, दक्षिणी और मध्य इजराइल में कई हवाईअड्डे अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं, लेकिन तेल अवीव में बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा खुला रहेगा और सुरक्षा दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित होगा। इजराइल ब्रॉडकास्टिंग अथॉरिटी ने बताया है कि हमास के लड़ाकों ने इजराइल के सेडरोट में पुलिस स्टेशन पर कब्जा कर लिया है और गोलीबारी में कई लोग घायल हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार वकील आर्सेन ओस्ट्रोव्स्की ने बताया कि वे तेल अवीव में हैं और वहां अजीब सा सन्नाटा है। इजराइल के दक्षिण में गाजा की सीमाओं के आसपास हमास के दर्जनों आतंकवादियों की घुसपैठ के कारण स्थिति बेहद खतरनाक है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र की तरह, इजराइल जरूरी आत्मरक्षा के उपाय करने का हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय कानून भी उसे इसकी इजाजत देते हैं। इजराइल हमास को जड़ से खत्म करने के लिए हरसंभव कार्रवाई करेगा। कई अन्य कदम भी उठाए जाएंगे। गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इजराइल को भारत, फ्रांस, ब्रिटेन सहित कई देशों का समर्थन मिला है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मानवीय संकट की इस घड़ी में भारत इजराइल के साथ खड़ा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने इजराइल पर हो रहे आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इजराइल के साथ खड़े होने का भरोसा दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी इजराइल का साथ देने की बात कही है।

## मुश्किल घड़ी में ...

रॉकेट दागे गए। हमास ने इजरायल के कई शहरों को निशाना बनाया। इस हमले में अबतक 40 इजरायली नागरिकों की मौत हुई है। इसके अलावा सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। बता दें कि हमास के आतंकियों ने कई नागरिकों को बंधक भी बनाया है। फिलहाल इजरायल की ओर से हमास के ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई जारी है। इजरायली वायुसेना हमास के ठिकानों को निशाना बना रही है। पीएम नेतन्याहू ने हमास को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि हमास के आतंकी अंजाम को भुगतने के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि आज सुबह हमास ने इजरायल और उसके नागरिकों पर एक जानलेवा हमला किया। दुश्मन को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। हम युद्ध में हैं और हम इसे जीतेंगे।

## जंग के बीच भारतीय...

के हमले को *आतंकवादी हमला* करार देते हुए इसकी निंदा की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्थिति को लेकर कहा कि उनका देश युद्धरत है। मोदी ने कहा कि इजराइल में आतंकवादी हमलों की खबर से स्तब्ध हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ित परिवारों के साथ हैं। इस कठिन घड़ी में हम इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं। हमास के अभूतपूर्व रॉकेट हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को देश की जनता से कहा कि हम युद्ध में हैं। हमास की तरफ से भारी संख्या में रॉकेट दागे जाने और दक्षिणी इजराइल में चरमपंथियों की घुसपैठ के बाद नेतन्याहू ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने दावा किया कि हमास ऐसी कीमत चुकाएगा, जैसा उसने सोचा भी न होगा। नेतन्याहू ने कहा कि हम युद्ध में हैं। अभियान नहीं, बल्कि युद्ध छिड़ गया है। प्रधानमंत्री ने सेना को हमास के चरमपंथियों के घुसपैठ वाले शहरों को खाली करने का भी आदेश दिया, जहां चरमपंथियों और इजराइली सैनिकों के बीच गोलीबारी जारी है। इजराइली सेना ने कहा कि बड़ी संख्या में फलस्तीनी चरमपंथियों ने गाजा पट्टी से इजराइल में घुसपैठ की है और सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने घरों में रहने का सुझाव दिया गया है। फलस्तीनी चरमपंथियों ने शनिवार तड़के गाजा पट्टी से इजराइल पर हजारों रॉकेट दागे और अपने दर्जनों लड़ाकों की इजराइल की सीमा में घुसपैठ करा दी।

## केंद्रीय मंत्री सोनोवाल...

कि माजुली के बड़े इलाके में आयुष स्वास्थ्य सेवा का केंद्र बनने की काफी संभावनाएं हैं। यहां के समृद्ध औषधीय पौधों और परंपराओं के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा में शारीरिक और मानसिक उत्कृष्टता प्राप्त करने का साधन निहित है। उन्हें उम्मीद है कि आज उद्घाटन किया गया आयुर्वेदिक अस्पताल स्थानीय लोगों को बेहतर इलाज प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि असम में छह नए आयुष अस्पताल स्थापित करने की योजना है। कोलियाबार, मोरीगांव, कोकराझार और बाक्सा में 50 बिस्तर वाले चार अस्पताल स्थापित किए जाएंगे। वहीं, डिफू में 30 बिस्तर वाला और बजाली में 10 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि असम औषधीय पौधों और विभिन्न जीवन संभावनाओं से भरा राज्य है। असम में आयुष स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं जो असम की जीवन अर्थव्यवस्था के विकास को मजबूत करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री के साथ असम सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री केशव महंत, सांसद तपन कुमार गोगोई और प्रदान बरुवा, विधायक भुवन कुमार गम और नवकुमार की टीम के साथ जिला प्रशासन के उच्च अधिकारी और विभिन्न सत्रों के अध्यक्ष भी मौजूद थे।

## बाढ़ : मुख्यमंत्री ने ...

श्रृंखला को तेजी से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। एक्स से बात करते हुए, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सरकार के सक्रिय दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम शहर के चारों ओर नदी प्रणाली को मजबूत करेंगे, जिससे कम अवधि में भारी वर्षा के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब असम में लगातार भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) गुवाहाटी को निचले असम के कम से कम छह जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करना पड़ा है। आरएमसी गुवाहाटी के अनुसार, 6 अक्तूबर से 7 अक्तूबर, 2023 तक निचले असम के कोकराझार, दक्षिण शालमारा, चिरांग, बाग्सा, बरपेटा और धुबड़ी जिलों में भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुवाहाटी शहर लगातार बारिश के परिणामों से जूझ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ दिनों से कई निचले जिलों में बाढ़ आ गई है। बाढ़ ने सड़कों पर पानी भर दिया है, जो निवासियों और अधिकारियों दोनों के लिए नई चुनौतियां पेश कर रहा है।

## गुवाहाटी में रेड ...

मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, असम सहित गुवाहाटी शहर में अगले 24 घंटों में मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। इसलिए क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 24 घंटों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। केंद्र द्वारा विशेष रूप से शहर के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि शहर में शनिवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा।

## असम-नगालैंड सीमा ...

नगालैंड के साथ सीमा साझा करता है। एक जिला अधिकारी ने कहा कि शिवसागर जिले के भीतर असम-नगालैंड सीमा पार करने से असामाजिक तत्वों, चरमपंथियों और गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में रात का कर्फ्यू लागू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि रात्रि कर्फ्यू की अवधि के दौरान निर्दिष्ट क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह अथवा वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित है। असम नगालैंड के साथ 512 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है और अंतरराज्यीय सीमा के कई हिस्से विवादित हैं और दोनों राज्य अब विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। शीर्ष-स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला के बाद, 2021 में असम और नगालैंड सरकारों ने विवादित स्थलों से अपनी-अपनी सेनाएं हटा लीं। हालांकि दशकों पुराने नगालैंड और असम सीमा विवाद के मामले कई वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं, दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने कई बैठकें की हैं और मुद्दों को अदालत के बाहर सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। 1979, 1985, 2007 और 2014 में अलग-अलग घटनाओं में नगालैंड के सशस्त्र बलों के हमलों में कई लोग मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश असम की ओर से थे।

## राम मंदिर के प्राण ...

क्षेत्र ट्रस्ट की शनिवार को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले श्री मणिराम दास छावनी में दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष एवं श्री मणिराम दास छावनी महन्त नृत्य गोपाल दास के साथ ट्रस्ट के 15 सदस्यों में 12 सदस्य उपस्थित रहे। वहीं के. पाराशरण सहित तीन सदस्य वर्चअुली जुड़े। बैठक में मंदिर निर्माण की समीक्षा के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर मंथन किया गया। बैठक में मौजूद लोगों में अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास,जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती और कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि,महासचिव चंपत राय,सदस्यों में अयोध्या राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र, नृपेंद्र मिश्र, डाक्टर अनिल मिश्र, कामेश्वर चौपाल, डीएम अयोध्या नीतिश कुमार के अलावा महंत कमलनयन दास शास्त्री मौजूद रहे।

## महिलाओं के खिलाफ...

को कायम रखा था। निचली अदालत ने 2007 में दर्ज मामले में मृतका के पति और सास को दोषी ठहराया था। निचली अदालत ने मृतका के पति बलवीर सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 498-ए (एक विवाहित महिला के साथ क्रूरता करना) के तहत अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था। साथ ही मृतका की सास को आईपीसी की धारा 498-ए (किसी महिला के पति या पति के रिश्तेदार द्वारा उसके साथ क्रूरता करना) के तहत दोषी ठहराया गया था। शीर्ष अदालत में दी गई दलीलों के मुताबिक, मृतका का विवाह दिसंबर 1997 में बलवीर सिंह से शादी की थी। वहीं, जून 2007 में, उसके पिता ने एक मजिस्ट्रेट अदालत में एक आवेदन दायर किया था जिसमें मई 2007 में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी बेटी की मौत के संबंध में पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। बाद में मामले में एफआईआर दर्ज की गई और महिला के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया गया। सुनवाई के दौरान दोनों ने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है। ट्रायल कोर्ट में दोषी ठहराए जाने पर दोनों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। वहीं, हाईकोर्ट ने भी उनकी दोषसिद्धि की पुष्टि की। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि मौत का कारण जहर था।

## कोलोराडो के ग्रीन...

वारंट के साथ पहुंचे तो उन्होंने अनुचित तरीके से संग्रहीत अवशेष पाए। अधिकारियों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनका मानना है कि फिलहाल जनता के स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं है। एफबीआई प्रवक्ता विक्की मिगोया ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि कोई अपराध किया गया है या नहीं, यह जांच के अधीन है। कूपर ने कहा कि जांचकर्ता अंतिम संस्कार गृह संचालकों के संपर्क में हैं और वे सहयोग कर रहे हैं। पेनरोज शहर में लगभग 3,000 लोग रहते हैं। बता दें कि कोलोराडो कानून के तहत, ग्रीन फ्यूनरल कानूनी है, लेकिन राज्य कोड के लिए आवश्यक है कि 24 घंटे के भीतर दफन नहीं किए गए किसी भी शव को ठीक से रखा जाना जाना चाहिए। 73 वर्षीय जॉयस पावेटी जिनके घर की छत से अंत्येष्टि स्थल को देखा जा सकता है, उन्होंने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में सड़ी हुई गंध का अहसास हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने मान लिया था कि कोई जानवर मर गया है। रिकॉर्ड के अनुसार, रिटर्न टू नेचर की स्थापना छह साल पहले कोलोराडो स्प्रिंग्स में की गई थी। कंपनी की वेबसाइट की माने तो रिटर्न टू नेचर फ्यूनरल होम बायोडिग्रेडेबल ताबूत, कफन या बिना कुछ डाले शवों को दफनाने की सुविधा प्रदान करता है।

## सिक्किम : मेघालय के ...

बस की व्यवस्था की गई। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के सांग्मा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि मेघालय के 26 छात्रों को लेकर एक बस कल शाम सिलीगुड़ी के रास्ते सिक्किम के मजीतर से रवाना हुई, कोकराझार को पार कर गई है और शिलांग के रास्ते पर है। हमारे छात्रों को सुरक्षित देखकर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि सिक्किम में पढ़ रहे मेघालय के छात्रों ने सिक्किम की मौजूदा स्थिति के कारण घर वापस लौटने में सहायता के लिए उनसे संपर्क किया था। अधिकारी ने कहा कि सिक्किम में फंसे लोगों की मदद के लिए मेघालय सरकार ने एक हेल्पलाइन नंबर 1800 345 3644 जारी किया है। मंगलवार (3 अक्तूबर) देर रात उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई, जिसमें सात सैन्यकर्मियों सहित 26 लोग मारे गए। वहीं, 142 लोग लापता हैं। अचानक आई बाढ़ में 1,200 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, सुरम्य हिमालयी राज्य में 13 पुल भी बह गए है।

## ड्रग्स के साथ 6 तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने शनिवार को एक महिला समेत छह कुख्यात ड्रग्स तस्करों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। एसटीएफ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, आज सुबह छह ड्रग पेडलरों बिनोद मेधी (32), मार्शल सुतिंग (26) निवासी री-भोई (मेघालय), राज थापा (26) निवासी कामरूप (मेट्रो), बिकी लिंगदोह (18 वर्ष) निवासी री-भोई (मेघालय), डोंबोक (24) सोनापुर तथा सहारा बेगम (40) कामरूप (मेट्रो) को पकड़ा गया है। इनके कब्जे से 30 प्लास्टिक की शीशियां और तीन तंबाकू के बक्से बरामद किए गए, जिनमें 87.4 ग्राम संदिग्ध हेरोइन थी। 9 नग खाली शीशियां, एक खाली तंबाकू बॉक्स, 5 मोबाइल फोन, 47 सौ रुपए नकद और 4 सिरिंज जब्त किए गए। आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए आरोपितों को सोनापुर पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

# प्रत्येक जिला में बनेगा अंबेडकर भवन : मंत्री पीयूष

**गोलाघाट ( हिंस )।** असम सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने आज सोशल मीडिया के जरिए कहा कि डॉ. भीमराव राव अंबेडकर देश के संविधान निर्माता और आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक थे। अनुसूचित जाति के लोगों की आबादी वाले क्षेत्र में डॉ. बीआर अंबेडकर भवन के निर्माण की भारत सरकार की योजना के तहत राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की योजना के तहत राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय और उप-मंडलों में इस भवन के निर्माण की परियोजना शुरू की है। जहां अनुसूचित जाति की बड़ी आबादी है। इस पहल के एक भाग के रूप में,



मैंने (मंत्री ने) आज असम सरकार के अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग निदेशालय द्वारा अनुमोदित अनुदान के साथ सरूपथार में डॉ. बीआर अंबेडकर भवन का उद्घाटन किया और उद्घाटन समारोह में भाग लिया। अब से संगोष्ठियों, समुदाय के सांस्कृतिक, शैक्षिक आयोजनों, समुदाय के परिवारों के मांगलिक आयोजन, प्रतियोगिताओं, जागरूकता आदि कार्यक्रम यहां हो सकेंगे। इस अवसर पर विधायक विश्वजीत फूकन, भाजपा के जिला अध्यक्ष देव प्रदीप बोरा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांकु अंकुर बरुवा, अनुमंडल दंडाधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक, संबंधित विभागों के अधिकारी, प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

## एसआई जुनमणि हत्याकांड को लेकर टीएमसी अध्यक्ष रिपुन ने पुलिस पर लगाया आरोप

**गुवाहाटी ( हिंस )।** तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रिपुन बोरा ने एसआई जुनमणि राभा हत्याकांड को लेकर पुलिस पर आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि चोर कभी चोर को नहीं पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ही हत्या की है और इसकी जांच का काम भी पुलिस को ही सौंपा गया है। इसी से पता चलता है कि जांच की क्या रिपोर्ट आएगी। रिपुन बोरा ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि असम पुलिस और सीआईडी कितना दक्ष है, इसकी जानकारी इसी से मिलती है कि गाड़ी के अंदर स्थित मोबाइल फोन और रुमाल बरामद करने में 5 महीने का वक्त लग गया। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सीबीआई भी पुलिस ही है। सीबीआई वही करेगी जो मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा कहेंगे और केंद्रीय गृह मंत्री कहेंगे।

## बारह दिवसीय वायु सेना अटैचमेंट कैंप 2023 संपन्न



**गुवहाटी।** वायु सेना अटैचमेंट कैंप 2023 (25 सितंबर 2023 से 06 अक्तूबर 2023) एनईआर एयर विंग एनसीसी कैडेटों के लिए 12 दिवसीय वायु सेना अटैचमेंट कैंप 06 अक्तूबर 2023 को वायु सेना स्टेशन बोरझाड़ में संपन्न हुआ। एनसीसी निदेशालय एनईआर के निरंतर प्रयासों के एक भाग के रूप में, एयर विंग एनसीसी कैडेटों के ज्ञान को बढ़ाने और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए, एनईआर के विभिन्न एनसीसी एयर स्क्वाड्रन के 12 सीनियर डिवीजन एयर विंग कैडेटों को वायु सेना अटैचमेंट कैंप के लिए चुना गया था। शिविर के दौरान कैडेटों को ऑपरेशनल एयर बेस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। उन्हें विभिन्न परिचालन इकाइयों में सक्रिय ड्यूटी कर रहे भारतीय वायु सेना के कर्मियों के साथ सीधे बातचीत करने का भी मौका मिला।

## *प्रमोद हटाओ, बीटीसी बचाओ* : हग्रामा महिलारी



**कोकराझाड़ ( हिंस )।** बोडोलैंड क्षेत्र में बीते कई दिनों से लगातार आयोजित समारोह में लोगों की भीड़ से उत्साहित बोड़ो पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के प्रमुख हग्रामा महिलारी ने आज *प्रमोद हटाओ, बीटीसी बचाओ* का नारा लगाया। महिलारी ने कहा कि उनकी लड़ाई बोड़ोलैंड में यूपीपीएल प्रमुख प्रमोद बोड़ो को सत्ता से हटाने की है। इसके लिए वे एक आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। बाक्सा जिले के बरमा में पार्टी की एक बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए बीटीसी के पूर्व प्रमुख हग्रामा ने कहा कि उन्हें असम की राजनीति या राष्ट्रीय राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई बीटीआर में यूपीपीएल प्रमुख प्रमोद बोड़ो को सत्ता से हटाने का आंदोलन है। और, इसके लिए उन्होंने *प्रमोद हटाओ, बीटीसी बचाओ* का अपना स्पष्ट नारा दिया है। उन्होंने कहा कि अमृत कलश यात्रा हमारे बीटीसी का मुद्दा नहीं है। मैं बीटीसी की राजनीति में ही शामिल हूं। मैं दिसपुर की राजनीति या यहां तक कि राष्ट्रीय राजनीति में शामिल नहीं हूं। मैं केवल बीटीसी के लिए लड़ रहा हूं। हमें बीटीसी को बचाना है, और प्रमोद बोड़ो को हटाना है। यह हमारा आंदोलन है। हग्रामा महिलारी ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी अगले साल लोकसभा चुनाव के लिए कोई गठबंधन नहीं करेगी। महिलारी ने कहा कि बीपीएफ बोडोलैंड क्षेत्रीय क्षेत्र (बीटीआर) क्षेत्र से दोनों लोकसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ने जा रही है। उन्होंने आगे घोषणा की कि बीपीएफ कोकराझाड़ और दरंग-उदालगुड़ी लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन का कोई सवाल ही नहीं है। हम इंडी एलायंस के साथ गठबंधन नहीं कर रहे हैं। न ही हम एनडीए गठबंधन के साथ गठबंधन कर रहे हैं। हमने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है। हम दरंग-उदालगुड़ी और कोकराझाड़ दोनों लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। और जिस तरह का समर्थन मैं अपनी पार्टी के लिए देख रहा हूं, हम निश्चित रूप से दोनों सीटें जीतेंगे।

## बोमडिला में सेना की प्रदर्शनी

**इटानगर ( हिंस )।** अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग जिले में नागरिक-सैन्य सहयोग के मद्देनजर बोमडिला जिला प्रशासन ने *सेना की प्रदर्शन* नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 75 स्कूली छात्रों को टेंगा के बॉल ऑफ फायर आर्मी संग्रहालय में ले जाया गया है। आज कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान वेस्ट कामेंग के विभिन्न सरकारी स्कूलों के 76 छात्रों के एक समूह को संग्रहालय का निरीक्षण का अवसर मिला। अपनी यात्रा के दौरान, छात्रों को भारतीय सेना के समृद्ध इतिहास की तस्वीरों, हथियारों, उपकरणों, कलाकृतियों आदि की एक श्रृंखला को देखने का मौका मिला। इसके अतिरिक्त, भारतीय सेना ने ऐतिहासिक घटनाओं, विजयश्री और दिलचस्प तथ्यों के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिससे छात्रों के संग्रहालय दौरे के दौरान उनका शैक्षिक अनुभव समृद्ध हुआ। इस पहल का उद्देश्य वेस्ट कामेंग जिले के युवाओं के बीच हमारे देश के इतिहास और भारतीय सेना की समर्पित सेवा की गहरी समझ और सराहना को बढ़ावा देना है। नागरिक-सैन्य सहयोग के बैनर तले, पश्चिम कामेंग जिले में युवाओं को सशक्त बनाने के लिए विविध प्रकार के कार्यक्रम पाइपलाइन में हैं। आगामी पाठ्यक्रमों में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण, बेकिंग कौशल, सिलाई कक्षाएं, कंप्यूटर साक्षरता, ब्लॉक प्रिंटिंग और बहुत कुछ शामिल हैं।

## भारतीय अटल सेना महिला मोर्चा ने की गौ सेवा



**गुवाहाटी ( विभास )।** भारतीय अटल सेना महिला मोर्चा ने 7 अक्तूबर को गुवाहाटी गौशाला में गौ माता को सवामणी व गुड़ चाना खिलाकर सेवा दी। संयोजीका.. मधु लूणीया अनीता अग्रवाल थी। अध्यक्ष संतोष शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया गुलाब दुगड संतोष धनुका माया शर्मा अनीता अग्रवाल ज्योति जोधानी रीता अग्रवाल दीपिका जोशी रजनी शर्मा सरोज काकड़ा उपस्थित थी। इस आशय की जानकारी सचिव डिंपल शर्मा ने दी।

## रंगिया : संगीत ग्रुप ऑफ क्रिएशन का क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**रंगिया ( विभास )।** रंगिया की अग्रणी संगीत ग्रुप ऑफ क्रिएशन विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्य करती आ रही है। वहीं विगत चार वर्षों की तरह इस बार भी छात्र-छात्राओं के बौद्धिक और शैक्षिक विकास के लिए संगीत ग्रुप ऑफ क्रिएशन द्वारा स्व. बाणेश्वर देव शर्मा स्मारक राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार को रंगिया के ऐतिहासिक राईजमेल कृषक शहीद भवन प्रांगण में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्धघाटन ददरा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यक्ष तथा पत्रकार व लेखक परेश बैश्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कामरूप जिला अधिविद्या परिषद के रफीकुद्दीन अहमद और मध्य पांडुरी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष पार्थ प्रतिम डेका विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम का संचालन बजेंद्र मोहन शर्मा और अभिनेता पंकज पल्लव शर्मा द्वारा किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बहुत ही उत्साह के साथ



भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अभिनेता तथा संचालक पंकज पल्लव शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को आगामी 25 नवंबर को रंगिया के इतिहास प्रशिद्ध हरदत्त-बिरदत्त भवन प्रांगण में आयोजित होने वाले स्व. बानेश्वर देव शर्मा स्मारक राज्यिक कृति शिक्षक पुरस्कार प्रदान समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

## विश्वनाथ महाविद्यालय चुनाव में विद्यार्थी परिषद ने लहराया परचम

**विश्वनाथ ( विभास )।** असम के अग्रणी महाविद्यालय विश्वनाथ महाविद्यालय का आज हुए वित्तीय 2023-24 वर्ष का छात्र एकता सभा के चुनाव का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अखिल भारतीय विद्या परिषद ने तीन सीटों पर अपना परचम लहराया। इन तीन सीटों पर क्रमश: अध्यक्ष के रूप में करण आचार्य, उपाध्यक्ष के रूप में आकाशदीप बोरा, विशाल कानु, छात्र साधारण कक्ष के सचिव के रूप में विशाल कानु ने जीत



दर्ज की। इसके अलावा अखिल असम छात्र संस्था ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की। जिसमें साधारण सचिव के रूप में रक्तिम मेधी, कॉलेज पत्रिका के संपादक के रूप में हिमांशु सैकिया, गुरु खेल के सचिव ने रूप में रूपेसी तेरांग, संगीत व ललित कला के सचिव के रूप में डिप्लू हजारिका, उत्सव व सामाज सेवा के सचिव के रूप में चिन्मय बोरा, छात्रा साधारण कक्ष के सचिव के रूप में सुजाता तमांग, व्यायामशाला के सचिव के रूप में ऋषि बरहाई ने जीत दर्ज की। साथ ही सहायक साधारण सचिव, लघु खेल सचिव और तर्क व प्रवचन के सचिव निर्विरोध चुने गए। संध्या में चुनाव के परिणाम के बाद अखिल भारतीय विद्या परिषद और अखिल असम छात्र संस्था के विद्यार्थियों ने विश्वनाथ महाविद्यालय से जीत की जुलूस निकालते हुए विश्वनाथ चारिआलि शहर के चौराहे के बीचों बीच फटाके फुला जश्न मनाएं। जय श्रीराम और आसू जिंदाबाद की नारे लगाएं गए।

## रंगिया हरि मंदिर रास महोत्सव के रजत जयंती वर्ष का गीत रिलीज



**रंगिया ( विबास )।** रंगिया में सबसे आध्यात्मिक आयोजनों में से एक दक्षिण पश्चिम रंगिया श्रीश्री हरि मंदिर रास मोहोत्सव आगामी 27 नवंबर से 05 दिसंबर तक विभिन्न आकर्षक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। रंगिया के पदुम कुंवरि गांव पंचायत के अंतर्गत मोहखोली स्थित दक्षिण पश्चिम रंगिया श्री श्री हरि मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले क्षेत्रीय रास महोत्सव का इसबार रजत जयंती वर्ष है। इस अवसर पर, बुधवार को दक्षिण पश्चिम रंगिया हरि मंदिर प्रांगण स्थित सभागृह में रास महोत्सव की पूर्व संध्या पर रुपाली जयंती समारोह के संयोजन में भक्तों के लिए एक भक्तिपूर्ण *हरि ध्वनि* शीर्षक गीत की प्रस्तुति की गई है। जिसके शुभारंभ समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष तथा रंगिया के स्थानीय विधायक भवेश कलिता ने भाग लिया और इस मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने रंगिया के लोगों को रास मोहोत्सव के रूपाली जयंती समारोह के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। गौरतलब है कि इसवर्ष असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा रास महोत्सव में हिस्सा लेंगे। दूसरी ओर उक्त कार्यक्रम में रास महोत्सव आयोजन समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश चंद्र वैश्य, मुख्य सचिव जयराम हालोई, सचिव क्रमश: कमल कलिता, पंकज डेका, मुकेश लहकर सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## श्याम धाम डिब्रूगढ़ में धूमधाम से मनेगा आगामी कार्तिक मोहतसव : प्रवेश बजाज

**डिब्रूगढ़।** पूरे देश में कलयुग के देवता माने जाने वाले श्याम बाबा की धूम मच रखी हैं मानो जैसे बाबा के भक्तों में होड़ मच रखी हो अपने आराध्य बाबा श्याम को भक्ति भाव से रिझाने की, इसी कड़ी में श्री श्याम धाम डिब्रूगढ़ में आगामी कार्तिक मोहतसव की तैयारियां जोरो पर हैं, हमारे नगर संवादाता से बातचीत के दौरान श्री श्याम धाम डिब्रूगढ़ के संस्थापक सदस्य प्रवेश बजाज जिनके अथक प्रयासों के कारण डिब्रूगढ़ में बाबा का मंदिर बनपाया ने जानकारी दी की डिब्रूगढ़ में भी आगामी कार्तिक मोहतसव की तैयारियां जोरों पर हैं और भक्तों में इसे लेकर काफी उत्साह हैं, आगे उन्होंने जानकारी दी कि श्री श्याम धाम में कार्तिक मोहतसव के दौरान 23 और 24 नवंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसका आगाज 23 नवंबर को प्रात: 07.30 बजे बाबा की आरती से किया जाएगा। तत्पशचत शाम 06.01 भव्य आरती, शाम 06.31 बजे से कोलकाता से पधारे अभिषेक शर्मा अपने मधुर भजनों से बाबा को रिझाएंगे अगले दिन 24 नवंबर को प्रात: 07.31 बजे बाबा श्याम की आरती होगी और प्रात: 08.01 बजे बाबा की ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएगी ततपश्चात प्रात: 09.01 बजे बाबा



को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया जाएगा, 10.01 बजे बाबा की भोग आरती की जाएगी जिसके बाद 10.31 बजे बाबा को सवामनी का भोग लगाया जाएगा, प्रात: 11.01 बजे से शाम 03.01 बजे तक बाबा का महाप्रसाद (भंडारा) चलेगा और संध्या 07.15 बजे बाबा की आरती की जाएगी, प्रवेश बजाज और अशोक अग्रवाल ने सभी श्याम भक्तों और प्रेमियों से बढ़-चढकर बाबा श्याम के इस महोत्सव में सहयोग करने की और सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर बाबा श्याम का आशीर्वाद ग्रहण करने का आग्रह किया।

## ताई अहोम महोत्सव में शरीक हुए मंत्री हजारिका

**गोलाघाट ( हिंस )।** ताई अहोम युवा परिषद असम की गोलाघाट जिला समिति के आतिथ्य में गोलाघाट के समन्वय क्षेत्र में आज आयोजित 7वें केंद्रीय सम्मेलन और ताई अहोम महोत्सव में राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका उपस्थित



हुए। उन्होंने कहा कि मैं समन्वय क्षेत्र के पवित्र मंच से लोगों के प्रति हार्दिक सम्मान व्यक्त करता हूं और उन सभी लोगों के प्रति हार्दिक प्रेम व्यक्त करता हूं जो ताई अहोम युवा परिषद के जन्म के समय से ही इससे जुड़े थे। जिसका गठन लगभग 28 वर्ष पहले मोरान में हुआ था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम सरकार समय-समय पर अहोमों के नेतृत्व के साथ-साथ साहस और नेतृत्व, सुशासन को भारतीय संदर्भ में अधिक जीवंत और चमकदार बनाए रखने के लिए दूरदर्शी कदम उठाती रही है। इसके साथ हम अहोम लोगों के कल्याण के लिए संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ लगातार संपर्क में रहकर समुदाय के कल्याण के लिए काम करने के लिए आगे आए हैं। इस बैठक में मंत्री के साथ इसके अध्यक्ष दिलीप गोगोई, नव निर्वाचित अध्यक्ष दिगंत तामुली, मंत्री अतुल बोरा, जोगेन मोहन, सांसद गौरव गोगोई, विधायक विश्वजीत फूकन, भाजपा के जिला अध्यक्ष देब प्रदीप बोरा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष सिद्धांकु अंकुर बोरा, विभिन्न राष्ट्रीय संगठनों के नेता आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर महिला बाइक अभियान आयोजित

**कोकराझार ( हिंस )।** राष्ट्रीय एकता दिवस 2023 के अवसर पर भारत की एकता, अखंडता एवं महिला सशक्तिकरण को प्रदर्शित करते हुए विश्व के सबसे बड़े अर्द्धसैनिक बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (केरिपुब) द्वारा देश के तीन अलग-अलग रास्तों उत्तर में श्रीनगर, दक्षिण में कन्याकुमारी तथा पूर्व में शिलांग से एकता नगर (गुजरात) तक सीआरपीएफ महिला बाइक अभियान का आयोजन 03-31 अक्तूबर तक किया गया है। जिसमें 30 बाइक पर 60 सीआरपीएफ महिला बाईकर्स 15 राज्यों, 02 केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरते हुए 10 हजार किमी की दूरी तय करेगी जो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण एवं देश की एकता का संदेश देगी। इस क्रम में शिलांग से प्रारंभ हुई सीआरपीएफ महिला बाइक अभियान ग्रुप केंद्र, केरिपुबल, गुवाहाटी, 136वीं वाहिनी केरिपुबल, नलवारी 10वीं वाहिनी केरिपुबल, बरपेटा 156वीं बटालियन, केरिपुबल, बंगाईगांव के रास्ते एकता



का संदेश देते हुए आज एफ / 129वीं बटालियन, केरिपुबल कैम्प, श्रीरामपुर पहुंची। जहां श मुख्य अतिथि बीटीसी के कार्यकारी पार्षद विल्सन हासदा तथा अन्य सीआरपीएफ के अधिकारी, असम पुलिस के अधिकारी आदि ने फ्लैग इन कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मनमदन कृष्णन, कमांडेंट-129वीं बटालियन द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

## मारवाड़ी सम्मेलन, गुवाहाटी शाखा ने लगाया नि:शुल्क आयुर्वेदिक शिविर

**गुवाहाटी ( विभास )।** मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी शाखा ने फैंसी बाजार सांगानेरीया एरिया धर्मशाला में नि:शुल्क आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन किया। जिसमें 58 लोगो ने इस सिविर का लाभ लिया। यह शिविर प्रोफेसर डॉक्टर ओपी गुप्ता एवम उनकी टीम के डॉक्टर पूनम शर्मा, डॉक्टर शालिनी जोशी, योगा टीचर के प्रशिक्षण निरंजन और हुमा दास ने अपना सहयोग दिया श्री बज्रांग आयुर्वेद आसाम, आइमिल फार्मा दिल्ली, हिमालय ड्रग्स बंगलौर, वाइटल केयर बेंगलौर, सीतारामआयुर्वेद चेन्नई टुडे नि:शुल्क दवाईया उपलब्ध कराई। सर्वप्रथम शाखा के उपाध्यक्ष प्रदीप भुवालका ने मंच गठन करवाते हुए डॉक्टर ओ पी गुप्ता, डॉक्टर पूनम शर्मा, डॉ. सुष्मिता जोशी शाखा अध्यक्ष शंकर बिड़ला,




मंडलीय उपाध्यक्ष सुशील गोयल कार्यक्रम संयोजक गौतम शर्मा मंच पर आमंत्रित किया। इसके पश्चात डॉक्टर गुप्ता ने अपने संबोधन में आज के युग में आयुर्वेदिक के फायदे बताये एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा ही सबसे बेहतर चिकित्सा की सलाह दी। मारवाड़ी सम्मेलन ने अपना आयुर्वेद का पहला शिविर लगाया है। कार्यक्रम संयोजक गौतम शर्मा ने अपने वक्तव्य मे कहा कि जिस प्रकार लोग आज आगे बढ़कर आर्युवेद शिविर में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने आगे भी ओर ऐसे शिविर लगवाने का आह्वान किया। आज शिविर को सफल बनाने हेतु शाखा के विकास जैन, गौरव सिवोटिया, अभिषेक केजरीवाल, संजीत धुत, विनोद कुमार जिंदल एवं प्रदीप पाटनी ने सहयोग दिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अध्यक्ष शंकर बिड़ला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। ये विज्ञप्ति शाखा के प्रचार मंत्री नरेंद्र सोनी द्वारा प्रेषित की गई।

# गगनयान मिशनः इसरो इस महीने के अंत तक मानवरहित उड़ान परीक्षण के लिए तैयार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** चंद्रयान, आदित्य एल वन के बाद अब अंतरिक्ष में गगनयान मिशन भेजने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को गगनयान यान के संबंध में सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी और तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि इसरो गगनयान मिशन के लिए मानवरहित उड़ान परीक्षण शुरू करेगा। फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) की तैयारी चल रही है, जिसमें क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन शामिल है। क्रू एस्केप सिस्टम यानी विकसित यान से अंतरिक्ष यात्रियों को निकालने की प्रणाली है, जिसका परीक्षण जल्दी ही किया जाएगा। गगनयान मिशन के तहत चार महत्वपूर्ण परीक्षण किए जाने हैं। जिसमें इस महीने परीक्षण यान टीवी-डी1 का परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद दूसरे परीक्षण यान टीवी-डी2 और पहले मानव रहित गगनयान (एलवीएम3-जी1) का परीक्षण किया जाएगा। उसके बाद परीक्षण यान मिशन (टीवी-डी3 और डी4) और एलवीएम3-जी2 को रोबोटिक पेलोड के साथ भेजने की योजना है। अंतिम चरण मानवयुक्त परीक्षण यान को लॉन्च करने का है। मिशन के बारे में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीवीएसएससी) के निदेशक एस उन्नीकृष्णन नायर ने गुरुवार को बताया था कि इससे जुड़े सभी वाहन प्रणालियां प्रक्षेपण के लिए श्रीहरिकोटा पहुंच चुकी हैं। इसके पहले चरण के तहत मानवरहित परीक्षण अक्टूबर के अंत तक किया जा सकता है।




**क्या है गगनयान मिशन** – इसरो का गगनयान मिशन भारत का पहला और दुनिया का चौथा अंतरिक्ष मानव मिशन है। इसके रॉकेट को जीएसएलवी मार्क-क्क्क में कुछ बदलाव करके बनाया गया है, जिसे एचएलवीएम-क्क्क नाम दिया गया है। इसमें इंसानों को ले जाने वाले कैप्स्यूल और आपात स्थिति में इजेक्शन सिस्टम जोड़ा गया है। गगनयान मिशन में 3,735 किलोग्राम वजन का एक स्पेसक्राफ्ट भी है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भ्रमण करने में मदद करेगा। इसे ऑर्बिटर मॉड्यूल भी कहा जाता है। गगनयान मिशन को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा। फिर यह करीब 3 दिनों तक पृथ्वी का परिक्रमा करेगा। इसके बाद इसके कैप्सूल (क्रू मॉड्यूल) को पैराशूट के माध्यम से समुद्र में उतारा जाएगा। गगनयान मिशन की सफलता से भारत, पूर्ववर्ती यूएसएसआर, अमेरिका और चीन के बाद अंतरिक्ष में मानव भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा। डेनमार्क समेत कई अन्य देश भी इस दिशा में काम कर रहे हैं।

## आतिशी ने जीएसटी काउंसिल के फैसले का किया विरोध

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने शनिवार को जीएसटी काउंसिल की बैठक से पहले एक प्रेस वार्ता कर ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी के मुद्दे को रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और लोगों को रोजगार देने में स्टार्टअप्स का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो हम बात करते हैं एंटरप्रेन्योर्स को प्रमोट करने की दूसरी तरफ जीएसटी काउंसिल ऐसे फैसले ले रहा है जो हमारे देश के स्टार्टअप इंडस्ट्री को खत्म करने की ओर बढ़ रहा है। शनिवार को होने वाली जीएसटी बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत टैक्स पर चर्चा होनी है। आतिशी ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग सबसे बड़ा ग्रोइंग सेक्टर है। ये एक ऐसा सेक्टर है जिसमें 80 हजार से ज्यादा लोग एंप्लॉय है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में 17 हजार करोड़ का विदेशी निवेश आया है। ऑनलाइन इंडस्ट्री में इतनी ग्रोथ हुई है कि पूरे देश में 40 करोड़ से ज्यादा लोग हैं जो छोटे-छोटे ऑनलाइन गेमिंग जैसे लूडो, कैरम जैसे ओनलाइन गेम एंटरटेनमेंट के तौर पर इस्तेमाल करता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी काउंसिल ने हाल ही में फैसला लिया और ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया। दिल्ली ने इसका विरोध किया। क्योंकि ऑनलाइन गेमिंग कोई लग्जरी सेक्टर नहीं है जिसे एक सर्टेन रिच लोग ही इस सेक्टर में इंवॉल्व होते हैं।



आतिशी ने आगे कहा कि एक अक्टूबर से यह 28 फीसदी टैक्स लागू होना था लेकिन उससे पहले ही जीएसटी काउंसिल के ड-ीजीजीआई ने सारी ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को पिछले 6 साल के डेढ़ लाख करोड़ के टैक्स का नोटिस भेज दिए, इससे पूरा सेक्टर खत्म हो जाएगा कोई भी कंपनी नहीं बच पाएगी जो अपने वैल्यूएशन जितना टैक्स भर पाएगी। उदाहरण के तौर पर एक कंपनी है उसकी कंपनी की टोटल वैल्यूएशन 19000 करोड़ रुपए है। एक 19000 करोड़ की कंपनी को 10000 करोड़ का नोटिस आया है वह टैक्स नहीं भर पाएगी इसका नतीजा यह होगा कि कंपनियां टैक्स नहीं भर पाएंगे और टैक्स न भर पाने से कंपनी बंद हो जाएंगी।

**कंपनियां बंद हुई तो बेरोजगार होंगे लोग** – आतिशी ने कहा कि कंपनियां बंद हो गई तो 50 हजार से ज्यादा लोग जो प्रोग्राम्स या उन कंपनियों में काम करने वाले लोग बेरोजगार हो जाएंगे। दूसरी बात इस पूरे सेक्टर में रोजगार देने का पोटेंशियल खत्म हो जाएगा। तीसरी बार यह कैसा सेक्टर है इसमें पहले से ही 17 हजार करोड़ का विदेशी निवेश है 25 हजार करोड़ का और विदेशी निवेश पाइपलाइन में था लेकिन जब इतना अनस्टेबल टैक्स वातावरण है तो कौन सा विदेशी निवेशक इन कंपनियों में निवेश करना चाहेगा न सिर्फ यह बल्कि यह टेक्स वातावरण न सिर्फ ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को बल्कि पूरे स्टार्टअप सेक्टर को इंपैक्ट करेगा।

# पंजाब की मंडियों में हड़ताल पर गए मजदूर, धान की खरीद बाधित

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** एक तरफ पंजाब की मंडियों में धान की आवक तेज हो गई है तो दूसरी तरफ राज्य की मंडियों में काम करने वाले मजदूर हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेश के करीब दस लाख मजदूरों के हड़ताल पर जाने के कारण शनिवार को मंडियों में धान की खरीद का काम प्रभवित हो रहा है। प्रदेश की 1840 मंडियों में इस समय धान की खरीद चल रही है। गल्ला मजदूर यूनियन ने पहले एक अक्टूबर से मंडियों में काम ठप करने की घोषणा की थी, लेकिन बीच में मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने गल्ला मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों की मीटिंग बुला ली थी। बैठक में मजदूरों की समस्याओं का हल न निकलने पर यूनियन ने अब दोबारा फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का फैसला लिया है। मजदूर हड़ताल के दौरान अपने परिवारों को भी मंडियों में लेकर आएंगे और सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करेंगे। यूनियन के राज्य प्रधान राकेश कुमार



तुली ने बताया कि मजदूरों की समस्याओं को लेकर कई बार बोर्ड के उच्चाधिकारियों से मीटिंग हो चुकी है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि अधिकारी सब कुछ जानने के बाद भी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए है और मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। महंगाई के मद्देनजर मजदूरी में प्रति नग 25 रुपए बढ़ोतरी होनी है, लेकिन अभी तक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उनकी मंडी बोर्ड से मांग है कि लोडिंग की मजदूरी कम से कम पांच रुपये बोरी की जाए और ज्यादा लोडिंग की मजदूरी भी एक सामान की जाए। इसके अलावा फार्म सिस्टम के तहत मजदूरी किसानों से काट कर बाद में किसानों के खाते में पैसे डाले जाएं।

## नए लुक में ऐसे दिखेंगे एयर इंडिया के विमान, कंपनी ने साझा की तस्वीर


**नई दिल्ली, (हि.स.)।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने शनिवार को लोगो और आउटफिट बदलने के बाद अपने विमान का पहला लुक साझा किया। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी ने फ्रांस के टूलूज में एक पेंट की दुकान में खड़े अपने ए-350 विमान की तस्वीरें एक्स पोस्ट पर साझा की है। ये विमान आने वाली सर्दियों के दौरान भारत पहुंचेगा। एयर इंडिया ने एक्स पोस्ट पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि टूलूज में पेंट की दुकान पर हमारी नई लिवरी में मैजिस्टिक ए-350 का पहला लुक। हमारे ए-350 .इन सर्दियों में देश पहुंचेंगे। एयर इंडिया ने नए लोगो को 'द विस्टा' नाम दिया था। एयरलाइन ने कहा था कि विमानों को नवीनीकृत करने के लिए 40 करोड़ रुपये खर्च




किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया के लोगो और लिवरी के लॉन्च के अवसर पर टाटा संस के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा था कि लोगो असीम संभावनाओं और आत्मविश्वास को दशार्ता है। इस दौरान कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन ने कहा था कि हमारा परिवर्तनकारी नया ब्रांड एयर इंडिया को दुनियाभर के मेहमानों की सेवा करने वाली एक विश्वस्तरीय एयरलाइन बनाने की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।

## प्रदेश सरकार के आय के साधन बढाए और खर्चों में बचत करे : शान्ता कुमार

**पालमपुर, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा बरसात तो चली गई परन्तु इस बार अपने पीछे एक भयंकर आपदा के घाव छोड़ कर गई है। बर्वाद हुए लोगों को फिर से बसाना और सड़कों, घरों और कारोबार को शुरू करवाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसके लिए सरकार को अपनी आय के साधन बढ़ाने की कोशिश भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा इस दृश्टि से हिमाचल सरकार ने पन बिजली परियोजनाओं में रॉयल्टी बढ़ाना तथा वाटर सेस लेने का अच्छा निर्णय किया है। इस पर पूरा काम किया जाना चाहिए और भी आय के साधन तलाश किये जाने चाहिए। शान्ता कुमार ने कहा इसके साथ ही सरकार को अपने सब प्रकार के खर्चों में हर प्रकार की बचत करने का भी काम शुरू करना चाहिए.किन्द्रीय योजनाओं का धन मिला कर इस वर्ष हिमाचल प्रदेश का बजट 60 हजार करोड़ रू0 का है। गैर योजनाओं के खर्चों में बहुत कमी की जा सकती है। सरकार अतिशीघ्र कुछ अनुभवी विशेषज्ञ की एक कमेटी



बनायें जो सरकार के सभी विभागों में बचत करने का सुझाव दें। प्रशासनीक और गैर योजनाओं के खर्चों में 10 प्रतिशत की बचत तुरन्त की जा सकती है। उन्होंने कहा 1977 में साधन बढ़ाने की कोशिश भी की थी और मुझे याद है सांसद गंगा सिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी जिसने बहुत से उपयोगी सुझाव दिये थे। दो वर्ष में छोटे से हिमाचल प्रदेश में लगभग 50 करोड़ रू0 की बचत हुई थी जिस पैसे को मैंने पीने के पानी की योजनाओं पर खर्च किया था। उस समय का हिमाचल प्रदेश का बजट आज के मुकाबले चौथा हिस्सा भी नही था। आज 60 हजार करोड़ रू0 बजट में तो बहुत अधिक बचत की जा सकती है। मुझे याद है सबसे अधिक बचत सरकारी गाड़ियों के खर्चों को कम करने से हुई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय में पत्रों के उत्तर देने के लिए पोस्ट कार्ड और अन्तदेर्शीय का उपयोग तक करके भी बचत की गई थी। एक-एक बूंद पानी से घड़ा भरता भी है और खाली भी हो जाता है।

## बागी विधायकों पर फैसले में देरी, स्पीकर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे एनसीपी नेता जयंत पाटिल



**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी के बागी विधायकों की अयोग्यता के मामले में एक अर्जी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। एनसीपी विधायक जयंत पाटिल ने विधानसभा के स्पीकर की ओर से अयोग्यता के मामले को जान बूझकर लटकाए रखने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। जयंत पाटिल ने अपनी अर्जी में कहा है कि दो महीने से ज्यादा हो गए हैं लेकिन अब तक स्पीकर ने विधायकों को नोटिस देकर पूछताछ के लिए तलब भी नहीं किया है। पाटिल की अर्जी के मुताबिक विधायकों के अयोग्यता की अर्जी 2 जुलाई को दाखिल की गई थी जबकि रिमाइंडर 5 सितंबर और प्रतिवेदन 7 सितंबर को दिया गया था। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता ने स्पीकर से व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात कर मामले पर शीघ्र निर्णय करने का आग्रह किया था। इसके बावजूद अभी तक कुछ नहीं हुआ। पाटिल ने अपनी याचिका में निर्वाचन आयोग में चल रहे मामले का भी जिक्र करते हुए कहा कि बागी विधायकों ने आयोग में अर्जी लगाई है, जिस पर नोटिस जारी हो चुका है। उधर, विधानसभा में स्पीकर ने शरद पवार गुट की ओर से नौ जुलाई को दी गई अर्जी पर भी कोई कार्यवाही नहीं की। इसमें अनुशासनहीनता के आरोपित विधायकों की अयोग्यता पर शीघ्र निर्णय लेने की बात कही गई है।

# कामगारों व मनरेगा मजदूरों के अधिकारों को लेकर सीटू ने किया प्रदर्शन

**कुल्लू, (हि.स.)।** प्रदेश में नई सरकार आई तो निर्माण मजदूर को लगा कि सरकार उनके हितों को ध्यान में रखते हुए तुरंत प्रभाव से निर्माण व मनरेगा मजदूरों की बेहतरी के लिए कार्य करेगी लेकिन बड़े शर्म की बात है हमारे सुखबिंदर सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री बनते ही कहा कि यह नहीं चलेगा। यह बात कुल्लू मुख्यालय में स्थित श्रमिक कल्याण बोर्ड कार्यालय के बाहर कामगार ओर मनरेगा मजदूरों को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव प्रेम गौतम ने कही। गौतम ने कहा सितंबर 2022 के बाद हिमाचल प्रदेश के अंदर साढ़े 4 लाख लोग जो श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हैं। उनके सारे लाभ और नवीनीकरण पिछली सरकार ने छीन ली ओर किसी



को पता चलने नहीं दिया। 11 दिसंबर को नई सरकार बनती है और 12 दिसंबर को सरकार के सेक्रेटरी द्वारा चिट्ठी निकाल कर पूरी प्रक्रिया बंद कर दी जाती है।

गौतम ने कहा यह पैसा किसी का नहीं मजदूरों का पैसा है। हम भीख नहीं मांग रहे। उन्होंने कहा लंबे संघर्ष के बाद मजदूरों को अधिकार प्राप्त हुआ है। इसके लिए हम लड़ाई लड़ेंगे। सरकार ने अगर 16 अक्तूबर तक हमारी सारी मांगे नहीं मानी गई तो 25 नवंबर 2023 को प्रदेश की राजधानी शिमला के खलीनी में बोर्ड के दफ्तर का 24 घंटे के लिए घेराव किया जाएगा।।

## शराब की नई आबकारी नीति के विरोध में कांग्रेस ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**गोपेश्वर, (हि.स.)।** उत्तराखंड की भाजपा सरकार नई शराब के विरोध में शनिवार को महिला कांग्रेस पार्टी की कार्यकताओं ने चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के मुख्य तिराहे पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन कर नई शराब नीति को वापस लिए जाने की मांग की। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष उषा रावत ने कहा कि एक ओर सरकार उत्तराखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाने का दावे का संकल्प ले रही है और दूसरी ओर नई शराब नीति में 50 लीटर तक शराब हर घर में रखे जाने की खुली छूट दे रही है। उन्होंने



कहा कि पहाड़ की महिलाएं पहले ही शराब के कारण परेशान हैं और अब सरकार ने 50 लीटर शराब हर घर में रखे जाने की छूट दे दी है। इससे पहाड़ के युवाओं को नशे की लत लगाकर बर्बाद किये जाने का षडयंत्र रचा जा रहा है ताकि युवा अपने रोजगार, महंगाई समेत तमाम मूलभूत सुविधाओं के बारे में आवाज न उठा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार को इस नीति को वापस लेना चाहिए ताकि पहाड़ के नौजवानों के साथ ही आमजन मानस को शराब से दूर रखा जा सके। कांग्रेस पार्टी के नगराध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट ने शराब नीति का विरोध करते हुए इसे वापस लिए जाने की मांग के साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता सांसद राहुल गांधी को रावण के रूप में दिखाने वाला पोस्टर जारी कर उस पर अभद्रतापूर्ण बातें लिखी गई हैं जो शर्मनाक है, उन्होंने इस कृत्य की घोर निंदा की है।

# क्रिकेट फैंस को डीएमआरसी का तोहफा, विश्वकप मैच के दौरान देर रात तक मिलेगी मेट्रो सेवा

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) ने क्रिकेट विश्वकप के मैच के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो के परिचालन में मामूली बदलाव किया है। मध्य जिले में आईटीओ के पास स्थित अरुण जेटली स्टेडियम (फिरोजशाह कोटला मैदान) में 7, 11, 15, 25 अक्टूबर और 6 नवंबर 2023 को विश्वकप 2023 के मैच खेले जाने हैं। इस दौरान दर्शकों की सुविधा देने के लिए यह बदलाव किया गया है। दिल्ली मेट्रो ने एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को छोड़कर बाकी में अपनी आखिरी ट्रेन के समय में बदलाव किया है। यह स्टेडियम वायलेट लाइन (कश्मीरी गेट से राजा नाहर सिंह कॉरिडोर) पर दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन के पास है। मैच खत्म होने के बाद आसपास के मेट्रो स्टेशनों पर भीड़ की संभावना को देखते हुए दिल्ली मेट्रो ने सभी लाइनों पर अपनी अंतिम ट्रेन के समय को करीब 30 मिनट के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। डीएमआरसी ने दर्शकों (यात्रियों) को सलाह दी है कि वह गंतव्य तक पहुंचने के लिए केवल दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन (लाइन -6) इंटरचेंज स्टेशनों का ही उपयोग करें। डीएमआरसी ने दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन पर अतिरिक्त कर्मियों और ग्राहक सुविधा एजेंटों को भी तैनात करने का फैसला किया है। इसके अलावा अंतिम ट्रेन के परिचालन के समय में तात्कालिक स्थितियों के अनुरूप बदलाव भी किया जा सकता है।



| मेट्रो लाइन | पहला समय | बढ़ाया गया समय |
|---|---|---|
| रेड लाइन | 11:00 बजे | 11:30 बजे |
| येलो लाइन | 11:00 बजे | 11:35 बजे |
| ब्लू लाइन | 10:32 बजे | 11:08 बजे |
| ग्रीन लाइन | 11:00 बजे | 00:10 AM |
| वायलेट लाइन | 10:36 बजे | 11:30 बजे |
| पिंक लाइन | 11.00 बजे | 11:20 PM |
| मैजेंटा लाइन | 11.00 बजे | 11:40 बजे |
| ग्रे लाइन | 11.00 बजे | 00:30 बजे |

# मुख्यमंत्री शिवराज ने किया चलित रसोई केंद्रों का शुभारंभ

**– दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के तहत भोपाल-इंदौर समेत 16 नगरों में संचालित होंगे**

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्यप्रदेश में गरीबों में पांच रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चल रही दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना में राज्य सरकार ने एक और आयाम जोड़ा है। इस योजना के तहत अब चलित रसोई केंद्र भी संचालित होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को स्मार्ट सिटी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में इन चलित रसोई केंद्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फिलहाल 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर निगम इंदौर में 04, भोपाल में 03 और जबलपुर व ग्वालियर 02-02 चलित रसोई केंद्र खोले जा रहे हैं। इनके अलावा 12 अन्य नगर निगम सहित पीथमपुर और मंडीदीप में एक-एक चलित रसोई केंद्र संचालित होगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत आज हमने चलित रसोई केंद्रों का शुभारंभ किया है। अब किसी भी गरीब भाई-बहन को भोजन के लिए कहीं जाना नहीं पड़ेगा। आप जहां होंगे, खाना वहीं पहुंचेगा और गुणवत्तापूर्ण भोजन के लिए आपको सिर्फ पांच रुपये देने होंगे। प्रवासी मजदूर भाई-बहनों को अब दीनदयाल चलित रसोई योजना के जरिए सस्ता और गुणवत्ता पूर्ण भोजन मिल सकेगा। गरीब को भरपेट भोजन मिल जाए तो अपनी आत्मा भी तृप्त हो जाए, इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि नगरों और महानगरों में हमारे ग्रामीण क्षेत्र के




लोग मेहनत मजदूरी के लिए आते हैं। लेकिन भोजन में ही उनका ज्यादा पैसा खर्च हो जाता है। हमारे मन में ये विचार आया कि ऐसे भाई-बहनों के लिए सस्ता भोजन मिल सके, इसलिए हमने दीनदायल रसोई योजना प्रारंभ की थी। अभी मध्यप्रदेश के 100 शहरों में हमारी दीनदयाल रसोई योजना चल रही है। हमने शहरों में काम करने आने वाले भाई-बहनों तक सीधे भोजन पहुंचे, इसके लिए दीनदयाल चलित रसोई केंन्द्रों का शुभारंभ किया है। भविष्य में इसका और भी विस्तार करेंगे। गौरतलब है कि राज्य के गरीब और जरूरतमंद व्यक्तियों को सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सात फरवरी, 2017 को दीनदयाल रसोई योजना प्रारंभ की गई थी। प्रदेश में कुल 166 रसोई केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों में पांच रुपये प्रति थाली की दर से सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक भोजन का वितरण किया जाता है। भविष्य में 20 हजार से अधिक जनसंख्या वाले 68 नगरीय निकायों में भी रसोई केंद्र शुरू करने की योजना है। चलित रसोई केंद्रों की स्थापना के लिए उपकरण एवं सामग्री से सुसज्जित वाहन निकायों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# शिक्षिका अनुरानी सिंह को वाराणसी में मिला एडुलीडर्स यूपी सम्मान 2023


**बलिया, (हि. स.)।** बेसिक शिक्षा विभाग और टीम एडूलीडर्स की ओर से वाराणसी स्थित सनबीम स्कूल वरुणा के सभागार में पिछले दिनों प्रदेश के 75 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसमें जिले के कन्या प्राथमिक विद्यालय गढ़िया रसड़ा की शिक्षिका अनुरानी सिंह को एडुलीडर्स यूपी सम्मान 2023 से नवाजा गया है। इस महत्वपूर्ण सम्मान को पाने वाली वे जिले की एकमात्र शिक्षक हैं। प्रदेश भर से आये 75 शिक्षकों के साथ सम्मान हासिल करने वाली अनुरानी सिंह को यह पुरस्कार व्यक्तिगत प्रयासों से विद्यालय में नामांकन में वृद्धि, विभिन्न नवाचार, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार व खेल आधारित शिक्षण का समावेशन के लिए दिया गया है। जी20 निपुण भारत मिशन शैक्षिक गुणवत्ता सेमिनार में




वाराणसी के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के हाथों सम्मान पाने के बाद शनिवार को अनुरानी सिंह ने कहा कि स्कूली शिक्षा में नवाचारों से अमूलचूल परिवर्तन लाया जा सकता है। हमने यही करने का प्रयास किया है। आगे भी हमारा यही प्रयास रहेगा। अनुरानी सिंह को सम्मानित किए जाने पर उनके शिक्षक पति डा. जितेंद्र सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, सुशील कुमार पांडेय कान्हजी, अनूप सिंह, रामप्रताप सिंह, कमलेश तिवारी, दिलीप सिंह, राजेश सिंह आदि ने बधाई दी है।

# जांच में हुआ खुलासा, स्मार्ट मीटरों में है गड़बड़ी

**लखनऊ, (हि.स.)।** विद्युत उपभोक्ताओं के यहां लगाए गये स्मार्ट मीटर पर उपभोक्ता परिषद द्वारा उठाये गये सवाल सही साबित हुए हैं। भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय की टीम की जांच में भी यह साबित हुआ है कि जिस उद्देश्य से ये मीटर लगाये गये थे, वह पूरा नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश मे लगाये गये स्मार्ट मीटरों पर उपभोक्ता परिषद पहले से आरोप लगाता रहा है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने विगत माह की मैनुअली जांच की थी। इसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट के बाद बिजली कंपनियों में हड़कंप मच गया है। उपभोक्ता परिषद ने मांग की है कि एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड स्मार्ट मीटर निर्माता कंपनी व एलएनटी के खिलाफ बिजली कंपनियां कठोर कार्रवाई करे और सभी को ब्लैक लिस्ट किया जाय। इस परियोजना में शामिल कंपनियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। ऊर्जा मंत्रालय द्वारापावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक को भेजी गई रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि स्मार्ट मीटर जिस उद्देश्य के लिए लगाया गया था, उसमें फेल साबित हुआ है। क्योंकि वह पूरी तरह मैनुअली काम कर रहा है। बिलिंग सॉफ्टवेयर को सही तरीके से चलाने के लिए एमडीएम का इंटीग्रेशन बाधित है, जिसकी वजह से जनरेशन ऑफ बिल और बकाया पर कनेक्शन काटने और जोडने में भी समस्या आ रही है, जिसका प्रभाव प्रदेश के उपभोक्ताओं



पर बहुत ही खराब पड़ा है और स्मार्ट मीटर परियोजना में आ रही बड़े पैमाने पर कर्मियों को अविलंब ठीक करने का निर्देश जारी किया गया है। भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय की रिपोर्ट बिजली कंपनियों को प्राप्त होते ही सबके हाथ पाव फूल गए, क्योंकि वर्तमान में बिजली कंपनियों की योजना प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर में शिफ्ट करने की है। ऐसे में भविष्य में क्या होगा, यह तो कहना मुश्किल है लेकिन जब उत्तर प्रदेश में 12 लाख स्मार्ट मीटर का यह हाल है, तो 3 करोड 35 लाख विद्युत उपभोक्ताओं पर जब यह व्यवस्था लागू की जाएगी पूरी व्यवस्था चरमरा जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय ने जो अपनी रिपोर्ट पावर कारपोरेशन को दी है उसमें स्पष्ट तौर पर लिखा है कि नया बिलिंग सॉफ्टवेयर आने के बाद पिछले छह माह से स्मार्ट मीटर पूरी तरीके से मैनुअली कम कर रहा है। स्मार्ट मीटर में कम बैलेंस होने पर कोई भी उपभोक्ता को अलार्म नहीं दिया जाता, एसएमएस अलर्ट नहीं दिया जाता।

# कमीशन न मिलने पर सड़क उखाड़ने वाले पांच आरोपित गिरफ्तार, मुख्य आरोपित की तलाश जारी

**शाहजहांपुर, (हि.स.)।** कमीशन न मिलने पर जेसीबी से स्टेट हाइवे की सड़क उखाड़ने के मामले में पुलिस ने शनिवार को पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जेसीबी को कब्जे में ले लिया। हालांकि, मुख्य आरोपित जगवीर अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। गोरखपुर की फर्म मेसर्स शकुंतला सिंह द्वारा जिले की कटरा विधानसभा क्षेत्र में पुवायां-निगोही-तिलहर, जैतीपुर-दातागंज मार्ग स्टेट हाईवे संख्या-126 के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। दो अक्टूबर को कमीशन न मिलने से नाराज और खुद को भाजपा विधायक का प्रतिनिधि बताने वाले जगवीर अपने पंद्रह बीस साथियों के साथ जेसीबी मशीन और लाठी डंडे लेकर आए। कर्मचारियों से मारपीट की और जेसीबी से बनखंडी पुलिया से नवादा मोड़ तक की सड़क को उखाड़ दिया। फर्म के मालिक रमेश सिंह ने जगवीर सिंह और उनके 15-20 साथियों के विरुद्ध जैतीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में सवाल खड़े होने के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घटना का संज्ञान लिया है।




शासन से कार्रवाई के सख्त निर्देश आने के बाद प्रशासन और पुलिस हरकत में आई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव बाजपेयी ने शनिवार को बताया की जैतीपुर पुलिस ने मामले में शुक्रवार की रात को कटरा थाना क्षेत्र निवासी पंचू गंगवार व पवन तथा गढ़िया रंगीन थानाक्षेत्र निवासी विनोद,रामबरन व सुरजीत को गिरफ्तार कर लिया।इसके साथ ही पुलिस ने जेसीबी मशीन को भी कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। मुख्य आरोपित जगवीर और उसके अन्य साथी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है, जिनकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है।

**आरोपितों से होगी क्षतिपूर्ति की वसूली** – लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता ने सड़क के क्षतिग्रस्त भाग का परीक्षण किया। अधिशासी अभियन्ता ने 10.09 लाख रुपये की क्षति का आंकलन किया, जिसकी क्षतिपूर्ति दोषी व्यक्तियों से कराए जाने के लिए वसूली मांग पत्र क्षतिपूर्ति दावा प्राधिकरण लखनऊ को भेजा जा रहा और जिला प्रशासन द्वारा वसूली की कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने सात थाना प्रभारी और एक उपनिरीक्षक के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया


**हरदोई, (हि.स.)।** आगामी त्योहार को देखते हुए जिले की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रहे इसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने शनिवार को सात थाना प्रभारी और एक उपनिरीक्षक के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी ने रिट सेल के प्रभारी उमाकांत दीपक को बेनीगंज की कमान सौंपी है। अतरौली थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार मिश्रा के लम्बी छुट्टी पर जाने से वहां पर पाली थाने में तैनात एसएचओ धीरज कुमार शुक्ला को तैनात किया गया है। इसी तरह सण्डीला कोतवाली में तैनात थाना प्रभारी (रिजर्व) अरविंद कुमार राय को पाली की जिम्मेदारी दी गयी है। टड़ियावां थाने में तैनात थाना प्रभारी (रिजर्व) हरिनाथ यादव को कोतवाली शहर भेजा है। शाहाबाद कोतवाली में तैनात थाना प्रभारी दिलेश कुमार सिंह को सवायजपुर, बेनीगंज में तैनात थाना प्रभारी राजदेव मिश्रा को शाहाबाद थाना भेजा गया है। सवायजपुर कोतवाली में तैनात एसएचओ सुनील कुमार सिंह का



तबादला गैर जनपद में होने से वहां की कुर्सी खाली थी। इसके अलावा कासिमपुर थाने में तैनात एसआई सोमपाल गंगवार को अरवल थाने की ज़िम्मेदारी सौंपी है।

# बीएचयू ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के साथ किया एमओयू, एक दूसरे के यहां कर सकेंगे शोध

**वाराणसी, (हि.स.)।** शोध और शैक्षणिक विकास के नए अवसर पैदा करने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने बड़ी पहल की है। बीएचयू ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास, के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। समझौते पर कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन तथा आईआईटी-मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि ने हस्ताक्षर किये, जिससे दोनों संस्थानों के बीच औपचारिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त होगा। इस समझौते से दोनों संस्थानों के पीएचडी शोधार्थियों व शिक्षकों का आदान प्रदान होगा और वे 6 महीने तक एक दूसरे के यहां जाकर शोध गतिविधियां कर सकेंगे। भारत सरकार की आईओई योजना के तहत



उत्कृष्टता संस्थान का दर्जा प्राप्त बीएचयू तथा आईआईटी-मद्रास, अनुसंधान सुविधाओं व ढांचे के साझा प्रयोग पर भी सहमत हुए हैं। इससे बीएचयू के अनुसंधानकताओं को आईआईटी-मद्रास में जा कर तथा आईआईटी-मद्रास के शोधार्थियों को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आकर एक दूसरे की विशिष्ट सुविधाओं व प्रयोगशालाओं का इस्तेमाल करने में सहूलियत होगी। यह एमओयू विज्ञान, अभियांत्रिकी, कला, चिकित्सा, कृषि, मानविकी तथा अंतर्विषयक क्षेत्रों में सहयोग को प्रोत्साहित करेगा। शनिवार को कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए उत्कृष्टता व सफलता के नए अवसर पैदा करने के लिए अग्रसर है। कुलपति ने कहा, हम अपने विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए नए अवसर सृजित करने के लिए अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी के इच्छुक हैं। यह एमओयू हमारी इसी प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। आईआईटी मद्रास भारत के सबसे प्रतिष्ठित तथा तेजी से आगे बढ़ रहे संस्थानों में से एक है और ऐसे संस्थान के साथ एक मजबूत साझेदारी करना हमारे लिए खुशी की बात है।

# साहिबगंज के बरहेट की कुसमा संथाली पंचायत में डायरिया से तीन लोगों की मौत, 12 से अधिक बीमार

**साहिबगंज, (हि.स.)।** जिले के बरहेट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुसमा संथाली पंचायत के केटका टोला पहाड़िया बस्ती में पिछले तीन दिनों से कई लोग डायरिया से पीड़ित हैं। बस्ती में अब तक आदिम जनजाति समुदाय की दो महिलाओं एवं एक पुरुष की मौत हो चुकी है जबकि 12 से अधिक लोग बीमार हैं। मृतकों में बाबी मैसा पहाड़िया (50), उसकी बहन सोनी पहाड़िन (65) एवं सुरजी पहाड़िन (20) हैं। जानकारी मिलने पर मुखिया देव सोरेन व पंचायत समिति सदस्य खगेंद्र साह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद बीडीओ सोमनाथ बनर्जी व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हेमंत मुर्मू गांव पहुंचे। चिकित्सकों की टीम गांव में ही कैंप कर रही है। गांव के 12 से अधिक लोग डायरिया से पीड़ित हैं, जिनका इलाज चल रहा है। स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पांच दिन पूर्व ही सोनी पहाड़िन



को उल्टी-दस्त शुरू हुआ। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। उसके अंतिम संस्कार की तैयारी चल ही रही थी कि शुक्रवार को बाबी मैसा पहाड़िया और सुरजी पहाड़िन की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पहुंचे और पीड़ितों का इलाज शुरू किया। यह गांव पहाड़ पर स्थित है। इस संबंध में शनिवार को साहिबगंज के सीएस डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि बरहेट प्रखंड की कुसमा संथाली पंचायत में तीन लोगों की मौत की खबर मिली है। प्राथमिक सूचना के अनुसार सभी लोगों में डायरिया के लक्षण थे। डीसी रामनिवास यादव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर व नर्स की टीम गांव में भेजा है। टीम कैंप लगाकर बीमार लोगों का इलाज कर रही है। कुछ बीमार लोगों को इलाज के लिए बरहेट सीएचसी भेजा गया है।

# प्रकाश साहू सहित तीन उग्रवादियों के विरुद्ध सीसीए की कार्रवाई



**रांची, (हि.स.)।** पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप के खास माने जाने वाले प्रकाश साहू सहित तीन उग्रवादियों के विरुद्ध सीसीए की कार्रवाई की गई है। प्रकाश साहू के अलावा लखन गोप उर्फ जितेन्द्र गोप और पौलूस टोपनो उर्फ अमित पर यह कार्रवाई की गई है। हत्या, रंगदारी, पुलिस पार्टी पर हमला, लेवी वसूली के लिए हमला जैसे बड़े आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 12 (2) के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव दिया गया था। सीसीए के प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद उसपर अधिनियम की धारा 12 (2) के तहत कार्रवाई की गई है। प्रकाश साहू संगठन के लिए काम करने एवं क्षेत्र में लॉजिस्टिक सहयोग पहुंचाने, व्यापारियों को डरा धमकाकर लेवी वसूलने, संगठन का प्रचार प्रसार करने, सिम कार्ड उपलब्ध कराने सहित कई गंभीर आरोप है। पुलिस को जानकारी मिल रही थी कि कारोबारियों को डरा धमकाकर लेवी वसूली की जा रही है।

प्रकाश साहू को दो मामले में जमानत मिल चुकी है। पुलिस को आशंका है कि दिसंबर तक जेल से बाहर निकल सकता है। इसीलिए प्रकाश साहू, लखन गोप उर्फ जितेन्द्र गोप और पौलूस टोपनो का स्पीडी ट्रायल की श्रेणी में डालकर सजा दिलाई जाएगी।

# आकांक्षा कुमारी ने राष्ट्रीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

**रांची, (हि.स.)।** आकांक्षा कुमारी ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-23 (एसजीएफआई) के कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने राज्य को दूसरा रजत पदक दिलाया है। मध्य प्रदेश के विदिशा में आयोजित कुश्ती प्रतिस्पर्धा में आकांक्षा ने अंडर -14 बालिका के 42 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया। वहां उसने रजत पदक अपने नाम किया। आकांक्षा के रजत जीतने पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीर सेन ए सोरेंग, झारखंड कुश्ती संघ के रजनीश सिंह, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के एम मोदस्सर, समीर कुमार, उमेश दास, प्रभात रंजन तिवारी, विद्या



कुमारी, मो जावेद अंसारी, कलावती कुमारी, शंकर पाल, जगजीत सिंह, चन्द्रदेव सिंह एवं जितेंद्र कच्छप सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने आकांक्षा एवं उनके कोच को शुभकामनाएं दी है।


# गिरिराज सिंह ने की विकास योजना एवं जनसमस्याओं की समीक्षा

**बेगूसराय, (हि.स.)।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री सह स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह ने डीएम रौशन कुशवाहा के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न विकास योजनाओं तथा जनहित से जुड़े समस्याओं की अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने बेगूसराय जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत सरोवर योजना तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को लेकर प्राप्त शिकायतों के संबंध में उप विकास आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर से विस्तृत प्रतिवेदन की मांग कर अनियमितताओं की जांच करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बेगूसराय जिले में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिले में ही प्लेटलेट्स चढ़ाने एवं निरोधात्मक उपाय का निर्देश दिया गया। वहीं, आयुष्मान भारत कार्ड व्यापक पैमाने पर बनाने के लिए जीविका तथा अन्य संगठनों का सहयोग लेकर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया। बैठक के दौरान गिरिराज सिंह ने किसानों को उर्वरक की उपलब्धता



सुनिश्चित करने, खुदरा विक्रेताओं की जांच करने, बिजली की अनियमित आपूर्ति का समाधान करने, अतिक्रमण की समस्या एवं जल निकासी सहित जनहित के अन्य मुद्दों की भी ब्योरा वार विस्तार से समीक्षा की। जमीन के दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन, सांसद निधि तथा केन्द्र सरकार के उपक्रमों के सीएसआर फंड से चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। गिरिराज सिंह ने बताया कि दिशा की बैठकों के अतिरिक्त विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद जिला स्तरीय समीक्षा बैठक से विकास कार्यों में तेजी आएगी। डीएम रौशन कुशवाहा ने बताया कि विभिन्न विकास कार्यों और समस्याओं की सांसद एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा से उनके बहुमुल्य सुझाव को शामिल कर जिले में विकास की गति को तेज किया जाएगा। बैठक में भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार अमर, जिला योजना पदाधिकारी प्रसून कुमार एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. गोपाल मिश्रा भी उपस्थित थे।

# यूक्रेन की यूलिया पहुंचीं गया, युद्ध में मारे गए माता-पिता के मोक्ष के लिए किया पिंडदान



**पटना, (हि.स.)।** दुनिया में मोक्षनगरी के रूप में प्रसिद्ध बिहार के गया में श्राद्ध पक्ष में देश से ही नहीं विदेश भी लोग अपने पूर्वजों (पितरों) के पिंडदान के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें युद्धग्रस्त यूक्रेन की यूलिया जीटो मेरास स्काई भी हैं। यूलिया ने युद्ध के दौरान मारे गए अपने माता-पिता की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण किया। आचार्य लोकनाथ गौड़ ने विधि-विधान से कर्मकांड संपन्न कराया। यूलिया पेशे से साइकोलॉजिस्ट हैं। वो यूक्रेन में रहकर चीन और दूसरे देशों के लिए ऑनलाइन काम करती हैं। यूलिया ने कहा, वह अपने माता-पिता के मोक्ष की कामना लेकर गया पहुंचीं। यहां इस महत्व के बारे में उन्हें एक धर्मगुरु से जानकारी मिली थी। वह कहती हैं रूस के आक्रमण में उसके माता-पिता सहित परिवार के कई सदस्य मारे गए। यूक्रेन में पूरी तरह अशांति फैली हुई है। उन्होंने दिवंगत माता-पिता के साथ यूक्रेन और रूस के उन लोगों का पिंडदान भी किया है, जो इस युद्ध में मारे गए। उन्होंने कहा कि अब युद्ध बंद होना चाहिए। यह गया की उनकी दूसरी यात्रा है।

# चार पिस्तौल एवं 13 कारतूस के साथ तीन डकैत गिरफ्तार, कई कांडों में की सहभागिता स्वीकार

**नवादा, (हि .स.)।** नवादा जिले के रजौली में पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे 3 अपराधियों को चार पिस्तौल तथा 13 कारतूस के साथ शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ पंकज कुमार ने रजौली थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि अर्चना नगर के पास स्थित 8 सितंबर की अहले सुबह में सुमन कुमार के घर में सुबह-सुबह घुसकर हथियार का भय दिखाकर नगदी और जेवरात का लूटपाट किया था और पूरे परिवार को बाथरूम में बंद कर भागने में सफल हो गया था ।पुलिस इस घटना को लेकर काफी गंभीर थी और हर एक बिंदु पर जांच किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि हमलोग अपराधी के बहुत करीब पहुंच गए थे,लेकिन सभी को एकत्रित होने का इंतजार कर रहे थे। इसी क्रम में थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि फुलवरिया डैम के पास पिपरा-परतौनियां तरफ जाने वाले रास्ते में कुछ संदिग्ध लोग इकट्ठा हैं। इसी सूचना के आलोक में पुलिस की एक टीम को वहां भेजा गया पुलिस टीम को देखते ही यह लोग इधर-उधर भागने लगे। जवानों ने खदेड़ कर इन सभी 5 लोगों को वहां से पड़कर थाने पर लाया और गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान इन लोगों ने किसी लूट की घटना का अंजाम देने के लिए रणनीति बना रहे जो इनलोगों ने



स्वीकार किया। उनके पास से चार देसी कट्टा 13 जिंदा कारतूस पांच मोबाइल फोन, एक अपाची बाइक, एक एक्टिवा को जप्त किया गया है। पूछताछ के क्रम में गया जिले के बेला थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव के निवासी सुखदेव पासवान के पुत्र राजेश उर्फ सुधीर पासवान, जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र के पुरानी दुर्गा स्थान सिकंदरा के निवासी सुनील चौधरी उर्फ बेला चौधरी के पुत्र रामरतन चौधरी और गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के जेठीयन गांव के गोपाल सिंह के पुत्र राजेश कुमार उर्फ लोहा सिंह ने अर्चना नगर स्थित सुमंत कुमार के घर में डकैती की घटना को अंजाम देने का अपनी संलिप्त को स्वीकार किया है। इनलोगों ने बताया कि उनके साथ दो अन्य लोग और थे, जिनका नाम दीपक रवानी और विक्की राजवंशी है। यह दोनों पुलिस की पकड़ से अभी फरार हैं। इनलोग दोनों को भी जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा। लूट गए सामान को भी बरामद किया जाएगा। पुलिस ने लूट की एक और घटना को अंजाम देने की योजना बनाने के आरोप में प्राथमिक दर्ज की है। जिसमें पांच लोगों में गिरफ्तार नवादा जिले के मेसकौर थाना क्षेत्र के हरला गांव के नरेश साहू के पुत्र पवन राजा,गया जिले के धनवा बोधगया के शिव शंकर पासवान के पुत्र उत्तम पासवान उर्फ राजू पासवान को गिरफ्तार किया है। इन सभी पांचो को जेल भेज दिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधी शातिर अपराधी हैं। इसमें सबसे बड़े शातिर अपराधी रामरतन चौधरी है। जो 7 वर्ष जेल में सजा काटकर आया है। नवादा सहित आसपास के जिलों में इन सभी के विरुद्ध कई संगीन मामले में दर्जनों मामले दर्ज हैं। प्रेस कांफ्रेंस के मौके पर थानाध्यक्ष पवन कुमार, एसआइ गौतम कुमार सहित अन्य कई पुलिसकर्मी मौके पर उपस्थित थे।

## संपादकीय

# सोने सरीखी मेरी बेटी

**परिवार** नियोजन की सामाजिक दृष्टि को और सशक्त करने के लिए सुक्खू सरकार ने बालिका योजना की प्रोत्साहन राशि को आगे बढ़ाया है। आइंदा एक बेटी की सीमा में रहते हुए परिवार नियोजित करने वाले लोगों को पैंतीस हजार की बजाय दो लाख और दो बेटियों के परिवार को एक लाख रुपए मिलेंगे। यह एक ऐसा सम्मान है जो परिवार से देश तक के लिए नारी शक्ति का इजहार कर रहा है। कहना न होगा कि हिमाचल राज्य की सामाजिक सुरक्षा में निरंतर इजाफा हुआ है और कमोबेश हर सरकार ने सामाजिक कल्याण की सुर्खियां बटोरी हैं। वर्तमान सुक्खू सरकार ने भी अपनी प्राथमिकताओं के मरहम से ऐसे ही अनेक पहलुओं को छूने की इच्छाशक्ति दिखाई है। सुख आश्रय योजना के तहत अनाथ बच्चों को मिल रहा चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा, अपनी तरह की अनूठी पहल है, जिसके तहत सैकड़ों निराश्रित बच्चों को सरकार न केवल आश्रय, बल्कि उम्मीदों का आकाश भी सौंप रही है। इसके तहत अब पारिवारिक व सामाजिक विडंबनाओं के बाहर अनाथ बचपन के करीब भविष्य का सूरज लाने का वादा न केवल सरकार ने किया है, बल्कि वित्तीय आबंटन से अनाथ बच्चों को वित्तीय रूप से समर्थन शुरू किया गया। वित्तीय रूप से सुसज्जित कई तरह की सामाजिक पेंशन स्कीमें हिमाचल को अति सुरक्षित राज्य बना चुकी हैं। हालांकि अति सुरक्षात्मक दृष्टि व राज्य प्रायोजित प्रश्रय योजनाओं के कारण एक तरह का निठल्लापन भी हिमाचल में विकसित हुआ है। सरकार का 'कामधेनु' होना एक हद तक तो समझ में आता है, लेकिन सरकारी संसाधनों के पक्ष में सामाजिक दायित्व की भूमिका भी परिलक्षित होनी चाहिए। बहरहाल हिमाचल के आंगन में बेटी का सोना होना, हिमाचली समाज की रूपरेखा में एक स्वर्णिम अध्याय है। यही वजह है लिंगानुपात में एक हजार पुरुषों के मुकाबले औरतों की तादाद 972 तक पहुंच गई है, जबकि महिलाओं की साक्षरता दर भी 76 प्रतिशत तक के सम्मानीय आंकड़े को छू रही है। उन्नीसवीं एशियाई खेलों में भारतीय महिला कबड्डी की कप्तानी कर रही रितु नेगी के अलावा क्रिकेट, एथलेटिक्स व हैंडबाल जैसी खेलों में प्रदेश की बेटियों ने भी देश के लिए नाम कमाया है। पुरुषों के क्षेत्र में खास तौर पर सैन्य बलों में प्रदेश की बेटियां सरहद, समुद्र से आकाश तक प्रदेश की सैन्य पृष्ठभूमि को अलंकृत कर रही हैं। ऐसा कोई स्थान या मुकाम नहीं जहां हिमाचली बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा नहीं मनवाया। फिल्म-टीवी जगत से गीत-संगीत की दुनिया तक प्रदेश के महिला सशक्तीकरण की धाक है। इस दौरान नारियों के खिलाफ आपराधिक व घरेलू हिंसा के मामलों में भी काफी कमी आई है, फिर भी आर्थिक पिछड़ेपन की दुरुहता में फंसे हिमाचल को अभी और देखभाल की जरूरत है। हिमाचल में समूचे देश से कहीं भिन्न ट्राइबल वूमेन की आर्थिक व सामाजिक तरक्की है। कई अनुकरणीय उदाहरण पांगी-भरमौर, लाहुल-स्पीति व किन्नौर की औरतें पेश कर रही हैं और इसके लिए महिला संगठन, स्वयं सहायता समूह व गैर सरकारी संस्थाएं श्रेय की पात्र हैं। चंबा, लाहुल-स्पीति, किन्नौर और सिरमौर के कई स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण उत्पादों के अलावा ऊनी वस्त्रों तथा परंपरागत पहरावों का संरक्षण करने में श्रेष्ठता हासिल की है। आज भी लोक संगीत की धुनों के बीच फसल कटाई या खास तौर पर चिलगोजों का एकत्रीकरण करने की प्रक्रिया सामाजिक पृष्ठभूमि में नारी अस्तित्व की जरूरत व भूमिका को अंगीकार करती है। ऐसे में एकलौती बेटी के अभिभावकों को सम्मानित करते हुए सुक्खू सरकार का प्रयास सराहा जाना चाहिए। यह दीगर है कि अकेली बेटी को आगे बढ़ाने वाले मां-बाप को खुद ही ऐसे सम्मान के चयन के लिए प्रयास करना पड़ता है, जबकि राज्य व्यापक सर्वेक्षण से सरकार को पात्रता की सरलता का रास्ता बनाना चाहिए।

एक हजार पुरुषों के मुकाबले औरतों की तादाद 972 तक पहुंच गई है, जबकि महिलाओं की साक्षरता दर भी 76 प्रतिशत तक के सम्मानीय आंकड़े को छू रही है। उन्नीसवीं एशियाई खेलों में भारतीय महिला कबड्डी की कप्तानी कर रही रितु नेगी के अलावा क्रिकेट, एथलेटिक्स व हैंडबाल जैसी खेलों में प्रदेश की बेटियों ने भी देश के लिए नाम कमाया है। पुरुषों के क्षेत्र में खास तौर पर सैन्य बलों में प्रदेश की बेटियां सरहद, समुद्र से आकाश तक प्रदेश की सैन्य पृष्ठभूमि को अलंकृत कर रही हैं। ऐसा कोई स्थान या मुकाम नहीं जहां हिमाचली बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा नहीं मनवाया। फिल्म-टीवी जगत से गीत-संगीत की दुनिया तक प्रदेश के महिला सशक्तीकरण की धाक है। इस दौरान नारियों के खिलाफ आपराधिक व घरेलू हिंसा के मामलों में भी काफी कमी आई है, फिर भी आर्थिक पिछड़ेपन की दुरुहता में फंसे हिमाचल को अभी और देखभाल की जरूरत है। हिमाचल में समूचे देश से कहीं भिन्न ट्राइबल वूमेन की आर्थिक व सामाजिक तरक्की है। कई अनुकरणीय उदाहरण पांगी-भरमौर, लाहुल-स्पीति व किन्नौर की औरतें पेश कर रही हैं और इसके लिए महिला संगठन, स्वयं सहायता समूह व गैर सरकारी संस्थाएं श्रेय की पात्र हैं। चंबा, लाहुल-स्पीति, किन्नौर और सिरमौर के कई स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण उत्पादों के अलावा ऊनी वस्त्रों तथा परंपरागत पहरावों का संरक्षण करने में श्रेष्ठता हासिल की है।

## कुछ अलग

# रामबाबू खेल नायक हैं

**कौन** बनेगा करोड़पति के सैट पर कई ऐसे दर्शकों को बिठाया गया था, जिन्होंने क्रिकेट की टीम इंडिया जैसी वर्दी पहनी हुई थी। भारत में एकदिनी क्रिकेट के आईसीसी विश्व कप का आगाज हो चुका है। स्टुडियो में दर्शक 'भारतवर्ष हमारा है' का उद्घोष भी कर रहे थे। हमें क्रिकेट के प्रति पराकाष्ठा का लगाव बहुत अच्छा लगता है। देशवासी क्रिकेट को धर्म और राष्ट्र के आयाम से भी देखते हैं, लेकिन यह लगाव, उन्माद, प्यार अधूरा-सा लगता है, क्योंकि चीन के हांगझाउ में 'एशियन गेम्स' जारी हैं। भारत के कई अनाम, अलोकप्रिय खिलाडियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इतिहास लगातार लिखा जा रहा है। भारत गुरुवार शाम तक 21 स्वर्ण, 32 रजत और 33 कांस्य पदक जीत कर कुल 86 पदक हासिल कर चुका है। अभी तो क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज और कुश्ती आदि खेलों में हमें सोना या चांदी मिलनी है। 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों में भारत ने 16 स्वर्ण पदक समेत कुल 70 पदक जीतने की उपलब्धि हासिल की थी। उस कीर्तिमान को फिलहाल 86 पदकों तक पहुंचा कर भारत अपने खेल-हुनर को बेहतर साबित कर चुका है। बेशक क्रिकेट अमीरी और सम्पन्नता का खेल है। हमारे शीर्षस्थ खिलाडियों के सालाना पैकेज 7 और 5 करोड़ रुपए से अधिक के हैं। जूनियर को भी 1 करोड़ रुपए से अधिक का पैकेज दिया जाता है। फिर आईपीएल के लाखों-करोड़ों रुपए के अनुबंध भी मिलते हैं। हम सिर्फ धावक रामबाबू का उदाहरण यहां उद्धृत कर रहे हैं। वह मनरेगा का मजदूर रहा है। होटल में वेटर बना और बर्तन भी मांजता रहा। गरीबी से लडक़र जिंदा रहने के संघर्ष में उसने न जाने क्या-क्या किया होगा? उसे दौडऩे के लिए मजदूरी के पैसे से ही जूते खरीदने पड़े। उस खिलाड़ी ने एशियाड में 35 किलोमीटर की पैदल-दौड़ में भारत को कांस्य पदक जिता कर दिया। यकीनन रामबाबू भारत का राष्ट्र-नायक है। ऐसे ही कुछ चेहरे अविनाश साबले, मुरली श्रीशंकर, तीरंदाज ओजस, पहलवान अंतिम पंघाल आदि खिलाडियों के हैं, जिनकी खेल-उपलब्धियां अप्रतिम हैं। वे भारत के पदकवीर योद्धा हैं, लेकिन जो सुर्खियां रोहित शर्मा, विराट कोहली से लेकर सिराज तक क्रिकेटरों को मिलती रही हैं, वे इन पदकवीर खिलाडियों के हिस्से बहुत संक्षिप्त आती हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति' के मंच से कई गरीब-अनाम चेहरे लखपति-करोड़पति बनकर लौटे हैं। करोड़ों लोग इस खेल से जुड़े हैं और अपने ज्ञान, अपनी किस्मत को आजमाते रहते हैं, लिहाजा ऐसे मंच पर क्रिकेट को ही भारतवर्ष से जोडऩा और पदकवीर खिलाडियों का नाम तक नहीं लेना...यह एक देशभक्त नागरिक को चुभता है, पीड़ित करता है। हालांकि हम स्पष्ट कर दें कि हम क्रिकेट के 'जुनूनी प्रेमी' हैं और उसकी उपलब्धियों और पराजयों का लगातार विश्लेषण करते रहे हैं, लेकिन रामबाबू सरीखा खिलाड़ी अप्रतिम कीर्तिमान है, जिसे आने वाले समय में लोग अपना 'आदर्श' मान सकते हैं। ओडिशा देश के सबसे गरीब राज्यों में एक है, लेकिन वहां के किशोर जेना ने भाला फेंक मुकाबले में एक बार अंतरराष्ट्रीय महानायक नीरज चोपड़ा को भी पीछे छोड़ कर सभी को चौंका दिया था।

## भारत सरकार ने इंद्र लाल रॉय के सम्मान में सन 1998 में डाक टिकट भी जारी किया था।

# वायु सेना दिवस विशेष : शौर्य की बुलंदी पर भारतीय वायु सेना

प्रताप सिंह पटियाल

**नभः** स्पृशं दीप्तम अर्थात आकाश को छूने वाले दीप्तिमान। भारतीय वायुसेना का यह आदर्श वाक्य श्रीमद्भागवद्गीता के ग्यारहवें अध्याय के 24वें श्लोक का भाग है तथा कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर महाभारत युद्ध से पूर्व श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश का अंश है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश साम्राज्य के दौर में आठ अक्तूबर 1932 को हुई थी। एक अप्रैल 1933 को कराची में भारतीय वायुसेना की नंबर एक स्क्वाड्रन का गठन किया गया था जिसमें छह भारतीय अधिकारी शामिल हुए थे। उन्हीं अधिकारियों में शामिल 'सुब्रतो मुखर्जी' ने एक अप्रैल 1954 को आजाद भारत के प्रथम भारतीय वायुसेना प्रमुख के रूप में कमान संभाली थी। दूसरी जंगे अजीम से लेकर कारगिल युद्ध तथा कई सैन्य अभियानों में भारतीय वायुसेना महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी है। द्वितीय विश्व युद्ध में उत्तरी थाईलैंड के मोर्चे पर जापानी सैन्य ठिकानों पर जोरदार हमलों को अंजाम देकर भारतीय वायुसेना के पायलटों ने अपने शौर्य पराक्रम की तस्दीक कर दी थी। भारतीय पायलटों की बहादुरी से प्रभावित होकर बर्तानिया बादशाही ने भारतीय वायुसेना को 'रॉयल' की उपाधि दी थी, मगर आजादी के बाद सन-1950 में रॉयल शब्द हटा दिया गया था।

भारतीय वायुसेना की स्थापना भले ही 1932 में हुई थी, मगर भारत के चार पायलटों कृष्ण चंद्र वेंलिकर, हरिदत्त सिंह मलिक, एरोल सुवो चंद्र सेन व इंद्र लाल रॉय ने प्रथम विश्व युद्ध में ब्रिटिश वायुसेना का हिस्सा बनकर जंग में अपने जौहर दिखाए थे। प्रथम विश्व युद्ध में दुश्मन के कई फाइटर प्लेन को मार गिराकर फ्लाइट लेफ्टिनेंट इंद्र लाल रॉय 22 जुलाई 1918 को फ्रांस के वेस्टर्न फ्रंरट पर शहीद हो गए थे। युद्ध में वीरता का परिचय देकर शहीद हुए इंद्र लाल रॉय को बर्तानिया हुकूमत ने अपने तीसरे प्रतिष्ठित गैलेंट्री अवार्ड 'विशिष्ट फ्लाइंग क्रॉस' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया था। इंद्र लाल रॉय 'डीएफसी' सम्मान प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय थे। 30 जून 1918 को कृष्ण चंद्र वेलिंकर भी प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हो गए थे। भारत सरकार ने इंद्र लाल रॉय के सम्मान में सन1998 में डाक टिकट भी जारी किया था। वायुसेना दिवस के अवसर पर हिमाचल के शूरवीर वायुवीरों का जिक्र करना भी जरूरी है। हिमाचल के रणबांकुरों ने देश रक्षा के महाज पर



शूरवीरता के शिलालेख लिखकर पहाड़ के शौर्य को हमेशा सर्वश्रेष्ठ साबित किया है। हिमाचल के साहसी पायलट बलदेव सिंह डोगरा ने सन-1942 में इंडियन एयर फोर्स में भर्ती होकर दूसरी जंगे अजीम में भाग लिया था। सन-1947-48 में कश्मीर पर पाक सेना के हमले के दौरान स्क्वाड्रन लीडर बलदेव सिंह डोगरा ने कश्मीर के 'कोहला बाग रोड' पर पाक लाव लश्कर पर जोरदार हवाई हमले करके पाक पेशकदमी को ध्वस्त करके कश्मीर को बचाने में अहम किरदार निभाया था। कश्मीर युद्ध में शूरवीरता का परिचय देने वाले बलदेव सिंह डोगरा को भारत सरकार ने सन-1950 में 'वीर चक्र' से नवाजा था। सन- 1965 की भारत-पाक जंग में भारतीय वायुसेना का प्रंचड रूप देखने को मिला था। 1965 युद्ध में पाक सेना जम्मू के अखनूर पुल पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़ रही थी। युद्ध में पाक थलसेना की पेशकदमी को पाक एयरफोर्स की पूरी मदद मिल रही थी। उस वक्त हिमाचल के जांबाज लड़ाकू पायलट 'वीरेंद्र सिंह पठानिया' ने चार सितंबर 1965 के दिन अपने फॉलैंड ग्नैट जैट के साथ छंब सेक्टर में पाकिस्तानी सेबर जेट को मार गिराकर अखनूर पुल को कब्जा करके कश्मीर फतह का ख्वाब देख रहे पाक सिपहसालारों के अरमानों को ध्वस्त कर दिया था।

रणक्षेत्र में पाक सेबर जेट के नेस्तनाबूद होने से पाक वायुसेना का एक बड़ा हमला विफल हुआ था। मैदाने जंग में अदम्य साहस का परिचय देने वाले वीरेंद्र सिंह पठानिया को 'वीर चक्र' से सरफराज किया गया था। 14 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के छह एफ-86 लड़ाकू विमानों ने श्रीनगर एयरफील्ड पर हमला बोल दिया था। उस समय स्कवाड्रन लीडर वीरेंद्र सिंह पठानिया श्रीनगर एयरबेस पर ट्रैफिक कंट्रोल का कार्यभार संभाल रहे थे। श्रीनगर एयरबेस पर हुए उस पाक फिजाई हमले को फ्लाइंग ऑफिसर 'निर्मल जीत सिंह शेखों' ने चुनौती पेश करके पाकिस्तान के दो एफ- 86 विमानों को मार गिराकर श्रीनगर एयरबेस को महफूज बचा लिया था। मगर दुश्मन के लड़ाकू विमानों का सामना करते वक्त निर्मलजीत शेखों रणभूमि में ही बलिदान हो गए थे। दुश्मन के समक्ष उच्चकोटी के शौर्य के लिए निर्मलजीत सिंह शेखों को सर्वोच्च सैन्य पदक 'परमवीर चक्र' (मरणोपंरात) से अलंकृत किया गया था। श्रीनगर एयरबेस पर पाक हमले को नाकाम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए विंग कमांडर वीरेंद्र सिंह पठानिया को भी 'वायुसेना मेडल' से सम्मानित किया गया था। कीलर बंधुओं का जिक्र किए बिना वायुसेना का इतिहास अधूरा रहेगा। स्क्वाड्रन लीडर 'ट्रेवर कीलर' ने तीन सितंबर 1965 को छंब सेक्टर में पाक लड़ाकू एयरक्राफ्ट को जमींदोज कर दिया था। ट्रेवर के बड़े भाई 'डेंजिल कीलर' ने 19 सितंबर 1965 को अखनूर सेक्टर में पाक सेबर जेट को मार गिराया था। दुश्मन के समक्ष बहादुरी के लिए दोनों कीलर भाईयों को 'वीर चक्र' प्रदान किए गए थे। 1965 की जंग में पाकिस्तान का पहला लड़ाकू एयरक्राफ्ट मार गिराने वाले पायलट ट्रेवर कीलर थे तथा उसी युद्ध में पाकिस्तान का दूसरा सेबर जेट वीरेंद्र सिंह पठानिया ने ध्वस्त किया था। नतीजतन भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता से पाक बख्तरबंद सेना लडख़ड़ा गई थी। अफसोस रणभूमि में सदैव अपना वर्चस्व सिद्ध करने वाले वायुवीरों को भुला दिया गया। मौजूदा दौर में जंग की सूरत में वायुसेना की भूमिका बेहद अहम है। अतः आसमान की परवाज पर अदम्य साहस का परिचय देने वाली भारतीय वायुसेना का अत्यधुनिक जंगी विमानों से लैस होना अति आवश्यक है। बहरहाल वायुसेना की विजयगाथा में दास्तान-ए-शुजात की एक समृद्ध विरासत स्थापित करने वाले जांबाज वायुवीरों की शूरवीरता का इतिहास यदि शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल हो तो छात्र वर्ग को यकीनन प्रेरणा मिलेगी। विश्व की चौथी ताकतवर इंडियन एयर फोर्स को 91वें वायुसेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

भारतीय वायुसेना का यह आदर्श वाक्य श्रीमद्भागवद्गीता के ग्यारहवें अध्याय के 24वें श्लोक का भाग है तथा कुरुक्षेत्र की रणभूमि पर महाभारत युद्ध से पूर्व श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश का अंश है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश साम्राज्य के दौर में आठ अक्तूबर 1932 को हुई थी। एक अप्रैल 1933 को कराची में भारतीय वायुसेना की नंबर एक स्क्वाड्रन का गठन किया गया था जिसमें छह भारतीय अधिकारी शामिल हुए थे।

# केंद्र ने नौकरशाही को दिया सख्त संदेश

**केंद्र** की मोदी सरकार ने 1994 बैच की अरुणाचल प्रदेश सरकार में सेवारत आईएएस अधिकारी रिंकू दुग्गा को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया। पिछले साल मई में रिंकू दुग्गा और उनके पति संजीव खिरवार का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो कुत्ता घुमाते हुए नजर आ रहे थे। स्टेडियम में एथलीटों और कोचों को उस दिन अपना अभ्यास सत्र जल्दी खत्म करने और जगह खाली करने के लिए कहा गया था ताकि आईएएस दंपती अपने कुत्ते को घुमा सकें। केंद्र सरकार ने रिंकू दुग्गा को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देकर नौकरशाहों को संदेश दे दिया है कि जनता जनार्दन देश में सर्वोच्च है। इस मामले में किसी भी तरह की कोताही, लापरवाही और भ्रष्टाचार केंद्र सरकार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। कुत्ता टहलाने और एथलीटों को बाहर किए जाने के मामले में केंद्र सरकार ने रिंकू दुग्गा और उनके पति संजीव खिरवार के खिलाफ जांच कराई थी। इस रिपोर्ट से एथलीटों और जनता में भारी आक्रोश फैल गया था। इसके बाद दिल्ली सरकार में प्रमुख सचिव (राजस्व) के रूप में काम करने वाले संजीव खिरवार को लद्दाख में स्थानांतरित कर दिया गया था। वहीं दुग्गा को अरुणाचल प्रदेश में स्वदेशी मामलों के प्रमुख सचिव के रूप में तैनात किया गया था। इससे पहले भी केंद्र की भाजपा सरकार ने देशभर के सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को एक सख्त चेतावनी जारी की थी। कर्मचारियों को काम को लेकर सतर्क रहने और लापरवाही नहीं बरतने के आदेश दिए गए हैं। अगर ऐसा होता है तो रिटायरमेंट के बाद पेंशन व ग्रेच्युटी रोकने के निर्देश दिए गए। इस आदेश पर राज्य सरकारों से अपने स्तर पर फैसला लेने को कहा गया था। केंद्र में करीब दस साल पहले सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने सरकारी दफ्तरों में पसरी लापरवाही, लालफीताशाही, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी। केंद्र में सत्ता संभालने के साथ ही सरकार को पता चला था कि दिल्ली में आईएएस और कुछ अन्य अधिकारी कार्यालय के समय में गोल्फ खेलने चले जाते हैं। इस पर सरकार एक्शन में आ गई। सभी अधिकारियों को आगाह किया गया कि कार्यालय समय के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी निजी कार्य से नहीं जा सकता। आईएएस अधिकारियों को ऐसी उम्मीद नहीं थी कि उनकी लगाम थामने वाला भी कोई हो सकता है। दरअसल पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने नौकरशाही को मनमर्जी करने की छूट दे रखी थी। यही वजह रही कि अधिकारियों में हर तरह का दुस्साहस पैदा हो गया। अधिकारी नौकरी को निजी मिल्कियत समझ कर आम लोगों से अंग्रेजी शासन की तरह व्यवहार करने लगे। दूसरे शब्दों में कहें तो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मंत्री-नेताओं की शह पाकर नौकरशाही आम अवाम की सिरमौर बन बैठी। केंद्र में सरकार के पलटते ही नौकरशाहों की हरकतों पर गहरी नजर रखी गई। मौजूदा केंद्र सरकार ने साफ संदेश दे दिया कि आम लोगों की कीमत पर कुछ भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सत्ता संभालने के बाद मोदी सरकार ने कठोर कार्रवाई करते हुए ग्रुप-ए और बी स्तर के कुल 312 अफसरों को जबरन रिटायर कर दिया। सरकार ने ग्रुप-ए के 36000 कर्मचारियों और ग्रुप-बी के 82000 कर्मचारियों के काम का रिव्यू किया। इनमें से 312 अफसर नकारा मिले। इनमें ग्रुप-ए के 125 अफसर और ग्रुप-बी के 187 अफसर शामिल हैं। विभागीय स्तर पर कर्मचारी-अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा के साथ केंद्र सरकार ने भ्रष्ट और नाकारा अफसरों को भी सबक सिखाने की ठान ली। सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को पूरी तरह से ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की छूट दी। केंद्र सरकार के कदम से कदम मिला कर सीबीआई ने अफसरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। सीबीआई ने 44 आईएएस और 12 आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किए। पिछले छह साल में 3464 शिकायतें आईएएस अधिकारियों के खिलाफ वित्तीय और आपराधिक मामलों के तहत प्राप्त हुई हैं। अहम बात यह है कि शिकायतों के मामले हर साल बढ़ते गए हैं। मसलन जहां 2015-2016 में 380 आईएएस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई, वह 2019-20 में करीब दोगुनी होकर 753 तक पहुंच गई। कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा 10 मार्च 2021 को लोकसभा में दिए गए जवाब के अनुसार वित्त वर्ष 2015-16 से फरवरी 2021 तक आईएएस अधिकारियों के खिलाफ वित्तीय और आपराधिक मामलों के तहत कुल 3464 शिकायतें प्राप्त हुईं। सीबीआई के अनुसार इस अवधि में 44 आईएएस और 12 आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं, जबकि इस अविध में 43 आईएएस और 17 आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ केंद्र सरकार ने कार्रवाई की है। प्रतिष्ठित भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) से 27 वरिष्ठ अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त करने के कुछ दिनों बाद सरकार ने सभी मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) से समय से पहले सेवानिवृत्ति के लिए हर महीने अधिकारियों के नामों की सिफारिश करने को कहा। केंद्र सरकार के 104 कर्मचारियों पर साल 2021-22 में कार्रवाई की गई। इनमें ग्रुप-ए के सबसे अधिक 45 कर्मचारी हैं। केंद्र सरकार के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी रहा। ये कार्रवाई प्रदर्शन, हाजिरी और अनुशासनात्मक मामलों को लेकर की गई। सरकार ने मौजूदा साक्ष्यों के आधार पर भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की और उन्हें रिटायर कर दिया। यह कार्रवाई फंडामेंटल रूल्स (एफ आर) 56 (जे), (आई), सेंट्रल सिविल सर्विसेज (सीसीएस) पेंशन रूल्स 1972 और आल इंडिया सर्विसेज के संशोधित रूल 16 (3) को ध्यान में रखकर की गई है।

दुग्गा को अरुणाचल प्रदेश में स्वदेशी मामलों के प्रमुख सचिव के रूप में तैनात किया गया था। इससे पहले भी केंद्र की भाजपा सरकार ने देशभर के सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को एक सख्त चेतावनी जारी की थी। कर्मचारियों को काम को लेकर सतर्क रहने और लापरवाही नहीं बरतने के आदेश दिए गए हैं। अगर ऐसा होता है तो रिटायरमेंट के बाद पेंशन व ग्रेच्युटी रोकने के निर्देश दिए गए। इस आदेश पर राज्य सरकारों से अपने स्तर पर फैसला लेने को कहा गया था। केंद्र में करीब दस साल पहले सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने सरकारी दफ्तरों में पसरी लापरवाही, लालफीताशाही, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी। केंद्र में सत्ता संभालने के साथ ही सरकार को पता चला था कि दिल्ली में आईएएस और कुछ अन्य अधिकारी कार्यालय के समय में गोल्फ खेलने चले जाते हैं। इस पर सरकार एक्शन में आ गई।

## दृष्टिकोण

# रुख में नरमी काफी नहीं

**कनाडा** के साथ रिश्तों में आई दरार के बीच भारत दोनों तरफ राजनयिकों की मौजूदगी में समानता सुनिश्चित करने को लेकर अपने रुख पर अड़ा है। दोनों के बीच तकरार का यह मुद्दा इस लिहाज से दिलचस्प कहा जा सकता है कि भारत इस पर खुलकर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रख रहा है जबकि कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो कह रहे हैं कि वह कूटनीतिक चैनलों के जरिए ही संवाद करना चाहेंगे क्योंकि कूटनीति अपने प्राइवेट रूप में ज्यादा प्रभावी होती है। उनकी इस बात से कोई असहमति नहीं हो सकती, लेकिन यह बात हैरान जरूर करती है कि इस सचाई का अहसास उन्हें इतनी देर से हुआ। वरना अपने देश में हुई एक हत्या का इल्जाम खुले रूप में भारत के मत्थे मढ़कर वह दोनों देशों के रिश्तों को यूं खतरे में नहीं डालते। वह भी तब, जबकि इस इल्जाम को सही साबित करने वाले सबूत भी हाथ में न हों। हो सकता है उन्हें ऐसा लगा हो कि अगर वह ऐसा करेंगे तो उससे ज्यादा दबाव बनेगा और फिर भारत को झुकाना संभव हो जाएगा। मगर पिछले करीब एक पखवाड़े के अनुभव ने साबित कर दिया कि यह उनकी गलतफहमी थी। इस दौरान वह



न तो अपने दावे के पक्ष में कोई ठोस सबूत दे सके और न ही अन्य देशों को भारत के खिलाफ अपनी तरफ गोलबंद कर सके। उनके रुख में बदलाव के पीछे इस ठोस हकीकत की भूमिका हो सकती है। लेकिन इसके आगे की सचाई यह है कि भारत लगातार कनाडा पर खालिस्तानी तत्वों को खुली छूट देने का जो आरोप लगाता रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। न तो खालिस्तानी तत्वों ने कनाडा में अपनी सक्रियता घटाई है और न ही कनाडा सरकार उन पर किसी तरह की सख्ती करती नजर आ रही है। भारतीय राजनयिकों के खिलाफ जो पोस्टर हटा लिए गए थे, वे फिर से गुरुद्वारों में लगा दिए गए हैं। इस बीच ये खबरें भी फैलाई जा रही हैं कि कनाडाई इंटेलिजेंस एजेंसी ने ब्रिटिश कोलंबिया के सिखों को सतर्क रहने को कहा है क्योंकि कथित भारतीय एजेंट कुछ खालिस्तानियों को मारने के प्रयास में हैं। इस संबंध में महत्वपूर्ण बात यह है कि कनाडा सरकार की तरफ से इन खबरों का खंडन भी नहीं किया जा रहा। यही नहीं, खालिस्तान समर्थक ग्रुप्स वेंकुवर में इंडियन कॉन्सुलेट के सामने अगले 21 अक्टूबर को 'किल इंडिया' कार रैली करने की तैयारी कर रहे हैं जिसका मकसद 28 अक्टूबर को होने वाले कथित जनमतसंग्रह के लिए फंड जुटाना बताया जा रहा है। जाहिर है, कनाडा के पीएम ट्रूडो को समझना होगा कि दोनों देशों के रिश्ते इस तरह के माहौल में नहीं फल-फूल सकते। कूटनीति की कामयाबी के लिए प्राइवेसी के साथ ही आपसी विश्वास और पारस्परिक हितों के प्रति सम्मान का भाव होना भी जरूरी है।

## देश दुनीया से

# वैश्विक संदर्भ में अंबेडकर की प्रासंगिकता

**डा.** भीमराव रामजी आम्बेडकर जी की सबसे ऊंची प्रतिमा यूएसए के मैरीलैंड प्रान्त में लग रही है। आम्बेडकर के चिन्तन को लेकर दूसरे द्वीपों में भी चर्चा शुरू हुई है, यह सचमुच प्रसन्नता की बात है। लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है। आम्बेडकर के व्यक्तित्व के दो पक्ष हैं। चिन्तक का और दूसरा सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय नेतृत्व का। उन्होंने चिन्तक के रूप में भारतीय सामाजिक संरचना और व्यवस्था का गहरा अध्ययन किया। कालक्रम से उसमें घर कर गई विकृतियों की कारण मीमांसा की। यह कारण मीमांसा पश्चिमी समाजशास्त्रियों द्वारा भारतीय या हिन्दू समाज की विकृतियों के लिए स्थापित किए गए निष्कर्षों से मेल नहीं खाती। उसका कारण आम्बेडकर की भारतीय दृष्टि थी और वे अपने समाज के सभी पक्षों को गोरे समाजशास्त्रियों से बेहतर जानते थे। इसका उन्होंने एकाध बार संकेत भी किया है। लेकिन आम्बेडकर कारण मीमांसा के बाद चुप नहीं बैठे। वे उसके निराकरण के लिए धरातल पर सक्रिय हो गए। अपने इन आन्दोलनों में उन्हें कहीं सफलता मिली और कहीं असफलता, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। जब उन्हें विभाजन के बाद शेष भारत के लिए संविधान बनाने का अवसर मिला तो उन्होंने अनेक सामाजिक विषमताओं को समाप्त करने के विधिक रास्ते तलाश किए। उसके कारण वर्तमान में भारतीय/हिन्दू समाज में बहुत परिवर्तन सहज ही दिखाई देता है। लेकिन दुनिया के दूसरे छोर पर भी सामाजिक व्यवस्थाओं में प्रजाति व रंग के आधार पर अमानवीय भेदभावपूर्ण व्यवहार का साम्राज्य व्याप्त है। अमानवीय व्यवहार का यह साम्राज्य उसी क्षेत्र में व्याप्त है जिसमें कभी 'स्टैच्यू आफ लिबर्टी' स्थापित कर स्वतंत्रता व समानता की घोषणा की गई थी। उसी क्षेत्र यानी उत्तरी अमेरिका में अब आम्बेडकर की सबसे बड़ी मूर्ति स्थापित की जा रही है। क्या यह उत्तरी अमेरिका में अफ्रीकी समुदाय और इंडियन समुदाय (उत्तरी अमेरिका में इंडियन वे हैं जिनके पूर्वज पन्द्रह बीस हजार साल पहले जम्बूद्वीप/एशिया से साइबेरिया होते हुए वहां पहुंचे थे) से गोरे लोगों द्वारा किए गए भेदभाव के खिलाफ एक नए संघर्ष की शुरुआत मानी जाए? इसकी शुरुआत आम्बेडकर के रास्ते पर चल कर होगी? आम्बेडकर के संघर्ष का वह रास्ता जो अन्ततः तथागत बुद्ध के रास्ते से जाकर मिल जाता है। इंडियन को उत्तरी अमेरिका यानी यूएसए व कनाडा में गए हुए बीस हजार साल हो गए हैं। उन्होंने इन प्रदेशों को आबाद किया। अपने कठिन परिश्रम से वहां बस्तियां आबाद की। जीवन मूल्यों के आधार पर परिवार व समाज की संरचना की। ऐसा समाज जो धरती को मां मानता था। लेकिन आज से पांच सौ साल पहले वहां स्पेन, इंग्लैंड, फ्रांस व पुर्तगाल इत्यादि से यूरोपीय लोग पहुंचे। इंडियन, जो अतिथि सत्कार को धर्म मानते थे, ने इनका हार्दिक स्वागत ही नहीं किया बल्कि उन्हें खाने के लिए अन्न, जल और आवास तक दिया। परन्तु इन गोरे लोगों ने जिनके जीवन मूल्य शोषण पर आधारित थे, इन इंडियन को गुलाम बनाया, उनका मतान्तरण किया, बहुत बड़ी संख्या में उनकी हत्या की और धीरे धीरे उन्हें उनके देश में ही दोयम दर्जे के नागरिक बना दिया। उन्हें 'रिजर्व' में ही सीमित कर दिया। आज उनका उत्तरी अमेरिका के देशों की सत्ता में कोई स्थान नहीं है। गोरे उन्हें हिकारत से देखते हैं। ऐसा ही एक दूसरा समुदाय अफ्रीकियों का है जिनका उत्तरी अमेरिका में आगमन बड़ी मुश्किल से दो तीन सौ साल पहले हुआ। लेकिन वे अपनी इच्छा से इंडियन की तरह साइबेरिया के रास्ते उत्तरी अमेरिका नहीं पहुंचे थे, बल्कि उन्हें अफ्रीकी देशों से गोरों की कम्पनियां धोखे से लेकर आई थीं। ये कम्पनियां इन अफ्रीकी लोगों की खरीद फरोख्त का काम अखबारों में विज्ञापन देकर करती थीं। इन अफ्रीकियों को बेचने के लिए उसी प्रकार बाजार लगता था, जैसे बकरी भेड़ बेचने के लिए बाजार सजता है। इस प्रकार बिके हुए अफ्रीकी पुरुष स्त्रियां अपने मालिकों की सम्पत्ति मानी जाती थी। इतना ही नहीं, इन गुलामों के बच्चे भी उसी मालिक के गुलाम माने जाते थे। यहां तक कि 1865 तक आते आते अफ्रीकियों को गुलाम बनाने के प्रश्न पर यूएसए ही टूट गया। कान्फेडरेट स्टेट्स आफ अमेरिका के नाम से एक हिस्सा टूट कर नया देश बन गया।

चिन्तक का और दूसरा सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय नेतृत्व का। उन्होंने चिन्तक के रूप में भारतीय सामाजिक संरचना और व्यवस्था का गहरा अध्ययन किया। कालक्रम से उसमें घर कर गई विकृतियों की कारण मीमांसा की। यह कारण मीमांसा पश्चिमी समाजशास्त्रियों द्वारा भारतीय या हिन्दू समाज की विकृतियों के लिए स्थापित किए गए निष्कर्षों से मेल नहीं खाती। उसका कारण आम्बेडकर की भारतीय दृष्टि थी और वे अपने समाज के सभी पक्षों को गोरे समाजशास्त्रियों से बेहतर जानते थे। इसका उन्होंने एकाध बार संकेत भी किया है। लेकिन आम्बेडकर कारण मीमांसा के बाद चुप नहीं बैठे। वे उसके निराकरण के लिए धरातल पर सक्रिय हो गए।





# पीएम ट्रूडो का बिना ठोस सबूत के आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण', यूएसआईएसपीएफ प्रमुख ने साधा निशाना

**वाशिंगटन ।**
आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर भारत-कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच, यूएसआईएसपीएफ ने कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा पिछले महीने भारत पर बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। ट्रूडो द्वारा जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों को जोड़ने के आरोप के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कनाडा में भारतीय राजनयिकों और परिसरों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ट्रूडो ने बिना किसी ठोस सबूत के भारत पर आरोप लगाए। इससे दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच संबंध बहुत पुराने हैं। दोनों के बीच एक बड़ा व्यापार है। 230,000 से अधिक भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे हैं। कनाडा ने भारत में करीब 55 अरब डॉलर का निवेश किया है। इन सबके के बीच, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनाडा के प्रधानमंत्री संसद में जाते हैं और बिना किसी सबूत दिए आरोप लगा देते हैं।' अघी ने कहा, मुझे लगता है कि दिमागदार लोगों को शांति से बात करके स्थिति संभालने की जरूरत है। क्योंकि कनाडा भारत पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका का लाभ उठाने जा रहा है। एक सवाल के जवाब में अघी ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध भूराजनीतिक हैं। यह आर्थिक मुद्दों और भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों से जुड़ा हुआ है। कनाडा और भारत के बीच राजनयिक विवाद का असर भारत-अमेरिका संबंधों पर पड़ेगा। हालांकि, आने वाले समय में संबंध गहरे और व्यापक होते रहेंगे। अघी के अनुसार, कनाडाई प्रधानमंत्री के आरोप घरेलू राजनीति और अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए सिख प्रभुत्व वाली पार्टी पर उनकी निर्भरता से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले के पीछे दो कारण है। एक घरेलू राजनीति दूसरा दोनों देशों के पीएम के बीच बातचीत अच्छी नहीं रही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ट्रूडो का समर्थन करने वाली एनडीपी सिख बहुल पार्टी है। यह दुख की बात है क्योंकि घरेलू राजनीति को आगे बढ़ाने से पहले हमेशा राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देना चाहिए। दूसरा फैक्टर यह है कि पीएम ट्रूडो और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच दूसरी बार हुई बातचीत बहुत गर्मजोशी भरी नहीं रही। ऐसा लगता है कि ट्रूडो इससे नाराज थे और यह बात संसद में उनके बयान से साफ है।

## न्यूज ब्रीफ

### जिस सिख की कार पर हुआ था हमला, उसने खालिस्तानियों को लेकर जताई चिंता, कहा- नौ महीने से मिल रहीं धमकियां

**लंदन ।** भारत सहित कई पश्चिमी देशों में इन दिनों खालिस्तान को लेकर संघर्ष जारी है। हाल ही में इंग्लैंड में एक खालिस्तानी विरोधी सिख की कार पर चरमपंथियों ने फायरिंग कर दी थी। उन्होंने गाड़ी में तोड़फोड़ भी की थी। इसका एक वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इंग्लैंड के पश्चिमी लंदन में रहने वाले हरमन सिंह कपूर ने इस घटना पर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि वह लंदन में 26 साल से रह रहे हैं। पिछले डेढ़ साल में ब्रिटेन में खालिस्तानी गतिविधियां ज्यादा बढ़ गई हैं। हरमन ने कहा, 'मैंने घटना का एक वीडियो पोस्ट किया, जो वायरल हो गया था। नौ महीने से अधिक समय से मुझे धमकियां मिल रही हैं और मुझ पर हमले भी हुए हैं। वे चाहते थे कि मैं यह वीडियो हटा दूं और उनसे माफी मांगूं, लेकिन मैंने इससे साफ मना कर दिया।' उन्होंने कहा कि चूंकि वह लंदन में रह रहे थे, तो उन्होंने सोचा कि वह सुरक्षित हैं। हालांकि, वह गलत साबित हुए। भारतीय मूल के सिख ने कहा कि खालिस्तानी समर्थक उन्हें ऑनलाइन धमकियां देकर मानसिक तौर पर प्रताड़ित कर रहे हैं। साथ ही, इस साल 25 फरवरी को उन लोगों ने हमला भी किया। वो सभी सिख, हिंदू और भारत को बुरा-भला कह रहे थे। हरमन ने कहा, 'मैं इस लड़ाई को खत्म करना चाहता हूं। अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सिर्फ मामले दर्ज किए गए हैं। खालिस्तानी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्हें पुलिस का समर्थन भी मिल रहा है।' उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि खालिस्तानियों को तभी गिरफ्तार किया जाएगा, जब देश के किसी बड़े अधिकारी पर हमला होगा। विदेशी मीडिया के अनुसार, ब्रिटिश हिंदुओं की पक्षधर इनसाइटुक-दो ने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें दावा किया गया था कि अज्ञात हमलावरों ने हरमन सिंह कपूर की कार पर गोलियां चलाई हैं। साथ ही वीडियो में दावा किया गया था कि अज्ञात हमलावर कपूर के परिजनों को धमकियां दे रहे हैं और दुष्कर्म की भी धमकियां दी जा रही हैं। हालांकि, लंदन पुलिस ने अबतक कोई औपचारिक बयान नहीं दिया था। ब्रिटेन में भारत के उच्चायोग ने एक बयान जारी कर कहा था कि खालिस्तानी आतंकी उन्हें धमका रहे हैं। कपूर को धमकाया जा रहा है और उनके परिवार को भी धमकाया जा रहा है। उनका परिवार पुलिस का इतंजार कर रहा है। आशंका है कि खालिस्तानी आतंकियों ने ही कपूर की गाड़ी पर हमला किया है।



### लंदन में तेलंगाना सीएम की बेटी ने की महिला आरक्षण बिल की तारीफ, डॉ. भीम राव आंबेडकर को भी किया याद

**लंदन ।** भारत राष्ट्र समिति की नेता कल्वाकुंतला कविता लंदन के दौरे पर हैं। कविता अपनी दो दिनी यात्रा के लिए लंदन पहुंची हैं। कल्वाकुंतल उत्तरी लंदन के अंबेडकर संग्रहालय गईं। यहां उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की वकालत करने में उनके वैश्विक प्रभाव ने विशेष रूप से उन्हें प्रभावित किया है। बता दें, कविता तेलंगाना की मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी हैं और विधान परिषद सदस्य हैं। लंदन में बीआरएस नेता ने दलित अधिकार कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने भारतीय संविधान के वास्तुकार डॉ. भीम राव आंबेडकर के सिद्धांतों से बहुत प्रेरणा ली है। महिलाओं की वकालत करने में आंबेडकर के वैश्विक प्रभाव ने मेरे पिता को प्रभावित किया था। हमारे पार्टी के नेता केसीआर गारू 14 वर्षों तक सिर्फ आंबेडकर साहब के सिद्धांतों पर आंदोलन किया था। कविता ने भारत की संसद में पारित महिला आरक्षण बिल पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आंबेडकर से प्रभावित होकर ही मैंने महिला क्रांति की वकालत की। बाबा साहब के कारण ही मैंने महिला आरक्षण की वकालत की। हालिया कानून एक स्मारकीय कदम है। कानून के कारण देश की 181 महिलाएं हमारे देश की कहानी बदलने में महत्वपूर्ण कदम उठाएंगी।



### अमेरिका ने मॉस्को पर किया पलटवार, दो रूसी राजनयिकों देश छोड़कर जाने का आदेश

**वाशिंगटन ।** बता दें, राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने यह कदम रूस द्वारा दो अमेरिकी राजनयिकों को एक पूर्व कांसुलर कर्मचारी के साथ संपर्क के लिए निष्कासित करने के बाद उठाया है, जिस पर संवेदनशील जानकारी एकत्र करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि, अमेरिका ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि अमेरिका रूसी सरकार के अनुचित व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेगा। फिलहाल, यह जानकारी सामने नहीं आई है कि रूस के किन राजनयिकों को निष्कासित किया गया है, लेकिन इन्हें सात दिन के भीतर अमेरिका छोड़ देने के लिए कहा गया है। इतना ही समय अमेरिकी राजनयिक जेफरी सिलिन और डेविड बर्नस्टीन को भी दिया गया था।

# पाकिस्तान में परमाणु बम ठिकाने के पास विस्फोट, घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर तक दिखा असर

**इस्लामाबाद ।**
पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के डेरा गाजी खान जिले में विस्फोट हुआ है। यह विस्फोट परमाणु ठिकाने के पास हुआ है। अभी तक इसके कारणों का पता नहीं चला है। साल 2012 में तहरीक-ए-तालिबान के आतंकियों ने इस परमाणु ठिकाने को उड़ाने की धमकी दी थी। पाकिस्तान ने डेरा गाजी में ही यूरेनियम का भंडार भी बनाया हुआ है। यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा परमाणु केंद्र बताया जाता है।

सूत्रों का कहना है कि यह विस्फोट परमाणु ठिकाने के अंदर हुआ है, वहीं पाकिस्तानी मीडिया इसका खंडन कर रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि यह पाकिस्तान की विस्फोट को छिपाने की कोशिश है। एक्स पर एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें विस्फोट के बाद गाड़ियां भागती हुई दिख रही हैं। कई लोगों ने ट्वीट कर परमाणु ठिकाने के पास विस्फोट की पुष्टि की है। पाकिस्तान का डेरा गाजी इलाका टीटीपी आतंकियों का गढ़ माना जाता है।

**विस्फोट नहीं, बल्कि सोनिक बूम : अधिकारी** - डेरा गाजी खान के कमिश्नर नासिर महमूद ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो बयान में कहा कि पंजाब प्रांत में जोरदार विस्फोट की आवाज सोनिक बूम के कारण हो सकती है क्योंकि बमबारी की घटना या तोड़फोड़ की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, एक्स पर प्रसारित वीडियो में लोगों को क्षेत्र खाली करते हुए दिखाया गया, जबकि बचाव दल और पुलिस कर्मी इधर-उधर भागते देखे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डीजी खान या आसपास के इलाकों में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। महमूद ने कहा कि शोर संभवतः ध्वनि अवरोध के टूटने के कारण हुआ था, ऐसी घटनाएं सामान्य हैं।



**पाकिस्तान के पास कितने परमाणु हथियार** - इसी साल सितंबर माह में अमेरिका के शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों ने दावा किया था कि पाकिस्तान के पास अभी करीब 170 परमाणु हथियारों का भंडार है, जो वर्तमान विकास दर से 2025 तक बढ़कर 200 हो जाएंगे। बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स में प्रकाशित न्यूक्लियर नोटबुक शीर्षक के लेख में वैज्ञानिकों ने कहा था कि हमारा अनुमान है कि पाकिस्तान के पास अब करीब 170 परमाणु हथियार हैं। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने 1999 में अनुमान लगाया था कि पाकिस्तान के पास 2020 तक 60-80 परमाणु हथियार हो जाएंगे लेकिन तब से कई नई हथियार प्रणालियों के विकसित होने से यह आंकड़ा आगे बढ़ गया है। न्यूक्लियर नोटबुक कॉलम, 1987 से एटॉमिक साइंटिस्ट बुलेटिन में प्रकाशित किया गया था। लेख के अनुसार, यह अनुमान अनिश्चित है क्योंकि पाकिस्तान की तरफ से अपने परमाणु हथियारों की ज्यादा जानकारी प्रकाशित नहीं की जाती है। अनुमान के लिए मीडिया रिपोर्ट्स, थिंक टैंक विश्लेषण और उद्योग प्रकाशन शामिल हैं। साथ ही सैटेलाइट तस्वीरों का भी विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान फिलहाल हर साल 14-27 नए हथियारों को बनाने लायक मैटेरियल का उत्पादन कर रहा है, लेकिन फिलहाल पाकिस्तान सालान औसतन 5-10 परमाणु हथियार बना रहा है।

### पाकिस्तान का दोगलापन, सीएए पर भारत का विरोध करने वाला खुद दिखा रहा अवैध प्रवासियों को बाहर का रास्ता



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान सरकार ने करीब 17 लाख अफगान शरणार्थियों समेत सभी अवैध प्रवासियों को 31 अक्तूबर तक देश से बाहर निकालने की अपनी योजना पर आगे बढ़ने का फैसला किया है। पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि यह फैसला अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों को देखते हुए लिया गया है। बता दें, यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब कानून प्रवर्तन एजेंसियां उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं, जिन्हें वे अवैध एलियंस कहते हैं। गौरतलब हैं, पिछले एक हफ्ते में बड़ी संख्या में परिवार सीमा पार करके अफगानिस्तान में प्रवेश कर रहे हैं। कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने कहा कि कोई भी देश अपने यहां अवैध रूप से आए लोगों को नहीं रहने देना चाहता है। चाहें वो यूरोप हो या दुनिया में कोई और देश। इसलिए अंतरराष्ट्रीय अभ्यास को देखते हुए यह फैसला लिया है। गौरतलब है, अवैध प्रवासियों को 31 अक्तूबर तक देश छोड़ने या एक नवंबर से जबरन निष्कासन का सामना करने के लिए कहने के पाकिस्तान के फैसले की आलोचना हो रही है। यूएनएचसीआर तथा एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसे संगठनों ने सरकार से अपनी योजनाओं पर पुनर्विचार करने की मांग की है। काबुल में तालिबान सरकार ने भी इस कदम पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है। इस पर जिलानी ने कहा, जब भी कोई समस्या होती थी, लोग पाकिस्तान चले आते थे। यहां शरण ले लेते थे। हालांकि, 40 साल से ज्यादा समय हो गया है इसलिए हमने यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बहुत लंबे समय से प्रवासियों के मुद्दे को लेकर अफगानिस्तान से बात करने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मानवधिकार एजेंसियों से भी मदद मांग रहा है। पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने पंजाब में अवैध रूप से रह रहे सभी विदेशी नागरिकों से स्वेच्छा से देश छोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रांतीय अधिकारियों ने विदेशी निवासियों के बारे में शुरुआती आंकड़े एकत्र किए हैं।

# मैक्सिको में बड़ा सड़क हादसा, तीन बच्चों और दो महिलाओं सहित 18 लोगों की मौत




**मैक्सिको ।**
**मैक्सिको में एक बार फिर बड़ा सड़क हादसा हो गया। स्थानीय समयानुसार मैक्सिको में एक बस पलट गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे को वहीं दो महिलाएं हैं। अधिकारियों की मानें तो अब तक कारणों की तलाश नहीं हो सकी है और अधिकतर मृतक प्रवासी थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ओक्साका राज्य के अटॉर्नी जनरल ने बताया कि सभी मृतक वेनेजुएला और हैती के रहने वाले हैं। हादसे में करीब 27 लोग घायल हैं।**

उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी का कहना है कि घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हादसे का कारण क्या था, इसकी जांच की जा रही है।

#### एक सप्ताह में दूसरा बड़ा हादसा

इसी सप्ताह की शुरुआत में मैक्सिको में रविवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हो गया था। दक्षिणी मैक्सिको में एक ट्रक पलट जाने के कारण 10 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, करीब 25 लोग घायल हो गए थे। हादसा मैक्सिको के चियापास राज्य में हुआ था। विदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट (आईएनएम) ने घटना के बाद एक बयान जारी किया था। आईएनएम ने बयान में कहा कि चियापास के पिजीजियापन-टोनला हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक 27 क्यूबाई नागरिकों को चोरी-छिपे लेकर जा रहा था। प्रथम दृष्टयता हादसे का कारण ओवर स्पीडिंग है। ट्रक तेज रफ्तार में था, इस दौरान चालक का नियंत्रण खो गया और ट्रक पलटी खा गया। हादसे के बाद से ड्राइवर फरार है। आईएनएम ने बताया कि मृतकों में एक नाबालिग सहित कुल 10 महिलाएं शामिल हैं।

# दुनियाभर में करोड़ों बच्चों को छोड़ना पड़ा अपना आशियाना, प्राकृतिक आपदाएं बनीं कारण

**वाशिंगटन ।**
जलवायु परिवर्तन के कारण दुनियाभर में करोड़ों बच्चों को अपना आशियाना छोड़ना पड़ा है। प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा, तूफान व जंगलों की आग के कारण करीब 44 देशों में 2016 व 2021 के बीच 4.3 करोड़ से अधिक बच्चे विस्थापित हुए हैं। वहीं, एक दिन में विस्थापित होने वाले बच्चों की संख्या लगभग 20,000 है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ( यूनिसेफ) की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट बताया गया कि बाढ़ और तूफान की वजह से 95 प्रतिशत बच्चों को विस्थापित होना पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बच्चों पर विस्थापन का संकट अभी थमने वाला नहीं है। बाढ़ की वजह से आने वाले 30 वर्षों में 9.6 करोड़ से अधिक बच्चों और युवाओं पर इसका संकट आ सकता है। जबकि, चक्रवाती तूफान की वजह से 1.3 करोड़ बच्चे प्रभावित हो सकते हैं। यूनिसेफ में प्रवासन विशेषज्ञ और रिपोर्ट की लेखकों में से एक लॉरा हैली ने कहा, सच्चाई यह है कि लगातार जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव के कारण भविष्य में सबसे ज्यादा बच्चों पर आपदा की मार पड़ेगी। उन्हें इस बात की चिंता सताएगी कि क्या वो कभी वापस घर लौट पाएंगे।



**अपने ही देशों में 13 लाख बच्चे विस्थापित** - सूखे के कारण 13 लाख से अधिक बच्चे अपने ही देशों में विस्थापित हुए। वहीं, लगभग 8,10,000 बच्चे जंगल की आग के कारण विस्थापित हुए। मुख्य रूप से कनाडा, इस्राइल और अमेरिका सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। चीन और फिलीपीन में सबसे ज्यादा बच्चे आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं। जबकि, सोमालिया और दक्षिण सूडान में बच्चे बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट में प्रभावित बच्चों से बातचीत के कुछ अंश प्रकाशित किए गए हैं। बाढ़ से प्रभावित सूडान के एक बच्चे खालिद ने कहा, मेरी आंखों के सामने पूरा गांव डूब गया था। वहीं, 2017 की घटना को याद करते हुए दो बहनों माइया व मिया ने बताया कि कैलिफोर्निया में अपने ट्रेलर (डिब्बेदार गाड़ी) में आग लगते हुए देखा है।

# पुतिन ने सुरक्षा परिषद के लिए भारत का किया समर्थन, कहा- पीएम मोदी के नेतृत्व में देश शक्तिशाली हो रहा

**मॉस्को ।**
भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता की मांग बढ़ा दी है। इस वजह से कई बार भारत ने कड़े शब्दों में संयुक्त राष्ट्र की आलोचना की है। इस बीच, रूस ने भी संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद के लिए भारत का समर्थन किया है। इसी के साथ रूस ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की है। रूस का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत साल दर साल अधिक शक्तिशाली होता जा रहा है। इसलिए सुरक्षा परिषद में भारत का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार को सोची में वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब की पूर्ण बैठक में शामिल हुए थे। यहां उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत साल दर साल बढ़ रहा है। भारत अधिक शक्तिशाली हो रहा है। जो अपनी क्षमता के आधार पर अंतरराष्ट्रीय मामलों में महत्वपूर्ण महत्व हासिल कर रहे हैं, उन्हें सुरक्षा परिषद में शामिल किया जाना चाहिए। जो देश प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के समाधान की संभावना और प्रभाव भी रखते हैं, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उनका प्रतिनिधित्व भी महत्वपूर्ण है।



#### ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका का भी समर्थन


रूसी समाचार एजेंसी के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। भारत की तर्ज पर पुतिन ने भी भारत के साथ-साथ ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका का भी समर्थन किया है। पुतिन ने क्लब में कहा कि भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका का सुंयक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व होना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय निर्णय लेने में उनका महत्व बढ़ना चाहिए।

#### भारत की तारीफ

बैठक में पुतिन ने कहा कि भारत कौन सा देश है। भारत जनसंख्या के लिहाज से पहले से ही डेढ़ अरब से अधिक है। भारत की आर्थिक वृद्धि सात प्रतिशत से अधिक है। भारत एक शक्तिशाली देश है। भारत साल-दर-साल अधिक शक्तिशाली होता जा रहा है। इसलिए, भारत संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में एक सीट का सही हकदार है। बता दें, वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य और 10 गैर-स्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जो संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। पांच स्थाई सदस्य में रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।

# परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि का अनुमोदन रद्द करेंगे, संसद अध्यक्ष बोले- वाशिंगटन-ब्रुसेल्स ने छेड़ा युद्ध

**मॉस्को ।**
राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा एटमी परीक्षण फिर शुरू करने की संभावना जताने के बाद रूस ने संकेत दिया कि वह व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) का अनुमोदन रद्द करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। क्रेमलिन (रूसी संसद) अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन ने कहा, दुनिया की स्थिति बदल गई है और वाशिंगटन व ब्रुसेल्स ने हमारे विरुद्ध युद्ध छेड़ दिया है। पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा था कि रूस के परमाणु सिद्धांत को आगे बढ़ाने की जरूरत नहीं है, लेकिन वह अभी यह कहने के लिए तैयार नहीं हैं कि रूस को परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की आवश्यकता है या नहीं। पुतिन के कुछ घंटों बाद ही रूसी शीर्ष नेता व संसद अध्यक्ष वोलोदिन ने कहा कि अब हमें (रूस को) सीटीबीटी की पुष्टि को रद्द करने पर विचार करना है, क्योंकि अमेरिका ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की है। पुतिन और वोलोदिन से संकेत मिलता है कि रूस सीटीबीटी के समर्थन को रद्द करने का मन बना चुका है, जो एटमी धमाके पर पाबंदी लगाता है।



#### वैश्विक संकट की आशंका

मौजूदा समय में रूस और अमेरिका के बीच तनाव 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद किसी भी दौर से अधिक है। ऐसे में रूस, अमेरिका या दोनों देशों के द्वारा परमाणु परीक्षणों को फिर से शुरू करना पूरी दुनिया को अत्यधिक अस्थिर करने वाला होगा। रूस को सोवियत संघ के परमाणु हथियार विरासत में मिले हैं। पुराने सोवियत संघ से मिले इन्हीं हथियारों की बदौलत रूस के पास दुनिया का एटमी हथियारों का सबसे बड़ा जखीरा है। ऐसे में यह तनाव वैश्विक संकट खड़ा कर सकता है।

#### सीटीबीटी के बाद से अब तक 10 परमाणु परीक्षण

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 1945 और 1996 की व्यापक परमाणु परीक्षण-प्रतिबंध संधि के बीच पांच दशकों में, 2,000 से अधिक परमाणु परीक्षण किए गए। इनमें से 1,032 अमेरिका ने और 715 सोवियत संघ ने किए। सोवियत संघ ने अपने विघटन से पूर्व आखिरी बार 1990 में परीक्षण किया, जबकि अमेरिका ने आखिरी बार 1992 में परीक्षण किया था। सीटीबीटी के बाद से अब तक 10 परमाणु परीक्षण हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भारत ने 1998 में दो, पाकिस्तान ने भी 1998 में दो और उत्तर कोरिया ने 2006, 2009, 2013, 2016 (दो बार) और 2017 में परीक्षण किए।

#### अमेरिका पुराने हो चुके परमाणु हथियारों का करेगा परीक्षण

अमेरिका में परमाणु हथियारों का भंडार है और ये हथियार कई साल पुराने हैं इसलिए अब अगले साल नेवादा के रेगिस्तान में इनके परीक्षण की तैयारी की जा रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन हथियारों के भूमिगत परीक्षण से कोई भी भयावह अनहोनी होने का जोखिम है।

### अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कहा, भारत के साथ रक्षा साझेदारी मजबूत करने के प्रयास जारी रखेंगे



**वाशिंगटन ।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेगा। अमेरिका से यह बयान ऐसे वक्त में आया है जबकि कनाडा से भारत के संबंधों में आई खटास के बीच अमेरिका ने इसे गंभीर बताते हुए भारत से जांच में सहयोग देने की मांग की है। पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम रक्षा स्तर पर भारत के साथ संबंधों की काफी सराहना करते हैं। अमेरिका भारत के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेगा और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे आप आगे बढ़ता देखेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के लिए चीन 'लगातार चुनौती बना हुआ है। जब किसी देश की संप्रभुता के संरक्षण तथा अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था की बात आती है तो हम भारत तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों के साथ अमेरिका की साझेदारी की सराहना करते हैं। इन्ही व्यवस्थाओं के कारण ही कई वर्षों से शांति-स्थिरता बनी हुई है।

# बैंक, पेट्रोल पंप व ज्वेलर्स को सुरक्षा को लेकर दिए दिशा निर्देश

**फरीदाबाद ( हिंस )।** एसीपी सेंट्रल राजीव कुमार ने शनिवार को थाना बीपीटीपी के कार्यालय में बैंक, पेट्रोल पंप और ज्वेलर्स सुरक्षा के सम्बन्ध में मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से बैंक, पेट्रोल पंप और ज्वेलर्स की दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए होने चाहिए। प्रत्येक बैंक, पेट्रोल पंप और ज्वेलर्स के ऑफिस में सीसीटीवी कैमरों से कवर करने वाली स्क्रीन लगी होनी चाहिए। ऐसे स्थान पर लगाएं जहां से प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रखी जा सके। सीसीटीवी कैमरे को इस तरह से फोकस करें कि एंट्री प्वाइंट, जमा व निकासी काउंटर के अलावा वेटिंग एरिया में अनावश्यक रूप से बैठे लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जाए। बैंक के द्वार बैंक और ज्वेलर्स की सुरक्षा में गार्ड के पास हथियार डिटेक्टर मशीन के साथ पुलिस कंट्रोल रुम नंबर-112 और संबंधित थाना के एसएचओ और थाना का फोन नंबर होना चाहिए। बैंक मैनेजर बैंक के अंदर अपने ग्राहकों की पैसे की सुरक्षा को सुनिश्चित करें और गार्ड़ों को समय-समय पर ब्रीफ करते रहे कि बैंक में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर निगरानी रखें। अगर कोई व्यक्ति बैंक में बिना कारण घूमता दिखाइ दे तो उसे बैंक में आने का कारण पूछे अगर वह उचित कारण नहीं बता पाता है तो थाना पुलिस को सूचित करे। उस व्यक्ति को पुलिस के हवाले करे। बैंक मैनेजरों को बताया कि बैंक में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की तलाश करे। कोई हथियार के साथ बैंक में प्रवेश ना करे। प्रत्येक बैंक और ज्वेलर्स की दुकान में इमरजेंसी अलार्म होना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर उसका प्रयोग किया जा सके। प्रत्येक बैंक कर्मचारियों के पास पुलिस कंट्रोल रुम नंबर-112 और संबंधित थाना के एसएचओ और थाना का नंबर होना चाहिए। एटीएम पर उपस्थित सुरक्षा गार्ड़ों को बताया कि एटीएम मशिन पर एक समय में एक व्यक्ति होना चाहिए। एटीएम मशीन की सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे की कवरेज अच्छी हो और रिकॉर्डिंग सेव रखें।

# राहुल गांधी की तुलना रावण से किए जाने पर कांग्रेसियों ने फूंका सरकार का पुतला



**फतेहाबाद ( हिंस )।** भाजपा द्वारा ट्विटर हैंडल पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की फोटो शेयर करके उनकी तुलना रावण से किए जाने से भड़के कांग्रेसियों ने फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया। लाल बत्ती चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लाल बत्ती चौक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जुमले की पार्टी है। बीजेपी की कार्यप्रणाली से देशभर की जनता त्रस्त है और भाजपा द्वारा झूठे दावे व प्रचार किया जा रहा हैं। नफरत के इस माहौल में कांग्रेस मोहब्बत की दुकान खोल कर बैठी है। डॉ. सिवाच ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में आज मणिपुर से लेकर कन्याकुमारी तक देश जल रहा है। हिंदू-मुस्लिम भाईचारे पर चोट पहुंचाई जा रही है। देश-प्रदेश में ऐसा माहौल हो गया है कि हमारी बेटियां कहीं भी सुरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार का हर तरफ तांडव हो रहा है। डॉ. सिवाच ने कहा कि पूरे देश ने देखा कि कैसे पूरा मणिपुर जल रहा है। वहीं ऐसा लगता है कि हरियाणा को भी जलाने की तैयारी है। नूंह में हुई घटना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। डॉ. सिवाच ने कहा कि आज बीजेपी के खिलाफ देश व प्रदेश की जनता उठ खड़ी हुई है और सत्ता पलटने को तैयार बैठी है। अब वह दिन दूर नहीं जब बीजेपी को अपना बोरिया बिस्तर समेटना पड़ेगा। युवा कांग्रेस नेता आनंद वीर गिलांखेड़ा ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस सरकार ने अपने चेहरे पर मुखौटा पहना हुआ है। एक तरफ तो यह जनता के विकास की बात करती है और इस मुखौटे की आड़ में जनता को परेशान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी हुई है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कृष्णा पूनिया, बाबा भोलेनाथ, डॉ. मुख्तार सिंह सदर व अन्य सभी सदस्य मौजूद थे।

# आईटीआई विभाग में कनिष्ठ अनुदेशक के 2500 पदों पर होगी भर्ती



**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा युवाओं को वृहद स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। इसी कड़ी में गहलोत ने तकनीकी शिक्षा (प्रशिक्षण) आईटीआई विभाग में विभिन्न व्यवसायों एवं विषयों के कनिष्ठ अनुदेशक के 2500 पदों पर भर्ती की सहमति दी है। यह भर्ती राजस्थान तकनीकी प्रशिक्षण अधीनस्थ सेवा नियम-1975 (संशोधित) के तहत की जाएगी। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर से संबंद्ध पुनर्वास एवं अनुसंधान केंद्र जयपुर के लिए 14 विभिन्न पदों के सृजन की स्वीकृति दी है। स्वीकृत पदों में फिजियोथैरेपिस्ट के आठ, कनिष्ठ सहायक के दो तथा साइक्लोजिकल काउंसलर, सूचना सहायक, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष एवं ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट के एक-एक पद शामिल हैं। गहलोत के इस निर्णय से केंद्र में आने वाले मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

# पंजाब की मंडियों में हड़ताल पर गए मजदूर धान की खरीद बाधित

**चंडीगढ़( हिंस )।** एक तरफ पंजाब की मंडियों में धान की आवक तेज हो गई है तो दूसरी तरफ राज्य की मंडियों में काम करने वाले मजदूर हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेश के करीब दस लाख मजदूरों के हड़ताल पर जाने के कारण शनिवार को मंडियों में धान की खरीद का काम प्रभवित हो रहा है। प्रदेश की 1840 मंडियों में इस समय धान की खरीद चल रही है। गल्ला मजदूर यूनियन ने पहले एक अक्तूबर से मंडियों में काम ठप करने की घोषणा की थी, लेकिन बीच में मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने गल्ला मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों की मीटिंग बुला ली थी। बैठक में मजदूरों की समस्याओं का हल न निकलने पर यूनियन ने अब दोबारा फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का फैसला लिया है। मजदूर हड़ताल के दौरान अपने परिवारों को भी मंडियों में लेकर आएंगे और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने आठ बोर्ड के गठन को दी मंजूरी

**जयपुर ( हिंस )।** राज्य सरकार समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आठ विभिन्न बोर्ड के गठन को स्वीकृति दी है। इन नवगठित बोर्ड में राजस्थान राज्य राजा बली कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य वाल्मीकि कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य मेघवाल कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य पुजारी कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य केवट कल्याण (मां पूरी बाई कीर) बोर्ड, राजस्थान राज्य जाटव कल्याण बोर्ड, राजस्थान राज्य धाणका कल्याण बोर्ड एवं राजस्थान राज्य चित्रगुप्त कायस्थ कल्याण बोर्ड शामिल हैं। सभी बोर्ड संबंधित वर्गों की स्थिति का जायजा लेने, प्रामाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर वर्गों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा इनके पिछड़ेपन को दूर करने के सुझाव राज्य सरकार



को देंगे। इन बोर्ड द्वारा संबंधित वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं प्रस्तावित करने, उनके लिए वर्तमान में संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विभिन्न विभागों से समन्वय करने, परम्परागत व्यवसाय को वर्तमान तौर-तरीकों से आगे बढ़ाने, रोजगार को बढ़ावा देने तथा शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नयन के संबंध में सुझाव दिए जाएंगे। साथ ही सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों के विरुद्ध ठोस उपाय करने सहित अन्य सुझाव भी राज्य सरकार को प्रस्तुत किए जाएंगे। इस सभी बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं तीन सदस्य सहित 5-5 गैर-सरकारी सदस्य होंगे तथा राज्य के विभिन्न विभागों के शासन सचिव, आयुक्त, निदेशक, संयुक्त निदेशक एवं उप निदेशक स्तर के अधिकारी सरकारी सदस्य होंगे। इसके अतिरिक्त राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड या राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक स्तर के अधिकारी अथवा उनके प्रतिनिधि विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

# हत्या के प्रयास केस में मोनू मानेसर को भरतपुर से लाई पटौदी पुलिस

## मोनू मानेसर से पटौदी थाने में की जाएगी पूछताछ



**गुरुग्राम ( हिंस )।** मोनू मानेसर को पटौदी में हत्या के प्रयास के एक केस में पूछताछ के लिए शनिवार को पुलिस उसे लेकर राजस्थान से पटौदी पहुंची। मोनू मानेसर पर राजस्थान के दो युवकों की हरियाणा के भिवानी में गाड़ी में बंद करके जिंदा जलाने का आरोप है। नूंह दंगों में एसआईटी ने मोनू मानेसर को कुछ दिन पूर्व अदालत में पेश किया था, जहां से उसे राजस्थान पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गई। तब से मोनू मानेसर राजस्थान की जेल में ही बंद है। नूंह दंगे भड़काने के आरोप में मोनू मानेसर का नाम काफी उछला। हालांकि वह सोशल मीडिया, मीडिया के माध्यम से अपने ऊपर लगे आरोपों को लगातार नकारता रहा है। मोनू मानेसर का नाम कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से भी जुड़ा है। पुलिस इस ऐंगल से भी जांच कर रही है। राजस्थान पुलिस की हिरासत में जाने के बाद पूछताछ में मोनू मानेसर के पास अवैध हथियार होने की भी बातें सामने आई। मोनू मानेसर पर हत्या के प्रयास का पटौदी थाना में केस दर्ज है। इस केस में पूछताछ के लिए मोनू मानेसर को लाने के पटौदी पुलिस कई दिन से प्रयास कर रही थी। अब से पहले तो सुरक्षा कारणों से मोनू मानेसर को पटौदी नहीं लाया जा सका था। शनिवार को करीब 11 बजे भारी पुलिस सुरक्षा के बीच मोनू मानेसर को पटौदी में लाया गया। वहां उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया है। अस्पताल व थाना में सुरक्षा कड़ी की गई है। मेडिकल कराने के बाद उसे अदालत में पेश किया जाएगा।

# कांग्रेस की सरकार जिम्मेदार है, ईमानदारी से बही-खाता रख रही है : खेड़ा

**उदयपुर ( हिंस )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं कांग्रेस कार्यसमिति के पवन खेड़ा ने कहा है कि कांग्रेस सरकार जिम्मेदार सरकार है और पांच साल का बही-खाता ईमानदारी से जनता के सामने रख रही है। खेड़ा शनिवार को उदयपुर के शास्त्री सर्कल स्थित आरटीडीसी के कजरी होटल में मीडिया से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीते पांच साल पूरे विश्व, देश और प्रदेश के अच्छे नहीं गुजरे। ढाई वर्ष कोरोना ने बरबाद कर दिए जिसने अर्थव्यवस्था को खराब किया। उसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने अपना बही खाता खोल कर जनता के सामने प्रस्तुत कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि मेनीफेस्टो का 97 प्रतिशत हासिल करना बड़ी उपलब्धि है। चिरंजीवी योजना का जिक्र पूरे विश्व में हो रहा है, विदेशों के कुछ विश्वविद्यालयों द्वारा चिरंजीवी योजना पर पीएचडी




की जा रही है। खेड़ा ने कहा कि हर कदम में गहलोत सरकार ने राहत देने की बात की है और सरकार का यही काम होता है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर सवाल उठाया कि पिछले 10 सालों में यह भुला दिया गया है कि सरकार का राजधर्म क्या होता है। खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचा रहे हैं। इससे पूर्व, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने पवन खेड़ा का सूत की माला, तिरंगा उपरना, मेवाड़ी पकढ़ी पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेट कर स्वागत किया। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फतेह सिंह राठौड़, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, राव कल्याण सिंह, अशोक तंबोली, हिदायतुल्ला, उमेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# नवरात्रों में जमकर बिकेंगे स्वदेशी इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन

**झज्जर ( हिंस )।** पेट्रोल से महंगे भाव और प्रदूषण के झंझट से बचने के प्रयास में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ती जा रही है। त्यौहारी सीजन में खासतौर पर नवरात्रों में नया वाहन प्राप्त करने के लिए लोग फिलहाल पितृ पक्ष में अग्रिम बुकिंग करवा रहे हैं। स्वदेशी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग ज्यादा है। युवतियों और बुजुर्गों को इलेक्ट्रिक स्कूटी और स्कूटर विशेष रूप से भा रहे हैं। बहादुरगढ़ में इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहनों के एक विक्रेता नरेश राठी का कहना है कि इलेक्ट्रिक स्कूटी व स्कूटर आजकल लोगों के दिलों पर छाए हुए हैं। इन वाहनों में कई तरह की खासियत हैं। रखरखाव में खर्च बहुत कम होता है। सरकार से मिलने वाला अनुदान इन वाहनों की बिक्री बढ़ाने में सहायक साबित हो रहा है। राठी ने बताया कि फिलहाल पितृ पक्ष में वाहन आदि वस्तु घर ले जाना लोग सही नहीं मानते। नवरात्रों में अच्छी वस्तु घर ले जाना बहुत शुभ होता है। इसलिए लोग आजकल अपने वाहन की अग्रिम बुकिंग करवा रहे हैं। वह पितृ पक्ष में अब तक 24 इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहनों की अग्रिम बुकिंग कर चुके हैं। राठी ने बताया कि बाजार में चीन की बनी स्कूटी भी उपलब्ध हैं, लेकिन अच्छी गुणवत्ता वाली होने की वजह से स्वदेशी वाहनों की मांग अधिक है। अपने देश में बने स्कूटी व स्कूटर चलने में बेहतर हैं। इनके रखरखाव पर न के बराबर खर्च आता है। इलेक्ट्रिक वाहन विक्रेता आरबी गौड़ ने बताया कि बाजार में कई मॉडल में स्कूटी व स्कूटर उपलब्ध हैं। नवरात्रों में कई और नए मॉडल लांच होंगे। झज्जर व बहादुरगढ़ में नजफगढ़ रोड पर स्थित इलेक्ट्रिक स्कूटी (मेक इन इंडिया) शोरूम है। इसमें कई तरह के मॉडल उपलब्ध हैं। इनमें खास तौर पर फ्लैक्स स्कूटर, जिंग, जिंग एचएसएस, जूम और जूम बिग बी मॉडल शामिल हैं। इन पर सब्सिडी भी उपलब्ध है। सब्सिडी 14 हजार से शुरू होकर 51 हजार तक मिल रही है। सब्सिडी मिलने के कारण लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति रुझान भी बढ़ रहा है।

# राजस्थान : एक आईएएस समेत 53 आरएएस अधिकारियों के तबादले

**जयपुर ( हिंस )।** प्रदेश में इसी साल के अंत तक प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले गहलोत सरकार ने शुक्रवार देर रात प्रशासनिक बेड़े में बड़ा बदलाव करते हुए एक आईएएस और 53 आरएएस अधिकारियों के तबादले किए है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार आईएएस डॉ. धीरज कुमार सिंह को उपखंड अधिकारी व उपखंड मजिस्ट्रेट खींवसर नागौर में लगाया गया है। वहीं, आरएएस महेंद्र कुमार खींची को निदेशक भाषा में पुस्तकालय विभाग जयपुर, जोगाराम देवासी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद क्रम जिला कार्यक्रम समन्वयक इजीएस व पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी मंडा उदयपुर, रचना भाटिया को अतिरिक्त आयुक्त उपनिषद सतर्कता बीकानेर, भावना शर्मा को अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर, कैलाश चंद शर्मा को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नाथद्वारा मंदिर मंडल, मेघराज सिंह मीणा को अतिरिक्त जिला कलेक्टर मजिस्ट्रेट भरतपुर की कमान सौंपी गई है। वहीं, लोकेश कुमार मीणा को अतिरिक्त जिला कलेक्टर जिला मजिस्ट्रेट जयपुर, रामचंद्र को उपमहानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रण सतर्कता अजमेर, राजेश जोशी को सचिव नगर विकास न्यास उदयपुर, कृपाल सिंह चौहान को अतिरिक्त जिला कलेक्टर जिला मजिस्ट्रेट सलूंबर, रतन कुमार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं क्रम अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक ईजीएस व पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी मंडा श्रीगंगानगर, सोबीला माथुर को प्रबंधक रविंद्र मंच जयपुर, डॉ. प्रभा विकास को जिला परिषद अधिकारी प्रथम जयपुर, रविंद्र कुमार शर्मा को अतिरिक्त आयुक्त व शासन उप सचिव प्रथम पंचायती राज विभाग जयपुर, आलोक कुमार सांखला को उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग करौली, अशोक कुमार मीणा को राजस्व अपील अधिकारी हनुमानगढ़ और यशपाल आहूजा को आयुक्त नगर परिषद श्रीगंगानगर भेजा गया है। इसी तरह योगेश कुमार ठाकुर को अतिरिक्त जिला कलेक्टर जिला मजिस्ट्रेट कोटपुतली, प्रियादत्त सिंह चारण को रजिस्ट्रार राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर, रविंद्र कुमार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कुचामन सिटी, प्रकाश चंद्ाकर को उपखंड अधिकारी शरद सलूम्बर, दुर्गा शंकर मीणा को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद प्रतापगढ़, विनोद कुमार मीणा को उपखंड अधिकरी कामां डीग, ओम प्रभा को उपयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण, संजू पारीक को उपायुक्त नगर निगम जयपुर हेरिटेज, पंकज शर्मा को उपखंड अधिकारी भीनमाल जालोर, रामसिंह राजावत को उपखंड अधिकारी बसेड़ी धौलपुर, दिवांशु शर्मा को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवलिंग न्यायालय कोटा, विवेक व्यास को उपखंड अधिकारी बायतु बालोतरा, जितेंद्र कुमार मीणा को उपखंड अधिकारी दीगोद कोटा और केशव कुमार मीणा को उखंड अधिकारी मलारना डूंगर सवाई माधोपुर की कमान सौंपी गई है।

# भीलवाड़ा में विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने का बनेगा रिकार्ड

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** कहते है कि मन में कुछ करने की ठान ली जाए तो उसको पूरा करने में ईश्वर भी साथ देता है। ऐसा ही कुछ भीलवाड़ा के कैलाश सोनी ने मन में ठाना। सनातन संस्कृति के अनुरूप अपने जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए रविवार आठ अक्तूबर को भीलवाड़ा में विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने का अनूठा कार्य किया जा रहा है। यह कार्य हरिसेवा उदासीन सनातन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसरामजी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। 8 अक्तूबर को कैलाश सोनी का जन्म दिन है। सोनी भीलवाड़ा भाजपा के जिला प्रवक्ता व राजस्थानी जनमंच के अध्यक्ष है। कैलाश सोनी ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाने का इतिहास 8 अक्तूबर 23 को भीलवाड़ा में रचा जाएगा। इस रोटी का वजन करीब 151 किलोग्राम होगा। इसे बनाने के लिए राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के 12 ट्रेंड हलवाइयों को बुलाया गया है। रोटी को सेकने के लिए लोहे का तवा भी एक हजार किलोग्राम वजन का होगा। वहीं, बेलन 20 फीट लंबे लोहे के पाइप का तैयार किया है। इसकी मोटाई लगभग 70 एम एम की होगी। उल्लेखनीय है कि



इससे पहले जामनगर (गुजरात) का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में करीब 145 किलोग्राम की रोटी बनाने रिकॉर्ड है। ये केवल खास मौके जामनगर में जलाराम बापा की जयंती और दगडू सेठ गणपति सार्वजनिक महोत्सव में बनाई जाती है। जलाराम मंदिर की जीर्णोद्धार कमेटी रोटी बनाती है। अब इससे बड़ी रोटी भीलवाड़ा में बनाई जाएगी। रोटी को बनाने के लिए शुक्रवार से चूल्हा और तवा बनाने की तैयारी शुरू की गई। आज इस कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भीलवाड़ा में इस रोटी को हरिसेवा उदासीन सनातन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसरामजी महाराज के सानिध्य में बनाया जाएगा। राजस्थानी जनमंच अध्यक्ष कैलाश सोनी ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। करीब 50 कार्यकर्ताओं की टीम तैयारी में जुटी। रोटी के लिए 151 किलो आटा लगेगा। इस कार्यक्रम की लाइव रिकॉर्डिंग भी की जाएगी। इस वर्ल्ड रिकॉर्ड को बनाने के लिए लिम्का बुक का रिकॉर्ड इंटरनेशनल बुक का रिकॉर्ड मे भी आवेदन कर दिया है। इस विशालकाय रोटी को देखने के लिए भीलवाड़ा शहर में जबरदस्त उत्साह रोमांच है। विशेष कर महिलाओं युवतियों मे बहुत अधिक उत्सुकता है। रोटी बनने के बाद खिलाया जायेगा प्रसाद-राजस्थानी जनमंच अध्यक्ष कैलाश सोनी ने बताया कि रोटी को लगभग एक हजार से ज्यादा लोगों के लिए प्रसाद के रूप में बनाया जा रहा है। रोटी के साथ पंचकुटे की सब्जी को परोसा जाएगा। यह कार्यक्रम 8 अक्तूबर को ही होगा। चार घंटों में तैयार होगी बड़ी रोटी- इस विशालकाय रोटी को विशालकाय स्टील के डंडे जो लगभग 20 फीट लंबे से बेला जाएगा। इस रोटी को ऊपर से सेकने के लिए रोटी के ऊपर भी तवा लगाकर सिकाई की जाएगी। रोटी को बनाने के लिए एक हजार ईंटों की बेस से एक 12 गुणा 16 का चूल्हा तैयार किया गया है। चूल्हे में सबसे नीचे की जगह को खाली रखा गया है। उसमें लोहे की जाली लगाई गई है। लोहे की जाली पर घास और कोयला डाला गया। इस पर लोहे के तवे को सेट किया। रोटी बनाने से पहले चूल्हे के नीचे से आग लगाकर कोयलों को तैयार किया जाएगा। इसके बाद तवे को ठंडा कर रोटी का आटा डालकर उसे बेलन से आकार दिया जाएगा। फिर कोयले की धीमी आंच पर उस रोटी को पकाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 घंटे से ज्यादा का समय लगेगा।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में निकाली अमृत कलश यात्रा

**कठुआ ( हिंस )।** मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत एनएसएस इकाई जीडीसी कठुआ के स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में अमृत कलश यात्रा का आयोजन कर कॉलेज के विभिन्न कोनों से मिट्टी एकत्र की। यात्रा को प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर राजकिरण शर्मा के साथ वरिष्ठ संकाय सदस्यों और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा की शुरुआत कॉलेज सभागार से हुई, जहां सभी स्वयंसेवकों ने अपने द्वारा एकत्रित की गई मिट्टी को कलश में डाला। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश शर्मा ने स्वयंसेवकों को इस यात्रा के महत्व के बारे में संबोधित करते हुए कहा कि इस *अमृत कलश यात्रा* का लक्ष्य देश के कोने-कोने से 7500 कलशों में मिट्टी लेकर दिल्ली पहुंचना है। यह यात्रा अपने



साथ देश के विभिन्न हिस्सों से पौधे भी लेकर आएगी। नई दिल्ली से आने वाली मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास *अमृत वाटिका* बनाई जाएगी। अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भी भव्य प्रतीक बनेगी। इस यात्रा के बाद शपथ समारोह आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठ संकाय सदस्यों, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों और कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया। एनएसएस स्वयंसेवक मिनाक्षी बख्शी द्वारा प्रतिज्ञा पढ़ी गई और सभी प्रतिभागियों ने देश में अखंडता को मजबूत करने के लिए दिन-रात काम करने का संकल्प लिया।




# मिलेट्स से जुड़े उत्पादों पर जीएसटी अब 18 प्रतिशत की जगह 5 प्रतिशत, जीएसटी काउंसिल की बैठक में फैसला

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक हुई। यह बैठक सुषमा स्वराज भवन में चल रही है, जिसमें राज्यों के वित्त मंत्रियों ने हिस्सा लिया है। सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने बाजरा के आटे (मिलेट्स के आटे) पर जीएसटी को मौजूदा 18 प्रतिशत जीएसटी से घटाकर 5 प्रतिशत करने का फैसला किया है। इससे पहले कयास लग रहे थे कि जीएसटी परिषद की मीटिंग में ईवी बैटरी, बीमा कंपनियों और मिलेट्स पर लगने वाले दरों पर भी बड़ा फैसला लिया जा सकता है। जीएसटी परिषद की फिटमेंट कमिटी की ओर से मिलेट्स पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई थी। मिलेट्स से बने आटे को खुले में बेचने पर कोई जीएसटी चार्ज नहीं करने की बात कही गई है। भारत 2023 को मिलेट्स ईयर के रूप में मना रहा है और सरकार बाजरा के उत्पादन और खपत को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है। इससे पहले केंद्रीय कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि बाजरा जलवायु के लिहाज से लचीला है और इसे कम पानी में और उर्वरकों और कीटनाशकों के न्यूनतम उपयोग के साथ उगाया जा सकता है।

जीएसटी परिषद् की बैठक में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के अलावा राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री और केन्द्र सरकार व राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। जीएसटी परिषद जीएसटी व्यवस्था से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए समय-समय पर बैठक करती है, जिसमें कर की दरों, नीतिगत परिवर्तन और प्रशासनिक मुद्दे शामिल हैं। जीएसटी परिषद भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह सुनिश्चित करती है कि यह देश के आर्थिक लक्ष्यों के साथ संरेखित हो और नागरिकों और व्यवसायों पर कर के बोझ को कम करे।

## न्यूज ब्रीफ


### कूरो एडिशन की कार फुल ब्लैक थीम पर लॉन्च, कार में कई बेहतरीन कॉस्मैटिक बदलाव देखने को मिलेंगे

**नई दिल्ली ।** महंगी कारें बनाने वाली कंपनी निसान मैग्नाइट के कूरो एडिशन की ये कार का डार्क



एडिशन को फुल ब्लैक थीम पर लॉन्च किया गया है। मैग्नाइट के कूरो एडिशन में आपको फ्रंट में ग्रिल अलग दिखेगा। इसको ब्लैक कर दिया गया है। स्लाइड प्लेट और रूफरेल्स को भी ब्लैक थीम में दिया गया है। कार में आपको कई बेहतरीन कॉस्मैटिक बदलाव देखने को मिलेंगे। इसी के साथ डिजाइन में भी आपको नया पन दिखेगा। इतना ही नहीं, कार के हैडलैंप्स भी ब्लैक इंसर्ट के साथ हैं। यहां तक की डोर हैंडल्स को भी ब्लैक कर दिया गया है। आपको कार में ब्लैक अलॉय व्हील मिलेंगे जिसमें ब्रेक कैलिपर को रेड कर स्पोर्टी लुक देने की कोशिश की गई है।कार के इंटीरियर को काफी प्रीमियम कर दिया गया है। इसमें आपको रूफ लाइनर ब्लैक दिखेगा, वहीं स्टीयरिंग व्हील पर ब्लैक लैदर रैप और एसी वेंट्स पर भी ब्लैक ट्रिम देखने को मिलेगी। फीचर्स की बात की जाए तो कार में आपको 360 डिग्री कैमरा, वायरलेस चार्जिंग, 8 इंच टचस्क्रीन जैसे फीचर्स देखने को मिलेंगे। कार की सेफ्टी रेटिंग की बात की जाए तो इसमें आपको जीएनकैप की 4 स्टार रेटिंग मिलती है। कार में आप मैनुअल, ऑटोमैटिक और सीवीटी गियर बॉक्स का ऑप्शन ले सकते हैं। कार के माइलेज की बात की जाए तो ये 27 किलोमीटर प्रति लीटर का एवरेज निकालती है।कंपनी ने कार के इंजन में कोई बदलाव नहीं किया है। ये पहले से मौजूद 1.0 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल और 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ ही मिलेगी।

### भारत के 10 उभरते बाजारों में लखनऊ, कोच्चि और जयपुर शामिल



**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट क्षेत्र में वृद्धि के लिहाज से लखनऊ, कोच्चि, जयपुर और भुवनेश्वर देश के 10 उभरते बाजारों में शामिल हो गए हैं। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रियल एस्टेट निकाय क्रेडाई और सलाहकार फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड ने मिस्र के शर्म-अल-शेख में आयोजित 21वें नैटकॉन सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी की। इसमें भारत के 10 उभरते बाजारों का ब्योरा दिया गया है। इस सूची में लखनऊ, कोच्चि, जयपुर एवं भुवनेश्वर के अलावा कोयंबटूर, इंदौर, नागपुर, सूरत, तिरुवनंतपुरम और विशाखापट्टनम को भी जगह दी गई है। कुशमैन एंड वेकफील्ड के भारत एवं दक्षिण-पूर्व एशिया प्रमुख अंशुल जैन ने कहा कि दूसरी श्रेणी के शहरों की एक पूरी कहानी है जो शायद आवासीय, खुदरा रसद और कुछ हद तक कार्यालयों के कारण तेजी से विकसित हो रहे हैं। हमने रिपोर्ट में 17 शहरों गौर किया है और जनसंख्या, जीवन सुगमता सूचकांक, बुनियादी ढांचे और कौशल व सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि जैसे विभिन्न मापदंडों पर उनका मूल्यांकन किया है। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद देश के अग्रणी रियल एस्टेट बाजार बने हुए हैं।

### हिमाचल में निवेश करने वालों को देंगे सहयोग : मुख्यमंत्री

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कई जाने-माने उद्योगपतियों ने




राज्य में निवेश करने की इच्छा जताई है और राज्य सरकार उन्हें हर जरूरी सहयोग प्रदान करेगी। जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने यह बात बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्रियल एसोसिएशन (बीबीएनआईए) के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और महासचिव वाई एस गुलेरिया के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल की ओर से उन्हें 'आपदा राहत कोष' के लिए 2.02 करोड़ रुपए का चेक सौंपे जाने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्यमियों को सुविधा देने और राज्य में नए निवेश लाने के लिए लगन से काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और रेल संपर्क देने के अलावा सड़क संपर्क को बेहतर करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक पट्टी को जल्द-से-जल्द रेल मार्ग से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार से बात की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्यमियों और अन्य यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नालागढ़-भारतगढ़ मार्ग सड़क को चार-लेन का कर रही है।

### एमपीसी बैठक के बाद गवर्नर दास बोले

# महंगाई घटाने के लिए जरूरत पड़ी तो बॉन्ड बेचकर निकालेंगे अतिरिक्त नकदी

**नई दिल्ली ।**

**चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में तेजी के बावजूद आरबीआई ने 2023-24 के लिए खुदरा महंगाई के अनुमान को 5.4 फीसदी पर बरकरार रखा है। साथ ही, वैश्विक खाद्य व ईंधन की कीमतों के किसी भी झटके से घरेलू अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई है।**




आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बैठक का ब्योरा पेश करते हुए कहा, महंगाई को काबू में लाने के लिए जरूरत पड़ने पर आरबीआई बैंकों से अतिरिक्त नकदी निकालने को बॉन्ड बिक्री पर विचार कर सकता है। बॉन्ड बिक्री का समय व मात्रा नकदी की स्थिति पर निर्भर करेगी।

गवर्नर ने कहा, हम महंगाई की उभरती परिस्थितियों को लेकर सतर्क हैं। मैं दोहराना चाहूंगा कि हमारा महंगाई लक्ष्य 4 फीसदी है, न कि 2 से 6 फीसदी। अच्छी बात है कि मुख्य महंगाई 5 फीसदी से नीचे है। खुदरा महंगाई में से खाद्य व ईंधन की महंगाई हटा दें तो वह मुख्य महंगाई कहलाती है। महंगाई दूसरी तिमाही में 6.4 फीसदी, तीसरी तिमाही में 5.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 5.2 फीसदी रह सकती है।

#### चालू तिमाही से राहत

दास ने कहा, महंगाई में गिरावट का रुख जुलाई-अगस्त, 2023 में कुछ पलट गया था। इसकी वजह खाद्य महंगाई का दहाई अंक में होना है। हालांकि, सब्जियों खासकर टमाटर के दाम में कमी और रसोई गैस सिलिंडर की कीमतों में कटौती से जुलाई व अगस्त के असाधारण उच्च स्तर की तुलना में सितंबर में खुदरा महंगाई कम रहेगी। चालू तिमाही यानी अक्तूबर-दिसंबर में यह घटकर 6 फीसदी से नीचे आ जाएगी।

- आत्मसंतुष्टि की गुंजाइश नहीं क्योंकि
- खाद्य वस्तुओं की महंगाई दहाई अंक में पहुंच गई है।
- मानसून सामान्य से कम है और बुवाई की रफ्तार धीमी है।
- जलाशयों का कम स्तर अच्छा संकेत नहीं है।
- कच्चे तेल में कुछ समय में काफी अस्थिरता देखी गई है।

#### भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत

आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान को 6.5 फीसदी पर कायम रखा है। कहा, भारत दुनिया की वृद्धि का इंजन बनने को तैयार है। दास ने कहा, सुस्त पड़ रही वैश्विक जीडीपी के उलट घरेलू आर्थिक गतिविधियां जुझारूपन दिखा रही हैं, जिसकी बुनियाद मजबूत घरेलू मांग है। गवर्नर ने कहा, वित्तीय बाजारों एवं ईंधन कीमतों में उतार-चढ़ाव और जलवायु संबंधी घटनाएं जोखिम पैदा करती हैं। इन सभी पहलुओं को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5 फीसदी वृद्धि दर का अनुमान रखा गया है।

#### नीतिगत मेल ने दी स्थिरता

गवर्नर ने कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' का हवाला देते हुए कहा, देश की प्रगति के लिए वृहद आर्थिक स्थिरता व समावेशी विकास बुनियादी तत्व हैं। नीतिगत मेल ने वृहद आर्थिक एवं वित्तीय स्थिरता को मजबूती दी है। आर्थिक वृद्धि दर 2023-24 की दूसरी तिमाही में 6.5 फीसदी, तीसरी तिमाही में 6 फीसदी व चौथी तिमाही में 5.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है।

#### सरकार की वित्तीय स्थिति समस्या नहीं

केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा, केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति को लेकर कोई बड़ी समस्या या कोई दूसरी चिंता नहीं है। सरकार ने महामारी के बाद राजकोषीय मजबूती का मसौदा जारी किया और मोटे तौर पर वह उस पर कायम हैं। इसमें अधिक खर्च से कुछ बढ़ोतरी देखी गई थी। महामारी के दौरान भी सरकार का खर्च सोचा-समझा और लक्षित था।

#### विदेशी मुद्रा भंडार 586.9 अरब डॉलर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह तक 3.794 अरब डॉलर घटकर 586.9 अरब डॉलर रह गया।आरबीआई ने कहा, इस भंडार से हम अपनी बाहरी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। 22 सितंबर वाले सप्ताह में भंडार 2.335 अरब डॉलर घटकर 590.7 अरब डॉलर रहा था।

#### बहीखाते लाभ में

बाह्य क्षेत्र काफी हद तक प्रबंधन के लायक बना हुआ है। दशक भर पहले के दोहरे बहीखाते के दबाव की जगह अब दोहरे बहीखाते के लाभ की स्थिति है। इसमें बैंकों एवं कंपनियों दोनों के खाते मजबूत हैं।

# लोगो बदलने के बाद कैसे दिखेंगे एयर इंडिया के विमान विमानन कंपनी ने तस्वीर साझा कर कराया दीदार




**नई दिल्ली ।** टाटा संस के नियंत्रण वाली एयर इंडिया ने शनिवार को लोगो और लिवरी (आउटफिट) बदलने के बाद अपने विमान का पहला लुक साझा किया। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन एयर इंडिया ने फ्रांस के टूलूज में एक पेंट की दुकान में खड़े अपने ए350 विमान की तस्वीरें ट्विटर (अब एक्स) पर पोस्ट कीं। यह विमान आने वाली सर्दियों के दौरान भारत पहुंचेगा।

बीते अगस्त में एयर इंडिया ने अपने नए लोगो का अनावरण किया था। नए लोगों में लाल और सफेद रंगों को बरकरार रखा गया था और बैंगनी रंग को जोड़ा गया था। नए लोगो को द विस्टा नाम दिया गया था। एयरलाइन ने कहा था कि विमानों को नवीनीकृत करने के लिए 400 मिलियन डॉलर यानी 40 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

एयर इंडिया ने एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा, टूलूज़ में पेंट की दुकान पर हमारी नई लिवरी में मैजिस्टिक ए 350 का पहला लुक। हमारे ए 50 इन सर्दियों में देश पहुंचेंगे। लोगो और लिवरी के लॉन्च के दौरान, टाटा संस के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा था कि लोगो असीम संभावनाओं और आत्मविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, हम सभी मानव संसाधन पहलुओं को उन्नत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमने बड़ी संख्या में विमानों का ऑर्डर दिया है। इसलिए हमें नवीनीकरण करना होगा और अपने मौजूदा बेड़े को स्वीकार्य स्तर पर लाना होगा। यह बहुत कठिन काम होने जा रहा है लेकिन हमें इसे करना है। हम जानते हैं कि हम हमें क्या करना है। नया लोगो हमारे साहसिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करेगा। लोगो लॉन्च करने के दौरान एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन ने पहले कहा था, हमारा परिवर्तनकारी नया ब्रांड एयर इंडिया को दुनिया भर के मेहमानों की सेवा करने वाली एक विश्व स्तरीय एयरलाइन बनाने की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है, और यह वैश्विक मंच पर गर्व से एक नए भारत का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा था कि 2025 तक एयर इंडिया के सभी विमानों में नया लोगो होगा। कैंपबेल ने कहा था कि दशकों तक एयर इंडिया के शुभंकर के रूप में प्रतिष्ठित महाराजा बने रहेंगे भविष्य में भी एयरलाइन की यात्रा का हिस्सा होंगे।

# एडीआईए रिलायंस में 4,966.80 करोड़ का निवेश करेगी

**नई दिल्ली ।** अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड में 0.59 4,966.80 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने यह जानकारी दी। आरआईएल ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि इस निवेश के तहत रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) का इक्विटी मूल्य 8.381 लाख करोड़ रुपए है। इस तरह यह इक्विटी मूल्य के हिसाब से देश की शीर्ष चार कंपनियों में शामिल है। कंपनी ने बताया कि एडीआईए की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के जरिये होने वाले इस निवेश से एआईडीए को पूर्ण चुकता आधार पर आरआरवीएल में 0.59 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी मिलेगी। आरआरवीएल, आरआईएल के खुदरा कारोबार की मूल कंपनी है। यह किराना, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और लाइफस्टाइल तथा फार्मा जैसी श्रेणियों में 18,500 से अधिक स्टोर और डिजिटल कॉमर्स मंचों का संचालन करती है। आरआरवीएल की कार्यकारी निदेशक ईशा मुकेश अंबानी ने कहा, आरआरवीएल में एक निवेशक के रूप में एडीआईए के लगातार समर्थन तथा



उनके साथ अपने संबंधों को मजबूत कर हम खुश हैं। विश्व स्तर पर मूल्य निर्माण के उनके लंबे अनुभव से हमें फायदा होगा और भारतीय खुदरा क्षेत्र में बदलाव को बढ़ावा मिलेगा।

# असुरक्षित कर्ज में वृद्धि पर आरबीआई ने जताई चिंता, वित्तीय स्थिरता को खतरा; मजबूत करनी होगी निगरानी

**नई दिल्ली ।** खुदरा कर्ज खासकर पर्सनल लोन और अन्य असुरक्षित कर्ज में बेतहाशा वृद्धि पर आरबीआई ने चिंता जताई है। दास ने कहा कि बिना गारंटी वाले कर्ज वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा हैं। ऐसे में हम उम्मीद करेंगे कि हालात पर नियंत्रण



के लिए बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और फिनटेक आंतरिक निगरानी तंत्र मजबूत करें। साथ ही, मजबूत जोखिम प्रबंधन भी लागू करें। केंद्रीय बैंक के डिप्टी गवर्नर जे स्वामीनाथन ने कहा, गवर्नर की इस संबंध में टिप्पणियां सिर्फ एक सलाह है। स्वामीनाथन ने चेतावनी दी कि बैंक व एनबीएफसी पर इस पर कार्रवाई नहीं करते हैं तो आरबीआई खुद इसकी जांच करेगा। पिछले दो वर्षों में कुल बैंकिंग कर्ज 12-14 फीसदी बढ़े हैं। इस दौरान असुरक्षित खुदरा कर्ज में 23 फीसदी वृद्धि हुई है, जो नियामक के लिए चिंता की बात है।

#### पीएम विश्वकर्मा पीआईडीएफ योजना में

आरबीआई ने पीएम विश्वकर्मा को भुगतान अवसंरचना विकास कोष (पीआईडीएफ) योजना में शामिल करने का फैसला किया है। साथ ही, पीआईडीएफ योजना को दो साल के लिए 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले माह पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इसमें कारीगरों को दिए जाने वाले कर्ज पर 8 फीसदी तक की सब्सिडी देने का प्रस्ताव है।

#### टोकनाइजेशन

कार्ड डाटा के 'टोकनाइजेशन' की बढ़ती स्वीकार्यता को देखते हुए आरबीआई सीधे बैंक स्तर पर कार्ड-ऑन-फाइल टोकनाइजेशन सुविधाएं शुरू करने पर विचार कर रहा है। ग्राहक शिकायत निपटान तंत्र मजबूत करने के लिएआरबीआई आंतरिक लोकपाल योजना में बदलाव कर सकता है।

#### लोगों ने खर्च किया, इसलिए बचत में आई गिरावट : पात्रा

घरेलू बचत के 2022-23 में पांच दशक के निचले स्तर पर आने पर आरबीआई ने कहा, कोरोना के बाद आवाजाही पर लगा प्रतिबंध खत्म हो गया। इससे लोगों ने खर्च करना शुरू किया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने कहा, परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में गिरावट में देनदारियों में वृद्धि भी शामिल है।

### कर्ज के बोझ तले दब रहा पाक

# 13.64 ट्रिलियन बढ़ा विदेशी ऋण, आईएमएफ के 700 मिलियन डॉलर पर टिकी आस

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में गंभीर आर्थिक संकट की खबरें लगातार सुर्खियों में हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में विदेशी कर्ज का अनुपात बढ़ा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 में 36.9 प्रतिशत कर्ज का बोझ था। अब वित्त वर्ष 2023 में विदेशी लोन का दबाव बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गया है।

**रसातल में जा रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था** - एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वित्त मंत्रालय की वार्षिक ऋण समीक्षा और सार्वजनिक ऋण बुलेटिन में विदेशी कर्ज का दबाव बढ़ने की बात सामने आई है। वित्त वर्ष 2023 में पाकिस्तान की घरेलू मुद्रास्फीति को अनियंत्रित बताया गया। आर्थिक मामलों के जानकारों की राय में नकदी की कमी से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पिछले कई वर्षों से फ्री-फ़ॉल मोड में है।

**कर्ज बढ़कर 62.88 ट्रिलियन रुपये हुआ** - रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के पड़ोसी मुल्क में खतरनाक विकास हो रहा है। वित्त वर्ष 2023 के



बुलेटिन का जिक्र करते हुए कहा गया कि कुल सार्वजनिक ऋण जून 2023 के अंत तक 49.2 ट्रिलियन रुपये था। अब लोन बढ़कर 62.88 ट्रिलियन रुपये पर पहुंच गया है।

**पीडीएम की सरकार में सार्वजनिक ऋण 13.64 ट्रिलियन रुपये बढ़ा** - रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) गठबंधन सरकार के कार्यकाल में पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में पाकिस्तान का सार्वजनिक ऋण 13.64 ट्रिलियन रुपये बढ़ा है। खबरों के अनुसार, कर्ज के बोझ तले दबते पाकिस्तान को अब अक्टूबर के अंत में आईएमएफ की समीक्षा और उसके बाद मिलने वाले पैकेज से मदद की आस है।


**घरेलू लोन का अनुपात घटा, विदेश से मिले लोन चिंता का कारण कुल सार्वजनिक-**ऋण में घरेलू लोन का अनुपात कम हुआ है। वित्त वर्ष 2022 में लोन 63.1 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2023 में लोन घटकर 61.7 प्रतिशत हो गया। हालांकि, विदेशी ऋण का अनुपात 36.9 प्रतिशत से बढ़कर 38.3 प्रतिशत हो गया है। जो 1.4 प्रतिशत का उछाल दिखाता है।

**कीमतों में लगातार गिरावट के कारण हालात बदतर** - रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी ऋण बढ़ने की घटनाएं स्पष्ट रूप से दिखाती हैं कि विदेशी ऋण संचय की गति काफी तेज है। घरेलू ऋण के पीछे छूटने का प्रमुख कारण विनिमय दर के कारण बड़े पैमाने पर होने वाला मूल्यह्रास है। यानी पाकिस्तान में कीमतों में लगातार गिरावट हो रही है।

**अमेरिकी लोन घटने पर भी विदेशी लोन में उछाल** - रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023 में अमेरिका से लिया गया सार्वजनिक ऋण घटा है, लेकिन इसके बावजूद विदेश से लिया जाने वाला लोन एक फीसद बढ़ा। जून 2022 के अंत में 37 प्रतिशत लोन था, ये अमाउंट बढ़कर जून 2023 के अंत में 38 प्रतिशत हो गया।

**3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बेलआउट** - रसातल में जाती पाकिस्तान की इकोनॉमी को संभालने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने जुलाई में 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हस्तांतरित किए थे। आईएमएफ ने पाकिस्तान को ये राशि नौ महीने के लिए 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बेलआउट कार्यक्रम के हिस्से के रूप में दी गई थी। पाक की आर्थिक समीक्षा, आईएमएफ प्रतिनिधिमंडल अक्टूबर के अंत में आएगा गौरतलब है कि प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिरने के बाद देश की खराब अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के कई प्रयास हो चुके हैं, लेकिन नकदी संकट वाले इस देश में आर्थिक संकट गहराता जा रहा है।

# बड़े पैमाने पर एक्शन सीक्वेंस का हिस्सा बनना पसंद : सलमान



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म टाइगर 3 को लेकर सलमान खान ने कहा कि उन्हें बड़े पैमाने पर एक्शन सीक्वेंस का हिस्सा बनना पसंद है। सलमान ने कहा, लोगों ने एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की फिल्में देखी हैं। इसलिए, उन्हें विजुअली तौर पर कुछ नया देना जरूरी है, जो आश्चर्यजनक रूप से यूनिक हो। टीम ने वास्तव में टाइगर 3 के साथ एक्शन का दायरा बढ़ा दिया है। सलमान ने कहा कि वह सेट पर एक बच्चे की तरह बड़े पैमाने पर एक्शन सीन को देख रहे थे जिन्हें शूट करने के लिए उनके लिए विस्तृत योजना बनाई गई थी। उन्होंने कहा, टीम ने उन चीजों को आजमाया और एग्जीक्यूट किया है जो किसी भारतीय फिल्म में कभी नहीं देखी गई हैं। जब हम टाइगर 3 के ट्रेलर का लांच करने वाले हैं, तब हम आपको कई बड़े मोमेंट्स से रूबरू कराएंगे, जो फिल्म की हमारी अगली मार्केटिंग एसेट्स होने जा रही है। सलमान ने कहा कि टाइगर 3 की कहानी उतार-चढ़ाव से भरी है क्योंकि सुपर एजेंट टाइगर जानलेवा मिशन पर निकलता है। अभिनेता ने कहा, ट्रेलर और फिल्म से अप्रत्याशित की उम्मीद है। और एक एक्शन एंटरटेनर के लिए तैयार हो जाइए जिसकी कहानी वास्तव में गहन होगी। टाइगर 3 की कहानी ने मुझे तुरंत प्रभावित किया है। यह निश्चित रूप से टाइगर का सबसे खतरनाक मिशन है और उसे इसके लिए अपनी जान जोखिम में डालनी होगी।

# श्रद्धा कपूर की लाइफ में फिर हुई प्यार की एंट्री






अभिनेत्री श्रद्धा कपूर का नाम बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल है। श्रद्धा को उनकी सादगी के लिए भी सराहा जाता है। फिल्मों के साथ-साथ श्रद्धा अपनी पर्सनल लाइफ के कारण भी हमेशा चर्चा में रहती हैं। इसी बीच अब श्रद्धा एक नई वजह से खबरों में हैं। हर तरफ ये चर्चा है कि श्रद्धा एक मशहूर राइटर को डेट कर रही हैं। खबरों के मुताबिक कहा जा रहा है कि श्रद्धा मशहूर राइटर राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। राहुल ने श्रद्धा कपूर की फिल्म तू झूठी, मैं मक्कार की कहानी लिखी थी। इस फिल्म के अलावा राहुल ने प्यार का पंचनामा, सोनू के टीटू की स्वीटी जैसी कई फिल्मों की कहानियां लिखी हैं। श्रद्धा कपूर और राहुल की डेटिंग की खबर के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं। इससे पहले, श्रद्धा के सेलिब्रिटी फोटोग्राफर रोहन श्रेष्ठ को डेट करने की अफवाह थी। कहा जाता है कि करीब 4 साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 2022 में दोनों अलग हो गए। इसी बीच कुछ दिनों पहले श्रद्धा और एक्टर आदित्य राय कपूर के अफेयर की चर्चा जोरो में थी। इन दोनों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। फिल्म आशिकी-2 में दोनों की जोड़ी को फैंस ने खूब पसंद किया था। श्रद्धा की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही राजकुमार राव के साथ स्त्री-2 में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। फिल्म में राजकुमार राव और श्रद्धा के अलावा अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी, पंकज त्रिपाठी भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म अगस्त 2024 में रिलीज होगी।


# अशनूर कौर ने अब मुंबई में खरीदा आशियाना

## -अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर की तस्वीर



**मुंबई (ईएमएस)।** अपने 18वें बर्थडे पर लग्जरी गाड़ी खरीदने वाली एक्ट्रेस अशनूर कौर ने अब मुंबई में अपना सपनों का आशीयाना खरीद लिया है। जी हां, अशनूर ने अपना सपनों का आशियाना खरीदा है जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर की है जो अभी तैयार हो रहा है। एक तस्वीर में एक्ट्रेस को अपने अंडर-कंस्ट्रक्शन घर की बालकनी में पोज देते हुए देखा जा सकता है। एक अन्य तस्वीर में अशनूर को कैमरे के लिए पोज देते हुए देखा जा सकता है। अशनूर के चेहरे की मुस्कान उनकी खुशी को बयां कर रही है। एक्ट्रेस ने अपने अंडरकंस्ट्रक्शन घर की झलक भी दिखाई, जहां वर्कर अपने काम में बिजी नजर आए। तस्वीरों में अशनूर पर्पल कलर का चिकनकारी कुर्ता पहने देखा जा सकती हैं जिसे उन्होंने मैचिंग पलाजो और दुपट्टे के साथ पेयर किया था। अशनूर ने अपने लुक को झुमके, शीयर मेकअप, चूड़ियां और खुले बालों से कंपलीट किया। तस्वीरें शेयर करते हुए अशनूर ने लिखा- नया महीना, नई शुरूआत, नया घर, कुछ दिन और, ग्रेटफुल। अशनूर कौर ने भले ही अब जाकर खुद के पैसों से कार खरीदी हो लेकिन वह पहले से ही लैविश लाइफ जीती है और कई महंगी चीजों की शौकीन हैं। आलीशान घर खरीदने से पहले उन्होंने अपने 18वें बर्थडे पर खुद को लग्जरी कार गिफ्ट की थी। अशनूर कौर ने बीएमडब्ल्यूएक्स3 खरीदी थी। अशनूर के 16वें बर्थडे यानी 2020 में उन्हें उनके माता-पिता ने एक मैकबुक एयर आई5 गिफ्ट की थी, जिसकी कीमत 85,000 रुपए है। बता दें कि एक्ट्रेस अशनूर कौर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अशनूर कौर ने 5 साल की उम्र में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने अपनी जबरदस्त एक्टिंग के कारण लाखों लोगों के दिलों में अपना नाम बनाया है। 19 साल की अशनूर इस करियर के उस प्वाइंड पर जहां पहुंचने का सपना हर बच्चा देखता है।

# नितिन गडकरी के जीवन पर आधारित फिल्म 'गडकरी' 27 अक्टूबर को होगी रिलीज, पोस्टर जारी




केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने काम के लिए खास तौर पर जाने जाते हैं। भारत में सड़क परिवहन और राजमार्गों के लिए काम करने वाले नितिन गडकरी को हाईवे मैन ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। देश के विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने वाले नितिन गडकरी के जीवन पर आधारित फिल्म गडकरी 27 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है। इस फिल्म की कहानी, पटकथा और निर्देशन अनुराग राजन भुसारी ने किया है। अक्षय अनंत देशमुख की इस फिल्म को अभिजीत मजूमदार ने प्रस्तुत किया है। फिल्म में नितिन गडकरी का किरदार निभाने वाले का नाम जानने के लिए दर्शकों की उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है, लेकिन इसका खुलासा नहीं किया गया है। फिल्म निर्देशक अनुराग भुसारी ने कहा, राजनीति में नितिन गडकरी का करियर निश्चित रूप से उल्लेखनीय है। उन्हें एक विद्वान, प्रभावी वक्ता और सड़क सुधार के प्रवर्तक के रूप में जाना जाता है। समाज कल्याण के प्रति जुनूनी इस नेता के राजनीतिक सफर को बहुत से लोग जानते हैं, लेकिन उनकी निजी जिंदगी और युवावस्था भी उतनी ही दिलचस्प है। ऐसे नेता की जीवन यात्रा को इस फिल्म के जरिए दर्शकों के सामने पेश करने की कोशिश की गई है।

# 'मिशन रानीगंज' ने पहले दिन कमाए 2.8 करोड़



अक्षय कुमार स्टारर 'मिशन रानीगंज' शुक्रवार 06 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। घोषणा के बाद से ही यह चचाओं में थी। यह फिल्म सरदार जसवन्त सिंह गिल के जीवन पर आधारित है। फिल्म की पहले दिन की कमाई सामने आ गई है। 'सैक्निल्क' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'मिशन रानीगंज' ने पहले दिन 2.8 करोड़ की कमाई की है। अगर फिल्म को वीकेंड का फायदा मिलता है तो ये दो दिनों में बेहतर कलेक्शन बटोर सकती है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म में अक्षय कुमार की पत्नी का किरदार निभाया है। इसमें कुमुद मिश्रा, रवि किशन, पवन मल्होत्रा, लंकेश भारद्वाज, राजेश शर्मा भी हैं। यह फिल्म पश्चिम बंगाल के रानीगंज के एक खदान में फंसे 65 श्रमिकों को सरदार जसवंत सिंह गिल और अन्य लोगों द्वारा बचाने पर आधारित है। सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में बड़ी स्टारकास्ट भी है। कई रोमांचकारी दृश्य भी हैं। फिल्म का बजट 55 करोड़ है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन औसत शुरूआत की है।

# कंगना रनौत स्टारर 'तेजस' का पूरा ज्यूकबॉक्स रिलीज कर मेकर्स ने फैंस को दिया शानदार सरप्राइज




कंगना रनौत स्टारर 'तेजस' भारतीय सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। फिल्म में कंगना एक बार फिर एक्शन और इंटेंस अवतार में वापसी कर रही है। टीजर ने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों और दर्शकों से शानदार प्रतिक्रियाएं हासिल की। टीजर में कंगना का दमदार अवतार देखकर हर कोई हैरान है। डायलॉग और टैगलाइन की सराहना हो रही है। फैंस को सरप्राइज करते हुए फिल्म निमार्ताओं ने ज्यूकबॉक्स लॉन्च किया है, जिससे हर कोई खुश है। टीजर पहले ही सोशल मीडिया पर धूम मचा चुका है। ज्यूकबॉक्स एक्शन से भरपूर और देशभक्ति गीतों का खूबसूरत मेल है, ये यूट्यूब सहित लोकप्रिय प्लेटफार्मों पर विशेष उपलब्ध है। फैंस फिल्म के साउंडट्रैक को एंजॉय कर सकते हैं। जहां फिल्म देशभक्ति की थीम पर बेस्ड है, वहीं फिल्म के गाने थीम के साथ न्याय करते हैं। शानदार टीजर की तरह ज्यूकबॉक्स भी हर किसी में देशभक्ति की भावना जगाएगा। आरएसवीपी द्वारा निर्मित 'तेजस' में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित, निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।


# सुशांत राजपूत की मौत के बाद के हालात पर बोलीं रिया चक्रवर्ती



अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने तीन साल पहले आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर कई आरोप लगे, आलोचना हुई और उन्हें पूछताछ का सामना करना पड़ा। उन्हें जेल में भी रहना पड़ा। वह तीन साल पहले अपने सामने आई स्थिति और लोगों की बातचीत सुनने के अनुभव को रिया चक्रवर्ती ने शेयर किया है। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बारे में बात करते हुए रिया ने कहा, 'जब मैं लोगों के चेहरे देखती हूं तो कुछ लोग मुझे ऐसे देखते हैं, जैसे मैंने कुछ किया हो। मैं लोगों के चेहरे पढ़ सकती हूं। लोग मुझे चुडैल कहते थे, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ा। क्या पता शायद मैं काला जादू जानता हूं। समाज में लोग कहते हैं कि अगर कोई पुरुष शादी के बाद ज्यादा शराब पीने लगता है तो इसका कारण उसकी पत्नी होती है। अगर उसका करियर खराब होता है तो उसके लिए पत्नी को भी जिम्मेदार ठहराया जाता है।" रिया ने कहा, "लोग मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को नहीं समझते हैं। सुशांत सफल थे, लेकिन मुझे नहीं पता कि उनका मानसिक स्वास्थ्य क्यों बिगड़ गया।" सफल लोगों को भी तनाव हो सकता है। मुझे नहीं पता कि सुशांत न अपनी जान क्यों ली, लेकिन मैं जानता हूं कि वह किस दौर से गुजरा। मैं एनसीबी और ड्रग्स के बारे में बात नहीं करना चाहती। रिया ने जेल का अनुभव सुनाया। उन्होंने कहा कि "जेल एक दिलचस्प जगह है क्योंकि आप समाज से अलग-थलग हैं। मैंने जेल में बहुत कुछ सीखा। मुझ पर मुकदमा चल रहा था। मैं दोषी नहीं थी। मैंने सीखा कि हम फिल्मों के लिए कैसे दौड़ते रहते हैं, लेकिन जेलों में रहने वाली महिलाओं को अगर कभी वहां समोसा मिल जाए तो वे बहुत खुश होती हैं।"

# टाइगर 3 का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज के लिए तैयार

## - इस साल दिवाली पर हो रही है रिलीज



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बालीवुड के दबंग भाईजान यानि सलमान खान और कैटरीना कैफ स्टारर टाइगर 3 का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज करने के लिए तैयार हैं! आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित टाइगर 3 इस साल दिवाली पर रिलीज हो रही है और उम्मीद है कि यह बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा देगी! आदित्य चोपड़ा ईंट दर ईंट वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का निर्माण कर रहे हैं और सलमान खान और कैटरीना कैफ अभिनीत टाइगर 3 अगली बड़ी फिल्म है। टाइगर उर्फ सलमान खान वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स के ओजी हैं क्योंकि एक था टाइगर (2012) ने चुपचाप ऐसे शानदार सुपर-जासूस बनाने की योजना को गति दी, जो भारतीय सिनेमा ने पहले कभी नहीं देखा है! यह एक था टाइगर और टाइगर ज़िंदा है की भारी सफलता थी जिसने आदित्य चोपड़ा के इस विश्वास को मजबूत किया कि वह दो बड़े जासूस एजेंटों, वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म वॉर में कबीर उर्फ ऋतिक रोशन और पठान में पठान उर्फ शाह रुख खान को पेश कर सकते हैं। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है और वॉर के बाद, यह पठान में था कि आदित्य चोपड़ा ने आधिकारिक तौर पर खुलासा किया कि वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का निर्माण कर रहे थे और फ्रेंचाइजी लोगो का अनावरण किया। किरदारों का क्रॉसओवर भी पठान के साथ शुरू हुआ, जिसमें इन दो सिनेमाई आइकनों की आभा का जश्न मनाते हुए एक बड़े-से-बड़े एक्शन सीक्वेंस में शाहरुख खान और सलमान खान को साथ देखा गया। वाईआरएफ का इरादा पठान के बाद की दुनिया की हर जासूसी फिल्म को आपस में जोड़ने का है।

# अबराम संग सुहाना की फोटो तेजी से हो रही वायरल

## -देखते ही बन रहा सुहाना का लुक



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में सुपरस्टार शाहरुख खान के बिटिया सुहाना खान को छोटे भाई अबराम के साथ मुंबई के एक कैफे के बाहर स्पॉट किया गया, जहां से दोनों भाई-बहन की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। सामने आई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कैफे के बाहर सुहाना खान फ्लोरल प्रिंटेड बॉडीकॉन ड्रेस में कैजुअल, लेकिन काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। कानों में गोल्डन ईयररिंग्स और ब्लैक हील्स पहने सुहाना का लुक देखते ही बन रहा है। एक हाथ में उन्होंने हैंडबैग कैरी किया और दूसरे में छोटे भाई का हाथ थामा है।इस दौरान अबराम हमेशा की तरह कापी क्यूट लग रहे हैं। कैफे से बाहर निकलते हुए दोनों भाई-बहन की कई तस्वीरें पैपराजी के कैमरे में कैद हुईं। तस्वीरों में सुहाना-अबराम की प्यारी बॉन्डिंग देखने को मिल रही है। बता दें, सुहाना खान बहुत जल्द बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। वह जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज में दिखाई देंगी। उनकी यह फिल्म इसी साल 7 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म में सुहाना के साथ में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा और श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर भी नजर आएंगी। बता दें कि शाहरुख खान की बिटिया सुहाना खान अन्य स्टार किड्स से सबसे हॉट हसीना हैं। भले ही उन्होंने अभी तक फिल्मों में डेब्यू नहीं किया, लेकिन वह अपने लुक्स को लेकर अक्सर चर्चा बटोरती हैं।

## सूडोकु नवताल- 6576

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6575 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## शब्दजाल - 7323

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | स | आ | त्म | ली | न | षा | गु | बा | प | दे |
| क | अ | अ | त्म | त | अ | ला | र | न | द | जू |
| आ | स | आ | क | प्र | न | भि | द | नं | जू | व |
| जी | अ | चा | आ | र | ति | गु | आ | प | दे | न |
| व | अ | र्य | त | अ | ला | ष्ठा | न | श | म | क |
| न | आ | चा | र | वा | न | द | शा | च | व | त |
| वा | अ | सौ | र | जा | ला | गु | आ | प | दे | आ |
| ह | आ | मो | व | आ | वा | द | ह | यु | व | ग |
| क | जा | ह | व | प | गो | द | व | प | र | र |
| र | दी | ब्ब | फा | प | स | श | ह | वि | बा | क |
| स | बा | तें | व | न | ज | द | आ | गा | ह | र |

*शब्द जाल में 'आ' से शुरु होने वाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

आत्मलीन, आत्मप्रतिष्ठा, आचारवान, आगोश, आगाह, आनंद, आजीवन, आचार्य, आजादी, आचमन.

### शब्दजाल - 7322 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | दु | मे | रि | द्रो | णा | चा | र्य | न | प | क |
| न | र्यो | शा | प | इं | डो | भी | म | या | ड़ | क |
| अ | ध | जा | स | र | ग | स | द | ह | प | न |
| जी | न | ल | पा | न | दू | स | न | ह | र्जु | ल |
| त | या | अ | सौ | न | जा | ला | न्यु | अ | प | दे |
| आ | यु | इ | मो | व | प | म | क | ह | यु | बां |
| ग | धि | ल | ह | च | भि | रि | पा | व | प | ग |
| र | ष्ठि | भा | त्क | अ | प | स | रा | ब्रा | वि | ला |
| क | र | ठे | तें | व | न | क | र्ण | शा | जू | दे |
| र | घ | ल | प | व | सिं | ल | स | अ | प | श |
| बां | स | ल | भी | ष्म | पि | ता | मा | ह | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6276

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 7 | 4 | 1 | |
| 1 | 28 | 3 | 40 | | 31 | 7 |
| 2 | | | 6 | | 5 | |
| | 34 | 6 | 31 | 2 | 30 | 3 |
| 3 | | | 4 | | | 5 |
| 5 | 30 | | 28 | 6 | 35 | |
| 4 | | 1 | | 7 | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6275 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 28 | 4 | 35 | 6 | 28 | 1 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 5 |
| 3 | 32 | 6 | 32 | 7 | 31 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 4 | 33 | 5 | 30 | 5 | 35 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# वनडे विश्व कप 2023 : भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया
## आज स्पिनरों के लिए चेपॉक में होगा शानदार मौका

**चेन्नई ।**
रविवार 8 अक्टूबर से मेजबान भारत अपने वनडे विश्व कप 2023 अभियान की शुरुआत करने जा रहा है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 5 बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से यह शुरुआत होगी। गौरतलब है कि चेपॉक पारंपरिक रूप से स्पिनरों के अनुकूल स्थल के रूप में जाना जाता है। जिस ट्रैक पर भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया का खेल खेला जा रहा है, उसके रैंक-टर्नर होने की उम्मीद है और स्पिन द्वारा संभावित परीक्षण से पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। भारत अंतिम एकादश में तीन स्पिनरों – कुलदीप यादव, रवींद्र जड़ेजा और रविचंद्रन अश्विन के साथ उतर सकता है, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने नेट्स में स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपने कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित किया। डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ और कंपनी जैसे लोगों ने एडम जम्पा, डी आर्सी शॉर्ट, मार्नस लाबुशाने और अन्य स्थानीय नेट गेंदबाजों जैसे अपने ही ट्विकर्स का सामना किया। टर्निंग ट्रैक पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को गेंद को अंतराल में भेजकर स्कोरबोर्ड को टिके रखने के महत्व को पता है क्योंकि सीमाएं बनाना मुश्किल हो सकता है। हालांकि नेट्स में स्पिनरों ने ज्यादातर गेंदबाजी की, लेकिन तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी अन्य स्थानीय तेज गेंदबाजों के साथ कुछ समय तक गेंदबाजी की। मेन इन येलो का जन्म और पालन-पोषण भले ही घर में तेज और उछाल भरी पिचों पर हुआ हो, लेकिन वे उपमहाद्वीप के बाहर के कुछ अन्य देशों की तुलना में स्पिन को बेहतर ढंग से खेलते हैं। चेपॉक में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड विभिन्न परिस्थितियों में उनकी अनुकूलन क्षमता को बताता है। और यह भी बताता है कि वे शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देशों में से एक क्यों हैं। आयोजन स्थल पर 6 मैचों में ऑस्ट्रेलिया 5 जीतने में सफल रहा और केवल एक बार हारा है। इस बीच भारत ने चेपॉक पर 14 मैच खेले हैं, जिनमें से सात में जीत और छह में हार मिली है। इनमें से एक खेल बिना किसी परिणाम के समाप्त हुआ। संभावित प्लेइंग इलेवन में भारतीय टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम में डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी/जोश इंग्लिस, एडम ज़म्पा, मिशेल स्टार्क, सीन एबॉट, पैट कमिंस (कप्तान) शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बैडमिंटन में चिराग-सात्विक ने रचा इतिहास, भारत ने 61 साल में पहली बार पुरुष युगल में जीता स्वर्ण




**हांगझोऊ ।** वहीं, एशियाई खेलों में बैडमिंटन पुरुष युगल के इतिहास में भारत का यह सिर्फ दूसरा पदक है। इससे पहले 1982 दिल्ली एशियाई खेलों में भारत के लेरॉय डीसा और प्रदीप गांधे की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता था। बैडमिंटन 1962 से एशियाई खेलों का हिस्सा रहा है। यह 61 साल में पहली बार है जब पुरुष युगल में भारत ने स्वर्ण पदक जीता है। इसी के साथ चिराग-सात्विक ने पुरुष युगल से इंडोनेशिया का दबदबा खत्म कर दिया है। इन खेलों में इंडोनेशिया के आठ स्वर्ण (1974, 1978, 1982, 1994, 2010, 2014, 2018) पदक हैं। पिछले यानी 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में इंडोनेशिया के मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुलिजो ने स्वर्ण जीता था। अब चिराग-सात्विक ने स्वर्ण जीतकर उनके दबदबे को खत्म कर दिया है। पुरुष युगल के फाइनल में चिराग और सात्विक का सामना कोरिया की सोलग्यू और वोन्हो की जोड़ी को पहले गेम में 21-18 से हराया। यह मुकाबला 29 मिनट तक चला। वहीं, दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने 21-16 से जीत हासिल की और स्वर्ण अपने नाम किया। दूसरा गेम 27 मिनट तक चला। भारतीय जोड़ी ने 56 मिनट में मैच खत्म किया और स्वर्ण पर कब्जा जमाया। यह भारत का हांगझोऊ एशियाई खेलों में बैडमिंटन स्पर्धा में तीसरा पदक रहा। इससे पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने रजत जीता था, जबकि एचएस प्रणय ने पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता था। 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में भारत ने सिर्फ दो पदक जीते थे। ये दोनों पदक महिला एकल में आए थे। पीवी सिंधू ने रजत और साइना नेहवाल ने कांस्य जीता था। भारत की ओर से किसी भी एथलीट ने एशियाई खेलों में बैडमिंटन में स्वर्ण नहीं जीता है।

### पाक बल्लेबाज सऊद शकील ने पकड़ी मैदानी अंपायर की गलती, देनी पड़ी फ्री-हिट

**नई दिल्ली ।** पाक बल्लेबाज शकील ने मैदानी अंपायर की एक बड़ी गलती पकड़ ली, जिसके बाद उन्हें फ्री हिट मिल गई है। दरअसल विश्व कप 2023 में नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले में पाकिस्तान हैदराबाद के



राजीव गांधी अंतर्राष्टीय स्टेडियम में विश्व कप का पहला मुकाबला खेल रही थी। मैच में पाक की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। 3 विकेट मात्र 38 रन पर गिर गए थे लेकिन इसके बाद मध्यक्रम में सऊद शकील ने अर्धशतक लगाकर पारी को संभाला। सऊद ने 68 गेंदों पर और 1 छक्के की मदद से 52 रन बनाए। मैच के दौरान शकील ने एक समय मैदानी अंपायर की गलती भी पकड़ ली। दरअसल, पाकिस्तान की पारी का 22वां ओवर चल रहा था। नीदरलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर रूलोफ वान डेर मेरवे ने गेंद फेंकी जिसे शकील ने लॉन्ग-ऑन और डीप मिड-विकेट की ओर मारकर चौका बटोर लिया। इसके फौरन बाद शकील ने अंपायर को सर्कल के अंदर खड़े फील्डर पर ध्यान देने को कहा। पाया गया कि डच खिलाड़ी सर्कल के अंदर निर्धारित संख्या से कम थे। शकील और रिजवान दोनों अंपायर की ओर गए और उन्हें बताया कि 30-यार्ड सर्कल में फील्डर कम है। अंपायरों ने इसे देखा और नियम के अनुसार इसे नो-बॉल करार दे दिया। इससे पाकिस्तान को फ्री हिट मिल गई। फ्री हिट पर शकील ने रूलोफ़ वैन डेर मेरवे को छक्का मारा। घटनाक्रम की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पाकिस्तान पहले खेलते हुए 49 ओवर में 286 रन पर आउट हो गया। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 68-68 रन बनाए। मोहम्मद नवाज ने 39, शादाब खान ने 32 रन बनाए। एकरमैन ने 39 रन देकर 2 तो बास डी लीडे ने 62 रन देकर 4 विकेट लीं। जवाब में नीदरलैंड 205 रन ही बना पाई और 81 रन से मुकाबला हार गई।

### एशियाई खेलों में भारत ने हॉकी का स्वर्ण जीतकर पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**हांगझोउ ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में जापान को 5-1 से हराकर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सबसे ज्यादा दो गोल किए। वहीं मनप्रीत सिंह, अभिषेक और अमित रोहिदास ने एक-एक गोल दागा। जापान की ओर से एकमात्र गोल सेरेन तनाका ने 51वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर किया।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने एशियाड में पहला स्वर्ण जीता, अफगानिस्तान को लगातार तीसरी बार मिला रजत

**हांगझोऊ ।**
**भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत लिया है। शनिवार (सात अक्तूबर) को अफगानिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबला बारिश के कारण धुल गया। आईसीसी रैंकिंग के आधार पर टीम इंडिया को चैंपियन घोषित किया गया। टी20 रैंकिंग में भारत पहले स्थान पर है। वहीं, अफगानिस्तान 10वें पायदान पर है। भारतीय पुरुष टीम को पहली बार एशियाई खेलों में स्वर्ण मिला है। वहीं, अफगानिस्तान को लगातार तीसरा रजत मिला है।**




बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराकर कांस्य पर कब्जा किया। भारतीय टीम रैंकिंग के आधार पर सीधे क्वार्टर फाइनल में खेलने उतरी थी। उसने नेपाल को 23 रन से हराया था। उसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में नौ विकेट से जीत हासिल की थी। दूसरी ओर, अफगानिस्तान की बात करें तो उसने क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका को परास्त किया था। उसके बाद एक और उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में पाकिस्तान को शिकस्त दी थी। हालांकि, फाइनल में उसे ऐसा करने का मौका नहीं मिला।

#### पहली बार एशियाई खेलों में उतरी भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम पहली बार एशियाड में हिस्सा लेने उतरी थी। उसने पहली बार में ही इतिहास रच दिया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले 2010 में बांग्लादेश ने अफगानिस्तान और 2014 में श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हराकर स्वर्ण जीता था। अफगानिस्तान की टीम लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंची और उसे तीसरे रजत पदक से संतोष करना पड़ा है।

#### भारतीय कप्तान ने जीता था टॉस


मैच में भारत के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बारिश के कारण मैच रोके जाने के समय अफगानिस्तान ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 112 रन बना लिए थे। इसके बाद बारिश के कारण मुकाबला नहीं हो सका।

#### ऐसी रही अफगानिस्तान की पारी

अफगानिस्तान की पारी की बात करें तो शाहिदुल्लाह कमाल ने सबसे ज्यादा नाबाद 49 रन बनाए। कप्तान गुलबदीन नईब 27 रन बनाकर नाबाद रहे। अफसर जजई ने 15 रन का योगदान दिया। इन तीनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। जुबैद अकबरी पांच और मोहम्मद शहजाद चार रन बनाकर आउट हुए। नूर अली जादरान और करीम जनात ने एक-एक रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, शाहबाज नदीम और रवि बिश्नोई ने एक-एक विकेट लिए।

# टीम में बने रहेंगे शुभमन गिल, वर्ल्ड कप में ओपनर से नहीं किया बाहर : राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली ।**
**भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को डेंगू होने का पता चला है। जिसके चलते वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के क्रिकेट विश्व कप 2023 के पहले मैच से पहले चेन्नई में प्रशिक्षण सत्र में शामिल नहीं हुए थे। हालांकि टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पुष्टि की है कि स्टार ओपनर शुभमन गिल को अभी बाहर नहीं किया गया है क्योंकि वह बेहतर महसूस कर रहे हैं।**



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के लिए शुभमन की उपलब्धता पर संदेह रहा लेकिन द्रविड़ ने कहा है कि अभी भी 36 घंटे बाकी हैं और मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। द्रविड़ ने प्रेस वार्ता में कहा कि शुभमन गिल बेहतर महसूस कर रहे हैं, हमारे पास 36 घंटे हैं, मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है, उन्हें अभी बाहर नहीं किया गया है। गौरतलब है कि शुभमन इस साल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में इस समय नंबर 2 पर हैं। 23 साल के इस ओपनर ने इस साल 20 मैचों में 1230 रन बनाए हैं और एक ऐतिहासिक दोहरा शतक भी लगाया था। टीम इंडिया ने विश्व कप में पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बीते दिनों हुई वनडे सीरीज में भी शुभमन ने शतक लगाया था। विश्व कप 2023 के लिए भारतीय टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव शामिल हैं। वहीं मैच शैड्यूल की बात करें तो भारत अपने 9 लीग मैच 9 अलग-अलग स्थानों पर खेलेगा। जिनमें 8 अक्टूबर को भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, चेन्नई में दोपहर 2 बजे से होगा। इसी तरह 11 अक्टूबर को भारत बनाम अफगानिस्तान, नई दिल्ली में, 14 अक्टूबर को भारत बनाम पाकिस्तान, अहमदाबाद में 19 अक्टूबर को भारत बनाम बांग्लादेश, पुणे में 22 अक्टूबर को भारत बनाम न्यूजीलैंड, धर्मशाला में 29 अक्टूबर को भारत बनाम इंग्लैंड, लखनऊ में, 2 नवंबर को भारत बनाम श्रीलंका, मुंबई में, 5 नवंबर को भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, कोलकाता में, तथा 11 नवंबर को भारत बनाम नीदरलैंड, बेंगलुरु, दोपहर 2 बजे होगा। यह सभी डे-नाइट होंगे।

# विराट से नहीं कर सकते हैं पाक कप्तान की तुलना : हफीज

नई दिल्ली ।
पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने कहा है कि कप्तान बाबर आजम की विराट कोहली से तुलना नहीं हो सकती। हफीज ने कहा कि आजम आज के दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं पर इसके बाद भी उनकी तुलना विराट से करना कहीं से भी सही नहीं हैं क्योंकि दोनो ने अलग-अलग समय पर खेला है। विराट के पास लंबा अनुभव है जबकि आजम अभी शुरुआती दौर में हैं। आजम ने पिछले तीन-चार साल में अपने प्रदर्शन से विशेष पहचान बनाई है। मौजूदा दौर क सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में एक समय भारत के विराट कोहली, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और इंग्लैंड को जो रूट को ही शामिल किया जाता था पर अब उसमें पाक कप्तान को भी शामिल किया जाता है। बाबर आने वाले वर्षों में क्रिकेट के कई बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर सकते हैं।

वहीं विश्वकप की बात करें तो आजम के पास दोहरी जिम्मेदारी है। वह अपनी टीम के प्रमुख बल्लेबाज होने के साथ-साथ टीम के कप्तान भी है। ऐसे में उन्हें बल्ले से लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए यह भी तय करना है कि पाक टीम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करे।

वहीं विश्वकप में पाकिस्तान टीम की संभावनाओं पर हफीज ने कहा, 'बाबर की कोहली के साथ तुलना की की जाती है पर दोनों की कोई तुलना नहीं है। मुझे हमेशा लगता है कि दोनों काफी बड़े क्रिकेटर हैं लेकिन आप दो अलग ज़ोन के बल्लेबाज की तुलना कर रहे हैं।' बाबर की एकदिवसीय में शीर्ष रैंकिंग को लेकर हफीज ने कहा,' बेशक रैकिंग मायने रखती है लेकिन इसके



मायने तभी हैं जब टीम जीत रही हो अगर टीम हार रही है तो कोई मतलब नहीं है। पिछले दो-तीन साल में बाबर का ग्राफ ऊपर चढ़ा है इससे इनकार नहीं किया जा सकता। अगर हम उसके प्रदर्शन पर नजर डालें तो बाबर की कामयाबी को अनदेखा नहीं किया जा सकता। निजी तौर पर मुझे लगता है कि बाबर और विराट दोनों इस वक्त पूरी दुनिया के प्रशंसकों के लिए सबसे बड़े इंटरटेनर है। मैच विनिंग ज़ोन की परफॉर्मेंस में विराट बहुत आगे हैं। ऐसे में यह तुलना मुझे समझ में नहीं आती हैं।

# पाक टीम को सेमीफाइनल का भी दावेदार नहीं मानते हरभजन

**मुंबई ।**
**भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि विश्वकप में इस बार पाकिस्तान टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच पायेगी। हरभजन के अनुसार पाक टीम कहीं से भी विश्व कप की दावेदार नहीं है। आजकल कमेंट्री कर रहे हरभजन ने कहा कि पाक टीम को कमजोर बल्लेबाजी से हार झेलनी पड़ेगी। वहीं गेंदबाजी में नसीम शाह के बाहर होने से भी उसकी संभावनाएं प्रभावित हुई हैं। वहीं कहा कि भारतीय टीम इस बार खिताब की प्रबल दावेदार है। साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के भी सेमीफाइनल में पहुंचने की पूरी उम्मीद है। वहीं यदि सेमीफाइनल की चौथी टीम की बात की जाए तो इसमें दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिलेगा।**



हरभजन ने कहा कि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली तीन टीमें मेरे लिए इंग्लैंड, भारत और ऑस्ट्रेलिया तय हैं। वहीं चौथी टीम कोई भी हो सकती है लेकिन हम पहले पाकिस्तान के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हाल ही में मैंने देखा है कि उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की है, वह बहुत कमजोर लग रही है। इसके अलावा पाकिस्तान की मौजूदा स्पिन गुणवत्ता उनके पिछले दौर की तुलना में कम हुई है। उनकी टीम में सकलैन मुश्ताक, सईद अजमल, शाहिद अफरीदी, मुश्ताक अहमद जैसे बड़े स्पिनर थे मगर अब शादाब खान हैं लेकिन अब हाल ही में वह अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी नहीं कर रहे है, वह विकेट लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। इसलिए मेरा मानना है कि मेरे लिए चौथी टीम या तो न्यूजीलैंड या दक्षिण अफ्रीका है। वहीं हरभजन से पूर्व कोच रवि शास्त्री सहमत नहीं रखते। उनका मानना है कि सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तान पूरा जोर लगाएगा। उन्होंने कहा कि कई टीमों को खिलाड़ियों की चोटों ने परेशान किया है हालांकि उनका मानना है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत निश्चित रूप से सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। साथ ही कहा कि नसीम के नहीं होने से पाक की गेंदबाजी कुछ कमजोर हुई है। साथ ही कहा कि वे इन परिस्थितियों में अपने खेल को जानते हैं। बल्कि मैं कहूंगा कि यह चौथी टीम के रूप में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला होगा।

### कबड्डी फाइनल में हंगामा

# कभी भारत तो कभी ईरान के खिलाड़ी धरने पर बैठे; एशियाड में पहली बार हुआ ऐसा

**हांगझोऊ ।**
**एशियाई खेल 2023 एक बार फिर विवादों में घिर गया है। कबड्डी में पुरुष टीम के फाइनल में भारत और ईरान के बीच जमकर विवाद हुआ। हालांकि, खिलाड़ी आपस में नहीं भिड़े। मैच रेफरी और दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच जमकर बहस हुई। कभी भारत के खिलाड़ी धरने पर बैठे तो कभी ईरान के खिलाड़ियों ने मैट पर बैटकर अपना विरोध जताया।**






मैच अधिकारी बार-बार अपना फैसला पलटते रहे। जिस टीम ने ज्यादा दबाव बनाया फैसला उसी के पक्ष में हो गया। फिलहाल इस मैच को स्थगित कर दिया गया है। अभी तक इस मामले में कोई नतीजा नहीं आया है।

#### कैसे शुरू हुआ विवाद

इस मैच में शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर थी। पहले हाफ के बाद भारतीय टीम 17-13 से आगे थी। दूसरे हाफ में ईरान ने वापसी की और अंत तक कांटे की टक्कर जारी थी। जब मैच में सिर्फ दो मिनट का खेल बचा था और स्कोर 28-28 की बराबरी पर था, तब रेफरी के एक फैसले को लेकर विवाद हो गया। भारतीय कप्तान पवन शेहरावत रेड के लिए गए थे। वह किसी भी डिफेंडर को छुए बिना लॉब में चले गए और रेफरी ने उन्हें आउट करार दिया। नियमों के अनुसार यह फैसला सही था, लेकिन पवन के साथ-साथ ईरान के पांच खिलाड़ी भी लॉबी में चले गए। इस पर रेफरी ने सिर्फ एक खिलाड़ी को आउट करार दिया, जबकि भारतीय टीम की मांग थी कि लॉबी में जाने वाले सभी खिलाड़ियों को आउट करार दिया जाए।

भारतीय टीम के विरोध के बाद रेफरी ने अपना फैसला पलटा तो ईरान ने विरोध शुरू कर दिया। ऐसे में रेफरी बार-बार अपना फैसला बदलते रहे और दोनों टीमें इसका विरोध करती रहीं। मैच को निलंबित कर दिया गया और खबर लिखे जाने तक इस पर कोई फैसला नहीं आया है।

#### क्यों हो रहा विवाद

भारतीय टीम का कहना है कि लॉबी में जाने वाले सभी खिलाड़ी (पवन शेहरावत और अफगानिस्तान के सभी डिफेंडर) आउट हैं। वहीं, ईरान के खिलाड़ियों का कहना है कि उनकी टीम का सिर्फ एक डिफेंडर आउट है। पुराने नियमों के अनुसार लॉबी में जाने वाले सभी खिलाड़ी आउट हैं। वहीं, प्रो कबड्डी लीग के नियमों के अनुसार ईरान का सिर्फ एक डिफेंडर आउट होगा। भारतीय टीम का कहना है कि प्रो कबड्डी लीग का नियम अंतरराष्ट्रीय कबड्डी में नहीं आया है, जबकि ईरान का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कबड्डी के नियम बदलने के बाद ही प्रो कबड्डी लीग के नियम बदले गए हैं।




# मोटी महिलाओं के बच्चों में होता है ऑटिज्म का खतरा

**मोटापे** और मधुमेह की शिकार महिला के गर्भ में पल रहे शिशु में छठे महीने के दौरान आकार बढ़ने की पांच गुणा ज्यादा संभावना होती है। एक अध्ययन के अनुसार ऐसी महिलाओं के गर्भस्थ शिशू में ऑटिज्म का खतरा भी चार गुना बढ़ जाता है।

## महिलाओं पर शोध के बाद सामने आया नतीजा

मोटापे और मधुमेह से ग्रस्त गर्भवती महिलाओं के बच्चों के 'ऑटिज्म' के साथ जन्म लेने का खतरा चार गुना अधिक रहता है। ये बात अनुसंधानकर्ताओं ने 1998 से 2014 के बीच मां और बच्चे की 2700 से अधिक जोड़ियों का अध्ययन करके पता लगाई है कि गर्भावस्था के दौरान मोटापा और मधुमेह दोनों से ग्रस्त होने वाली मां जिन बच्चों को जन्म देती है, उनमें ऑटिज्म का खतरा स्वस्थ मां से पैदा हुए बच्चों की तुलना में चार गुना अधिक होता है। वहीं गर्भवती महिला को इनमें से कोई एक समस्या, मोटापा अथवा मधुमेह होने पर बच्चों में ऑटिज्म का खतरा दोगुना होता है।

## क्या है ऑटिज्म



ऑटिज्म एक ऐसा रोग है, जिसमें रोगी बचपन से ही परिवार, समाज तथा बाहरी माहौल से जुड़ने की क्षमताओं को गंवा देता है। यह एक तरह का न्यूरोलॉजिकल डिसॉर्डर है, जो बातचीत और दूसरे लोगों से व्यवहार करने की क्षमता को सीमित कर देता है। इसे ऑटिस्टिक स्पैक्ट्रम डिसॉर्डर कहा जाता है, क्योंकि प्रत्येक बच्चे में इसके अलग-अलग लक्षण देखने को मिलते हैं। इनमें से कुछ बच्चे बहुत जीनियस होते हैं या उनका आईक्यू सामान्य बच्चों की तरह होता है, लेकिन उन्हें बोलने और सामाजिक व्यवहार में दिक्कत होती है। कुछ ऐसे भी होते हैं, जिन्हें सीखने-समझने में परेशानी होती है और वे बार-बार एक ही तरह का व्यवहार करते हैं।

## मेटाबालिक हेल्थ पर बुरा असर पड़ने का नतीजा

जनरल में प्रकाशित अपने लेख में कहा कि यह बहुत आश्चर्यजनक नहीं है। कई अध्ययनों में यह साबित हो चुका है कि गर्भावस्था के दौरान मोटापा और मधुमेह से भ्रूण के विकास और उनके मेटाबोलिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि गर्भवती महिलाओं में मोटापा और मधुमेह जन्म लेने वाले बच्चे के तंत्रिका तंत्र के विकास पर भी प्रभाव डालता है। अध्ययन से हालांकि यह साबित नहीं होता है कि मां का मोटापा और मधुमेह बच्चे में ऑटिज्म की बीमारी का कारण बन सकता है। डा. वांग का कहना है कि इसे साबित करने के लिए अभी और अध्ययन की जरूरत है।

## एक्टिव रहें, धीमी शुरुआत करें

जो लोग आमतौर पर कसरत नहीं करते, उन्हें धीमी शुरुआत करनी चाहिए। उन्हें अपनी गति और कसरत का वक्त भी धीरे-धीरे बढ़ाना चाहिए। हफ्ते में ढाई घंटे कोई शारीरिक गतिविधि करने का लक्ष्य बनाएं। इसके लिए चाहें तो वॉकिंग भी की जा सकती है। हफ्ते में पांच दिन रोजाना आधा घंटा पैदल चलना अच्छा रहेगा। इसके साथ ही अगर वक्त की कमी के चलते आप एक साथ तीस मिनट नहीं चल सकते हैं।



## नाखून चबाने से होती है ये लाइलाज बीमारी

हम अक्सर अपने आस-पास लोगों को नाखून और उसके आस-पास की स्किन चबाने देखते हैं। वैसे तो नाखून की स्किन चबाना हमें आम सी बात लगती हैं लेकिन शायद आप यह नहीं जानते कि इस गंदी आदत की वजह से हमारी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है। इससे पेट संबंधी परेशानी होना स्वाभाविक है। इससे पाचन शक्ति भी कमजोर होती है। नाखून चबाने से अन्य भयानक रोग भी हो सकते है।



# आइए समझें गुस्से का मनोविज्ञान

क्रोध एक प्राकृतिक भावना है। ईसा पूर्व 200 वर्षो से 200 ईसवी तक के काल के बीच लिखे गए नाट्य शास्त्र में क्रोध को एक 'रस' या नैसर्गिक भाव कहा गया है।

**अमेरिकन** फिजियोलॉजिकल एसोसिएशसन ने 'गुस्से को विपरीत परिस्थितियों के प्रति एक सहज अभिव्यक्ति कहा गया है। इस उग्र प्रदर्शन वाले भाव से हम अपने ऊपर लगे आरोपों से अपनी रक्षा करते हैं। लिहाजा अपनी अस्तित्व रक्षा के लिए क्रोध भी जरूरी होता है। आधुनिक जीवनशैली किसी भी व्यक्ति को तनाव में धकेल सकती है। अब जबकि हजारों लोगों को अपने रोजगार और घरों से हाथ धोना पड़ रहा है और यहां तक कि सेवानिवृत्त लोगों की सुरक्षित राशियां भी बाजारी उथल-पुथल के कारण गायब होती जा रही हैं - इस लिहाज से इस काल को 'ऐज ऑफ एनग्जाइटी' या व्यग्रता का युग कहा जा सकता है। इसके विपरीत, यह भी सच है कि कुछ लोग चाहे उनकी आर्थिक या पारिवारिक स्थिति कैसी भी हो, हमेशा तनाव में रहते हैं। दरअसल, वह पैदाइशी तनावग्रस्त होते हैं।





## क्या आपको गुस्से की समस्या है?

गुस्से को पहचानने की जरूरत है। लोगों को टाइप ए और टाइप बी पर्सनालिटी के आधार पर पहचानें। टाइप ए पर्सनालिटी के लोग वे होते हैं जिनकी किसी वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा ज्यादा तीव्र होती है। ऐसे लोगों को गुस्सा बहुत जल्दी आता है, वह जल्द ही धैर्य खो बैठते है। आप भी इस श्रेणी में आ सकते हैं, अगर आपमें ये बातें है

- धैर्य की कमी
- खाना जल्दी खाना
- बैचेनी
- काम-काज के दौरान चिड़चिड़ापन
- गुस्से के दौरान खुद को नुकसान पहुंचाना

## बेचैनी और तनाव भी बढ़ाते हैं क्रोध

तनाव डर से अलग होता है। इनसान या किसी अन्य जीवित प्राणी को डर उसके सामने मौजूद किसी चीज से लगता है। इसके विपरीत तनाव में व्यक्ति अपनी निर्णय करने की क्षमता को लेकर उलझा रहता है। व्यक्ति इस दौरान 'तब क्या होगा' के भंवर में फंसकर रह जाता है। लेकिन जब डर कामकाज से उलझने लगता है तो तनाव 'क्लीनिकल एनग्जाइटी डिसॉर्डर' का रूप ले लेता है, जिसके अपने कई रूप हैं जिनमें पैनिक, सोशल एनग्जाइटी, फोबिया, ऑब्सेसिव-कम्पलसिव, पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस और सबसे ऊपर एनग्जाइटी डिसॉर्डर हैं। चिंता दिमाग में एमिग्डला में अत्यधिक हलचल के कारण उत्पन्न होती है जो दिमाग के बीच का हिस्सा होता है। दिमाग का यह हिस्सा नएपन और किसी खतरे का सामना होने की सूरत में सजग होता है। अपने साधारण कामकाज के दौरान एमिग्डला नए वातावरण के प्रति शारीरिक क्रियात्मक उत्तर देता है। इस क्रिया में भावनात्मक अनुभवों की स्पष्ट यादें होती हैं। लेकिन कगान के अध्ययनों के मुताबिक विशिष्ट मानसिक बनावट वाले लोगों में एमिग्डला अतिक्रियात्मक होता है।

## गुस्से पर करें काबू

- गुस्से पर नियंत्रण रखने के लिए बेहतर है कि आप सकारात्मक और क्रिएटिव काम करें
- गुस्सा होने पर किसी म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट को बजाएं
- कमरे को साफ करें, पिक्चर देखने जाएं, थोड़ा घूम आएं
- कुछ भी ऐसा करें जिससे आपका ध्यान कुछ देर के लिए बंट जाएं
- मजाक तनाव दूर करने का सबसे बेहतर तरीका है।
- शोध दर्शाते हैं कि तनाव को दूर करने के लिए पानी पीना चाहिए। यह तनाव को दूर करता है
- समय पर खाना खाने से, कसरत करने से और पर्याप्त आराम करने से गुस्सा कम आता है
- योगा, मेडिटेशन और कांगनेटिव तकनीक भी तनाव और गुस्से को दूर करने में कारगर है

## ज्यादा टीवी देखना

हिंसक प्रोगाम देखना, क्राइम शो आदि बच्चों के मन-मस्तिष्क को पूरी तरह प्रभावित करते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि कई बार युवा हिंसा के प्रति संवेदनशील नहीं रहते और उन्हें किसी कार्य का प्रतिरोध करने के लिए गुस्सा नाजायज नहीं लगता।




## दिमाग को ठंडा रखें

अकसर गुस्से के दौरान किसी को समझाने के लिए कहा जाता है कि अपने दिमाग को ठंडा रखो। हाल ही एक शोध में एक बात सामने आई है कि अगर दिमाग को ठंडा रखा जा सकें तो हृदय और पक्षाघात के खतरों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। छात्र हैरिस ऐसे ही शोध में लगे हुए है। उन्होंने ऐसा कूल हेलमेट डिजाइन किया है जो कि हाइपरथैमिया को प्रेरित करने के काम आता है। आप भी इस बात से वाकिफ होंगे कि माथे पर ठंडा कपड़ा रखने से सिरदर्द में आराम मिलता है।

## ये हैं गुस्से के प्रमुख कारण

### नींद



सोना अचेतन की अवस्था होती है। सोने से शरीर के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। सोने के दौरान लगातार इस्तेमाल होने वाले मांसपेशियां और जोड़ रिकवर होते हैं। रक्तचाप कम होता है और हृदय गति कम होती है। उसी दौरान शरीर में ग्रोथ हार्मोन का स्रवण होता है। इस दौरान ही दिमाग रोजमर्रा की सूचनाओं को एकत्रित करने का काम करता है। तनाव, लंबे समय तक कार्य, जीवनशैली के कारण सोने की समस्याएं होती है। बिना पूरी नींद के दिमाग और शरीर सही तरीके से फंक्शन नहीं कर पाता। पर्याप्त नींद न लेने से कई तरह की बीमारियां होती है। स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त नींद और आराम आवश्यक है।

### पूरी नींद लें

- कॉफी, चाय, कोला, चॉकलेट का सेवन सीमा में करें। निकोटीन, एल्कोहल और कैफीन से आपकी नींद पूरी नहीं हो पाती।
- अपने दिमाग और शरीर को रिलैक्स होने का समय दें।
- मेडिटेशन करें, किताब पढ़ें, संगीत सुनें और एरोमाथेरेपी करें।
- सोने और जागने की दिनचर्या बनाएं।

**शारीरिक अवस्था**- कुछ स्थितियां जैसे कि एडीडी (एडिशन डेफिसिट डिअसॉर्डर)की वजह से लोग चिड़चिड़े और गुस्सैल हो जाते हैं। हार्मोनल असुंतलन और हृदय रोगों की वजह से भी लोग जल्दी आपा खो बैठते हैं।

### अकेलापन



किसी नई जगह पर अकेले रहना गुस्से का एक कारण होता है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि जिन लोगों के दोस्त कम होते हैं सामान्यतः उन्हें गुस्सा जल्दी आता है। ऐसे बच्चे जो कि न्यूक्लियर फैमिली में पैदा होते हैं और उनके माता या पिता में से कोई एक मानसिक रूप से पीड़ित होता है। मानसिक अनियमितता की वजह से वे गुस्सैल हो जाते हैं। वे गाली देने लगते हैं, भाई-बहन से मारपीट करने लगते हैं, चीजों को तोड़ते हैं। मनोचिकित्सकों का कहना है कि अगर आपका बच्चा गुस्सा ज्यादा करता है मतलब वह कहीं न कहीं हताश है।

### महत्वाकांक्षा

कारपोरेट दुनिया ने प्रगति के दो पैमाने बना दिए है पहला प्रदर्शन और दूसरा कम समय में काम को बेहतर तरीके से कर सकने की क्षमता। इस पैरामीटर पर खरा उतरने की कोशिश में कई बार लोग हताश और गुस्सैल प्रवृत्ति के हो जाते हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि दूसरों की भावनाओं की क्द्र न करना, लोगों के अभिवादनों के प्रति संवदेनशीलता कम होना, भौतिक सुख-साधनों को पाने का लालच ज्यादा बढ़ना हमेशा गुस्से का कारण बनता है। आज के दौर में कई प्रोफेशन ऐसे हो गए हैं जिनमें कई बार उपभोक्ताओं के गुस्से का सामना करना पड़ता है और उनकी सही-गलत बातों को मुस्कराकर सुनना पड़ता है। ऐसे में कई बार कुछ न कह सकने की हताशा गुस्से में परिणित हो जाती है।

### गुस्सा बिगाड़ता है सेहत

गुस्सा वातावरण को तो खराब करता ही है। आपकी सेहत को भी नुकसान पहुंचाता है। गुस्सैल लोगों के फेफड़ों का फंक्शन खराब करता है साथ ही इम्यून सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है।

इसकी वजह से आप तनाव से होने वाली बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। गुस्सैल व्यक्ति खुद को तो नुकसान पहुंचाता है, अपने आसपास के माहौल को भी बिगाड़ता है। एक बुरा पहलू ये है कि गुस्सा करने वाले व्यक्ति को इस बात का इल्म तक नहीं होता कि वह गुस्सा है लेकिन सुखद पक्ष ये है कि गुस्से को नियंत्रित और मैनेज किया जा सकता है।



# इस पैशन से पचास बीमारियां

**नौजवानों** का पैशन है बाइक ड्राइविंग। हैवी ट्रैफिक के बीच घंटों तेज रफ्तार में ड्राइविंग जिस्म पर भारी पड़ती है और दिमाग पर भी। शहरी बाइकर्स के लिए तो यह समस्या और अधिक है क्योंकि शहर की भीड़-भाड़ ड्राइविंग को न सिर्फ जोखिम भरा बना रही है, बल्कि सेहत पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। जिस्म और दिमाग दोनों इसके शिकार हो रहे हैं।एक अंदाजा है कि महानगरों में नौजवान रोजाना औसतन 60 से 100 किलोमीटर तक बाइक भगाते हैं। लड़कियां भी इस मामले में कहीं पीछे नहीं हैं। लड़कियां रोजाना 40 से 60 किलोमीटर तक गाड़ी चलाती हैं। अब तो स्कूल-कॉलेज जाने के लिए भी लड़के-लड़कियां दुपहिए दौड़ाने लगे हैं। इन सबका नतीजा यह हो रहा है कि छोटी उम्र में ही दस तरह की शारीरिक व मानसिक परेशानियां होने लगी हैं।



## आंखों को लगी नजर

बाइक सवारों की आंखों को बहुत कुछ झेलना पड़ता है जैसे धूप, हवा, धूल, धुआं और यहां तक कि हवा में उड़ने वाले कीट-पतंगे भी। आंखों में बहुत ज्यादा हवा, धूल, धूप लगने से 'टरेजियम' की समस्या पैदा हो जाती है। इससे आंखों से लिसलिसा पदार्थ निकलने लगता है जिसकी वजह से जलन, खुजली और लालिमा की समस्या पैदा हो जाती है। वहीं लगातार ड्राइव करने की वजह से आंखें शुष्क हो जाती हैं और उनमें जलन होने लगती है। कई बार ड्राइव करते समय दिखना भी बंद हो जाता है।

## टेढ़े बैठे तो नाजुक गर्दन गई

करीब दस हजार लोगों में शोध करने पर पाया गया कि गर्दन की समस्याएं अक्सर ठीक ढंग से सवारी (बॉडी का सही पॉस्चर न होना) न करने की वजह से होती हैं। इसमें हेल्मेट को ठीक से न पहनना एक बड़ा कारण माना जाता है। इसकी वजह से कभी-कभी गर्दन में दर्द होने लगता है। ऐसा खासकर तब होता है जब हेल्मेट सिर पर काफी आगे की तरफ हो। अगर हेल्मेट आगे की ओर से नीचे झुका हुआ है तो बाइक सवार को सामने देखने के लिए अपना सिर उठाकर रखना पड़ता है।

## कॉरपल टनल सिंड्रोम के लक्षण

- सिर एवं अंगुलियों में दर्द, हाथ एवं पैर की अंगुलियों में सिहरन, अंगुलियों का सुन्न होना, ग्रिप (पकड़) का ढीला होना, हाथों और कलाइयों में दर्द की शिकायत का बढ़ना आदि।

## बचाव के टिप्स

- लेटते समय अपने हाथ के नीचे तकिया रखें।
- अपने हाथों का अत्याधिक इस्तेमाल न करें।
- केवल एक ही हाथ से काम न करें।

## ऐसे करें बचाव

ज्यादा बाइक चलाने से होने वाले पीठ दर्द से बचा जा सकता है। लगातार एक घंटा बाइक चलाने से बचें। अगर किसी वजह से एक घंटे से अधिक बाइक चलानी पड़ भी रही है तो बीच में एक ब्रेक लें। रुक कर अपनी टांगों की स्ट्रैचिंग करें। ड्राइव करते वक्त अपनी पोजीशन समय समय पर बदलते रहें। ध्यान रखें कि ऐसा करते समय वाहन पर आपके नियंत्रण में कोई कमी न आए। रेड लाइट शरीर को आराम देने के लिए सही जगह है, जहां आप अपने हाथों, कंधों और पैरों को हिला-डुला कर उन्हें सुन्न होने से बचा सकते हैं।

## क्लच से कलाई का कबाड़ा

यह कलाई और हाथों में होने वाला एक दर्द विकार है। कॉरपल टनल हाथों की पतली हड्डियों और कलाई के ऊतकों द्वारा बनाई गई एक सुरंग है। यह सुरंग आपकी मंझली तंत्रिका की हिफाजत करती है। मंझली तंत्रिका अंगूठे, तजर्नी, मध्यमा और अनामिका तक संवेदन का अहसास कराती है, लेकिन जब कलाई की नाजुक हड्डियों और स्नायु पर दबाव पड़ता है तो सूजन बढ़ने लगती है। दबाव पड़ने की सूरत में इससे संबंधित विभिन्न हिस्से सुन्न पड़ने लगते हैं। बाइक चलाने वालों में यह समस्या अधिक देखने में आती है। अंगुलियों का सुन्न होना एक खतरनाक लक्षण है। अक्सर इसका संबंध कॉरपल टनल सिंड्रोम से होता है। बाइक चलाते समय कलाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## कैसे करें बचाव

- ड्राईविंग करते समय अपना पॉस्चर सही रखें।
- यह सुनिश्चित करें कि बाइक चलाते वक्त आपका हेल्मेट आपके सिर पर ठीक तरीके से फिट हो और उसका झुकाव आगे की ओर न हो।
- गाड़ी चलाते वक्त भारी बैग को अधिक समय तक एक ही कंधे पर ना लटकाए रहें। उसे दोनों कंधों पर बारी-बारी से टांगें।
- मसाज कराने और गर्म पानी से नहाने से रोगी को तात्कालिक आराम मिल सकता है।
- पर्याप्त मात्र में कैल्शियम और विटामिन डी लेना चाहिए तथा नियमित रूप से व्यायाम करें।
- यदि आपके कंधे में सूजन, अंगुली में झनझनाहट, गर्दन दर्द या सिर दर्द है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें क्योंकि इसका संबंध आपकी बाइक ड्राइविंग से हो सकता है।

## रेसिपी

### सोया दही वड़ा!



**सामग्री**

1 कप सोयाबीन सोया बड़ी, 2 - आलू ( उबलें ), 1 - प्याज ( बारीक कटा हुआ ) , 2 - हरी मिर्च ( बारीक कटी हुई ) , 1 टीस्पून गरम मसाला पाउडर , 1/4 टी स्पून अदरक कूटा हुआ , 1/4 कप ब्रेड , क्रम्ब्स स्वादानुसार,नमक , दही के लिए सामग्री, 1 टीस्पून राई ,1 टीस्पून उडद दाल, 1 टीस्पून अदरक, कद्दूकस किया हुआ, 7-8 करीपत्ते , 2 कप बटरमिल्क ,4 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर , आधा टीस्पून चाट, मसाला , तेल व घी

**विधि**

एक बाउल लें उसमे स्टफिंग की सभी सामग्री को अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण के छोटे-छोटे गोले बना लें। अब इन गोलों को सुनहरा होने तक सेंकें। अब तैयार गोलों को अलग रख दें। अब एक पैन ले इसमें घी डालें और गर्म होने पर राई डाले। फिर इसमें उडद दाल, करीपत्ता डालें। फिर इसे भी अलग रख दें। अब दही का मिश्रण तैयार करने के लिए बटरमिल्क को अच्छे से फेंट लें फिर इसमें सभी मसाले और नमक को अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को बाउल में डालकर इसमें तैयार गोलों को डालें। ऊपर से इसमें इमली की चटनी डालें और 20 मिनट के लिए फ्रिज में रखे। अब लाल मिर्च पाउडर और चाट मसाला से गार्निशें करके सर्व करें।

### आलू की खीर



**सामग्री**

दूध आधा लीटर
आलू 1
शक्कर स्वादानुसार
थोड़ा सा केसर
मिक्स ड्रायफ्रूट्स 2 टेबलस्पून कटे हुए

**विधि**

सबसे पहले दूध को गाढा होने तक उबालते रहें। अब आलू को मीडियम साइज में काट लें। आलू को काटने के बाद में इनहें घी में लाइट फ्राई करें। अब इसमें केसर व शक्कर मिलाकर शक्कर के पिघलने तक पकाएं। फ्राई किए हुए आलू व ड्रायफ्रूट्स मिलाकर 5 मिनट तक पकाएं। अब आलू की खीर को फ्रिज में ठंडा करने के लिए रखें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**